www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 4 मई, 2025

वर्ष – 18 | अंक –28 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य
पत्थर का शहज़ादा पृष्ठ 06
'काला बिछुआ', औषधीय गुणों से है भरपूर पृष्ठ 10

जाति जनगणना कराने में न हो विलम्ब : तेजस्वी पृष्ठ 02

■ दिल्ली कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए सभी को...
■ निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगेगी... 03

■ पाक की आर्थिक रीढ़ तोड़ने की तैयारी में भारत
■ इजरायल ने सीरिया की दमिश्क, मध्य व पश्चिमी प्रांतों ... 07

# भारत ने पाकिस्तान से सभी आयात पर प्रतिबंध लगाया

## पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच लिया फैसला

■ तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रहेगा प्रतिबंधित

■ किसी भी अपवाद के लिए पूर्व स्वीकृति जरूरी होगी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान से सभी प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यातित सभी वस्तुओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हों या अन्यथा अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। अधिसूचना में कहा गया, यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। इस प्रतिबंध में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

2 मई की अधिसूचना में कहा गया कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, ताकि 'पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जा सके।'

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 और फरवरी 2025 के बीच भारत का पाकिस्तान को निर्यात साल-दर-साल 56.91 प्रतिशत घटकर 491 मिलियन डॉलर रह गया। जबकि कोई आयात नहीं हुआ। वित्त वर्ष 2025 में पाकिस्तान को किए गए शीर्ष निर्यात में ड्रग फॉर्मूलेशन, चीनी, थोक दवाएं, अवशिष्ट रसायन और ऑटो घटक शामिल थे। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एकमात्र व्यापार मार्ग अटारी-वाघा सीमा को पहले ही बंद कर दिया गया था।



### मेल और पार्सल पर भी रोक लगाई

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार को हवाई और जमीनी मार्गों के जरिए पाकिस्तान से आने वाले मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने की घोषणा की। इससे पहले दिन में सभी आयातों पर प्रतिबंध लगा दिया गया और पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों को बंदरगाहों में प्रवेश करने से रोक दिया गया। संचार मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर पड़ोसी देश से मेल और पार्सल का आवागमन निलंबित करने की घोषणा की है।

### उमर अब्दुल्ला व नौसेना प्रमुख से मिले मोदी



पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पहली बार दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बातचीत हुई। इसके बाद नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी मिलने पहुंचे। पीएम आवास पर यह बैठक हुई। यह बैठक करीब 5 से 7 मिनट तक चली।

अंगोला के राष्ट्रपति के साथ संवाददाता सम्मेलन में बोले मोदी

## आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि भारत आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह बयान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ हम पूरी तरह एकजुट हैं। मैं पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए राष्ट्रपति



लौरेंको और अंगोला के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उसे धन्यवाद देते हैं।

मणिपुर हिंसा के 2 साल पूरे

## मणिपुर से मोदी की दूरी बरकरार : कांग्रेस



3 महीने से राज्य में है राष्ट्रपति शासन

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। मणिपुर में दो समुदायों के बीच हिंसा के 3 मई को दो साल पूरे हो गए। इसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा, 'पीएम मोदी मणिपुर से दूरी बनाए हुए हैं। गृह मंत्री अमित शाह राज्य की स्थिति संभालने में विफल साबित हुए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन जारी है, लेकिन मौजूदा विधानसभा भंग नहीं, सिर्फ निलंबित है। कई नागरिक संगठन इसके विरोध में हैं। सियासी ताकत पूर्व सीएम वीरेन सिंह के हाथ में है, क्योंकि यहां भाजपा बिखरी हुई है।

**70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित**

3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं।

### सरकारी कार्यालय व दूसरे संस्थान बंद रहे

*शनिवार को मैतेई नियंत्रित इम्फाल घाटी में मैतेई समूह समन्वय समिति मणिपुर अखंडता और जोमी छात्र संघ , कुकी छात्र संगठन ने पहाड़ी जिलों में बंद बुलाया। इस दौरान पूरे राज्य में सभी स्कूल-कॉलेज, सरकारी कार्यालय और दूसरे संस्थान बंद रहे। कुकी समुदाय आज के दिन को डे ऑफ आइसोलेशन के रूप में मनाया। राज्य में तनाव को देखते हुए सुरक्षाबलों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी।*

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं जिसमें साहस, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले बालकों को सम्मानित किया जाता है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने यह जानकादी दी। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### पहलगाम के पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे सरकार : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक की है। पहलगाम की घटना ने हम सभी को झकझोर दिया है। पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से मुआवजा मिलना चाहिए। हम चाहते हैं कि सरकार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे।

### केदारनाथ में पहले दिन 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**केदारनाथ।** श्री केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के बाद पहले ही दिन दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। पहले दिन रिकॉर्ड 30,154 तीर्थ यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार शाम 7 बजे तक 19,196 पुरुष, 10,597 महिलाएं और 361 बच्चों सहित कुल 30,154 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

## टिकैत के समर्थन में उतरा किसानों का सैलाब

### हाथापाई की घटना के बाद आयोजित की गई थी महापंचायत

**मुजफ्फरनगर,** 3 मई (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शुक्रवार को मुजफ्फरनगर में निकाली गई आक्रोश रैली के दौरान किसान नेता राकेश टिकैत के साथ हाथापाई और धक्कामुक्की की घटना के बाद भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) ने शनिवार को मुजफ्फरनगर में पंचायत बुलाई और अपनी एकता का प्रदर्शन किया। पंचायत में हजारों लोग पहुंचे और राकेश टिकैत को मंच पर पगड़ी पहनाकर एकता का प्रदर्शन किया।

पंचायत के बाद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की पंचायत ने सफलतापूर्वक किसानों के बीच



राकेश टिकैत को मंच पर पगड़ी पहनाकर एकता का प्रदर्शन किया

एकता का प्रदर्शन किया। किसान नेता और बालियान खाप के प्रमुख नरेश टिकैत ने कहा, 'आपातकालीन आह्वान के बावजूद, विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हजारों लोग पंचायत में शामिल हुए।' नरेश टिकैत ने कहा, पंचायत का उद्देश्य एकता प्रदर्शित करना था, तत्काल कोई निर्णय लेना नहीं था।

उन्होंने कहा, पंचायत ने किसी विशेष प्रस्ताव की घोषणा नहीं की। पंचायत में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल दोनों के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। साल 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो गया था।

### सपा-रालोद नेता रहे मौजूद

किसान-मजदूर सम्मान कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक अतुल प्रधान, केराना से सांसद इकरा हसन, रालोद विधायक राजपाल बालियान, और मदन भैया समेत कई प्रमुख नेता एवं सर्व समाज के लोग मंच पर मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक तरीके से तहव्वुर राणा की पोल खोलेगी एनआईए

### एनआईए ने 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉइस और हैंडराइटिंग सैंपल लिए

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। एनआईए ने शनिवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की आवाज और हैंडराइटिंग के नमूने लिए । आवाज के नमूने एनआईए मुख्यालय में लिए गए और हैंडराइटिंग के नमूने लंच के बाद पटियाला हाउस कोर्ट में लिए।

एनआईए कोर्ट ने 30 अप्रैल गुरुवार को तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की अनुमति दी थी। हालांकि राणा के वकील ने इसका विरोध किया था। कहा था कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। लेकिन एनआईए ने अदालत से कहा कि राणा की पुरानी फोन कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर उनकी आवाज को वैज्ञानिक रूप से सत्यापित करना आवश्यक है। एनआईए कोर्ट ने इस दलील को मान लिया और सैंपल लेने की अनुमति पर मुहर लगा दी थी। सूत्रों का कहना है कि राणा ने अभी तक इस हमले के बारे में वह सुराग नहीं उगले हैं, जिनकी एनआईए को तलाश है। राणा के पूछताछ में सहयोग ना करते देख एनआईए ने अदालत से उसके वॉयस और हैंड राइटिंग सैंपल लेने की अनुमति मांगी थी। जांच दल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एनआईए के पास तहव्वुर राणा की कुछ सीसीटीवी फुटेज के अलावा फोन पर की गई बातें भी रिकॉर्ड हैं। जिनका इस हमले से डायरेक्ट लिंक है। राणा का वॉयस सैंपल लेकर उसकी आवाज को साइंटिफिक तरीके से सबूत के तौर पर पेश करने के लिए यह मिलान करना जरूरी है। इसी वजह से उसका यह सैंपल लिया गया । दूसरे उसकी हैंड राइटिंग लेकर भी कुछ संदिग्ध दस्तावेजों को उसकी लिखाई से मिलान कराना है।

अमेरिका से भारत लाने के बाद एनआईए तहव्वुर राणा से लगातार पूछताछ कर रही है। पहले दिन से ही राणा ने अपनी इस हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी से दोस्ती तो कबूली है। लेकिन मुंबई हमले में वह अपना हाथ होने से लगातार इनकार कर रहा है। अब एनआईए उसके वॉयस और हैंड राइटिंग सैंपल से साजिश का खुलासा करने की कोशिश करेगी।

■ जांच में सहयोग नहीं कर रहा तहव्वुर राणा

■ हमलों में अपना हाथ होने से इनकार कर रहा



### 10 मई तक एनआईए की हिरासत में है

जान लें कि तहव्वुर राणा 10 मई तक एनआईए की हिरासत में हैं। जानकारों का कहना है कि इसके बाद उनकी हिरासत बढ़ना मुश्किल हो सकता है। इससे पहले जांच एजेंसी को सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर लेनी होंगी। माना जा रहा है कि 10 मई को राणा को तिहाड़ जेल की उच्च सुरक्षा वाली सेल में स्थानांतरित किया जा सकता है।

## अब अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहेगा सेना का पूरा जोर

### दक्षिण कश्मीर में आतंकी हमले तेज होने की चेतावनी मिल रही

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 मई (देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के उपरांत आने वाले दिनों में दक्षिण कश्मीर में आतंकी हमले तेज होने की चेतावनी दी जा रही है। ऐसे में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा चिंता का कारण बनती जा रही है क्योंकि यह दक्षिण कश्मीर में ही संपन्न होती है। अतः इसे फूल प्रूफ बनाने को सेना भी पूरी तरह से मैदान में उतरने की तैयारी में है। उसका सारा जोर दक्षिण कश्मीर में होगा जहां अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले लाखों श्रद्धालु आएंगें और चिंता की बात यह है कि ताजा आतंकी हमलों, आतंकी गतिविधियों तथा पत्थरबाजों का गढ़ भी हमेशा दक्षिण कश्मीर ही रहा है। रक्षा सूत्रों ने माना है कि 3 जुलाई से आरंभ होने जा रही अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने हजारों सैनिकों को दक्षिण कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में व्याप्क तलाशी अभियान आरंभ करने की तैयारी करने को कहा गया है।



3 जुलाई से आरंभ होने जा रही है यात्रा

इन अभियानों का लक्ष्य 'तलाश करो और मार डालो' ही होगा। अभी तक यही होता आया था कि सेना अमरनाथ यात्रा की शुरूआत से पहले आतंकियों को क्षेत्र से भगाने का अभियान छेड़ती थी लेकिन अब रणनीति को बदल दिया गया है।

अगर रक्षा धिकारियों की मानें तो दक्षिण कश्मीर समेत अन्य इलाकों में तेज होते आतंकी हमले आतंकियों की उस हताशा का परिणाम था जो सेना के 'तलाश करो और मार डालो' अभियान से उनमें फैली हुई है। खबरों के मुताबिक, अमरनाथ गुफा के रास्तों पर सेना के जवानों की तैनाती का कार्य विपरीत मौसम के बावजूद इस बार जल्दी ही आरंभ हो जाएगा। और सेना तैनाती से पूर्व क्षेत्र को आतंकियों से मुक्त कर लेना चाहती है। आधिकारिक तौर पर 70 हजार से अधिक अर्ध सैनिक बलों को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की खातिर तैनात किया जाएगा। इनमें सेना के जवानों की गिनती नहीं होगी और न ही प्रदेश पुलिस के जवानों की।

## गोवा में धार्मिक यात्रा में भगदड़, 7 की मौत 50 घायल

### बिजली का तार गिरने से मची भगदड़, एक-दूसरे पर गिरे लोग

**पणजी,** 3 मई (एजेंसियां)। गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई। जानकारी शनिवार सुबह आई है। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें 20 गंभीर हैं। राहत-बचाव कार्य जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने



■ बीस की हालत है गंभीर

■ मुख्यमंत्री ने जताया दुख

बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्री लैराई जात्रा नॉर्थ गोवा के बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक उत्सव है। जात्रा हर साल अप्रैल या मई में होती है। इसमें गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु आते हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घायलों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा किया।

## श्रीलंका ने तमिलनाडु के 25 मछुआरों को किया रिहा

दो महीने से ज्यादा हिरासत में रहे

**चेन्नई,** 3 मई (एजेंसियां)। श्रीलंकाई तटरक्षक बल द्वारा इस साल 23 फरवरी को गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के 25 मछुआरे श्रीलंका की एक अदालत से रिहाई के आदेश के बाद शनिवार को स्वदेश लौट आए। दो महीने से ज्यादा हिरासत में रहने के बाद ये मछुआरे एयर इंडिया की फ्लाइट से कोलंबो से चेन्नई पहुंचे। मछुआरों को उनके गृहनगर तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने परिवहन की व्यवस्था की थी। रामेश्वरम के रहने वाले ये मछुआरे मोटर चालित नावों में मछली पकड़ने के लिए निकले थे और गलती से मंडपम क्षेत्र में पहुंच गए थे। श्रीलंकाई तटरक्षक बल के गश्ती दल ने आधी रात में उन्हें रोका और आरोप लगाया कि मछुआरे पड़ोसी देश की समुद्री सीमा में प्रवेश कर गए हैं।

बैठक — *राजग को रोकने के लिए हो रही तैयारी*

## पटना में आज फिर जुट रहे महागठबंधन के नेता

**पटना, 3 मई (देशबन्धु)। पटना में रविवार 4 मई को बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की एक और अहम बैठक होने जा रही है। ये मीटिंग दीघा रिजॉर्ट में है। बैठक में महागठबंधन के सभी छह दल आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई एमएल, सीपीआई, सीपीएम मौजूद रहेंगे. राजद से तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और वाम दलों के नेता भी रहेंगे।**

बैठक में महागठबंधन में शामिल दलों के विधायक, विधान पार्षद और जिलाध्यक्ष भी रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता महागठबंधन कार्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष तेजस्वी यादव करेंगे। बैठक में कार्डिनेशन कमेटी में शामिल विभिन्न दलों के सदस्य भी रहेंगे।

**चुनावी मुद्दों पर मंथन होगा**

सभी जिलों में महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच पूरी तरह तालमेल कैसे रहे इस पर चर्चा होगी। चुनावी मुद्दों पर मंथन होगा। चुनावी रणनीति बनेगी। बैठक में कार्डिनेशन कमेटी के सहयोग के लिए उप कमेटियों का गठन भी हो सकता है। अलग से चुनावी घोषणा पत्र पर सहयोगी दलों के साथ संवाद हो सकता है। पटना में महागठबंधन के घटक दलों ने इस बार अपने विधायकों और सांसदों को भी बैठक में बुलाया है।



■ सभी छह दलों के नेता रहेंगे मौजूद

### अब तक दो बैठकें हो चुकीं

आरजेडी तेजस्वी यादव को महागठबंधन का सीएम कैंडिडेट बताती तो है, लेकिन कांग्रेस की सहमति नहीं है। इससे पहले बिहार चुनाव को लेकर अब तक दो बैठकें हो चुकी है। 17 अप्रैल को आरजेडी दफ्तर में और 24 अप्रैल को कांग्रेस दफ्तर में हुई थी। इन बैठकों में भी ये साफ नहीं हो पाया कि सीएम बाद में तय होगा या तेजस्वी ही रहेंगे। बहरहाल अब इस तीसरी मीटिंग पर सबकी निगाहें टिकीं है। बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# देश

**उवाच**

सिंधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी।

–मनीष साहनी



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 23.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 30.0 |

# भारत का पाक से सभी आयात–निर्यात पर प्रतिबंध सही कदम : हरीश रावत

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार के फैसले का किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान से सभी आयात-निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का समर्थन किया। रावत ने इसे एक अच्छा और आवश्यक कदम बताया। हरीश रावत ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे नागरिकों का खून बहाया है।

ऐसे देश से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखा जाना चाहिए। देश इससे भी कठोर कदमों की अपेक्षा कर रहा है। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए हर संभव प्रहार किया जाना चाहिए। हमने सरकार से कहा है कि आप पाकिस्तान के खिलाफ जो भी कदम उठाएंगे, हम उसके साथ हैं। रावत ने कहा कि हमने सरकार से कहा है कि हम उनके साथ हैं। ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे आतंकवादी नेटवर्क तबाह हो और पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार हो। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए हर जरूरी कदम का समर्थन किया जाएगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने को लेकर सवाल किए जाने पर रावत ने कहा कि यह वक्त पुराने इतिहास को टटोलने का नहीं है। यह समय राष्ट्रीय एकता दिखाने का है।



पाकिस्तान ने हमारे नागरिकों का खून बहाया है ऐसे देश से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखा जाना चाहिए : हरीश रावत

हमारी पार्टी की आधिकारिक लाइन स्पष्ट है कि हम सरकार के आतंकवाद विरोधी हर कदम के साथ खड़े हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी साफ तौर पर कह चुकी है कि हम एकजुट हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा द्वारा कांग्रेस पर सेना का मनोबल तोड़ने के आरोप पर हरीश रावत ने कहा कि सत्ताधारी दल के प्रवक्ता को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। जब पूरा देश एकजुटता दिखा रहा है, तब वह ऐसा बयान देकर क्या यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत में मतभेद हैं। उन्होंने पात्रा के उस बयान को भी गैर जिम्मेदाराना बताया, जिसमें कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी को पीडब्ल्यूसी-पाकिस्तान वर्किंग कमेटी कहा गया। उन्होंने कहा कि यह अपमानजनक है और दर्शाता है कि भाजपा अब भी राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता से खेल रही है।

## सरकार ने घाटी में अमन-चैन का वादा किया था लेकिन वह विफल रही : अधीर रंजन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सांसद एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगने का मुद्दा गरमाया हुआ है। इस बीच शनिवार को दिग्गज कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने पहलगाम हमले को लेकर सरकार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने घाटी में अमन-चैन का वादा किया था, लेकिन वह विफल रही। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी को ऐसा लगा होगा, इसलिए वो बोल रहे हैं। लेकिन उस समय सरकार ने पाकिस्तान को जैसा सबक सिखाने का दावा किया था, वैसा नहीं किया गया। घाटी में आतंकवाद खत्म करने का दावा हवा हवाई ही साबित हुआ। सरकार की ओर से आतंकवाद के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण ही आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सरकार की लापरवाही से उसी घाटी में 26 सैलानियों की धर्म के आधार पर चुन-चुन हत्या कर दी गई। सरकार ने पूरी दुनिया के सामने घाटी में अमन-चैन लाने का जो वादा किया था, उसे पूरा करने में विफल हुई।

## अरुणाचल में डकैती गिरोह का भंडाफोड़

**ईटानगर,** 3 मई (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के बांदरदेवा पुलिस ने कारसिंगसा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-415 पर राजमार्ग डकैती की घटनाओं में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से, कई पीड़ितों ने कहा है कि दोपहिया वाहनों पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा किया और इनर लाइन परमिट तथा अन्य अवैध पदार्थों की जांच के बहाने उन्हें चाकू की नोंक पर लूट लिया। एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात राजमार्ग लुटेरों का पता लगाने के लिए नाहरलागुन एसडीपीओ ऋषि लोंगडो और इंस्पेक्टर किपा हमाक, ओसी बांदरदेवा पीएस की देखरेख में एसआई कोज टाडा, हेड कांस्टेबल ताड़े बोमडोम, चेरा अचा और कांस्टेबल रिनचिन त्सेरिंग की एक विशेष जांच टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर, टीम ने एक मई को कार्सिंगसा में दो संदिग्धों को ट्रैक किया और उन्हें रोका, जहां उन्होंने एक और डकैती का प्रयास किया था। एक आरोपी भागने में कामयाब रहा लेकिन इटानगर के गंगा निवासी 19 वर्षीय पाटे बगांग पकड़ा गया।

# जम्मू-कश्मीर ने कभी पाकिस्तान का साथ नहीं दिया और न देगा : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 3 मई (एजेंसियां)। शनिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील की और पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अब्दुल्ला ने कहा अब घड़ा भर गया है, अब आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा।

जम्मू-कश्मीर ने कभी पाकिस्तान का साथ नहीं दिया और न ही कभी देगा। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उस दुल्हन से कहना चाहता हूं जिसकी शादी को सिर्फ छह दिन हुए थे, उस बच्चे से जिसने अपने पिता को खून से



■ नेका प्रमुख ने की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील

लथपथ देखा, हम भी रोए, हम भी खाना नहीं खाया। ऐसे राक्षस अभी भी जीवित हैं जो लोगों को मार डालते हैं। वे मनुष्य नहीं हैं। और वे खुद को मुसलमान बताते हैं, मैं नहीं मानता कि वे मुसलमान हैं। आतंकवाद के कारण अपनों को खो चुके परिवारों के साथ हम खड़े हैं। मैं उन्हें यकीन दिलाता हूं कि यह कुर्बानियां व्यर्थ नहीं जाएंगी। हर एक को दंड मिलेगा। हम इसे पिछले 35 वर्षों से देख रहे हैं, लेकिन वे जीत नहीं पाए हैं और न कभी जीत पाएंगे।

गांधी का देश भारत है। हां, आज हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि हम पानी को रोक सकते हैं, लेकिन हम क्रूर नहीं हैं। उन्होंने अपने ही लोगों पर अत्याचार किए हैं। बलूचिस्तान और सिंध की हालत देखें। उन्होंने कहा कि वे अपने देश को बचा नहीं पाए, हमारे देश को बर्बाद करना चाहते हैं। हमले के बाद पहलगाम में पर्यटकों से मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें साहस मिला।

### सिंधु जल संधि पर उठाया सवाल

फारूक अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि की भी आलोचना की और सीमा पार की हिंसा को खत्म करने की मांग की। उनका कहना था कि जम्मू-कश्मीर के लोगों से कोई राय नहीं ली गई थी जब यह संधि बनाई गई थी। इस संधि से जम्मू-कश्मीर सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। हमें बिजलीघर नहीं बनाने की अनुमति है। पानी की एक बाल्टी लेने के लिए हमें पूछना पड़ता है। मैं भारत सरकार से अपील करता हूं कि उस पानी का कुछ हिस्सा जम्मू के लोगों के लिए लाया जाए। अमरनाथ यात्रा को लेकर उन्होंने कहा अमरनाथ यात्रा पर आने वालों को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अमरनाथ स्वयं उनकी रक्षा करेंगे।

## सार संक्षेप

### शैव सिद्धांत तमिल संस्कृति का रत्न : मोदी

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां कहा कि शैव सिद्धांत तमिल संस्कृति का एक रत्न है, जिसमें आध्यात्मिक साहित्य की सुंदर कृतियां और विभिन्न आधीनमों का सामाजिक योगदान शामिल है। मोदी ने तिरुकायिलया परम्परा धर्मपुरम अधीनम के अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत अनुसंधान संस्थान, धर्मपुरम और शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन के संदेश में कहा कि तमिलनाडु भारत की आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमुख केंद्र रहा है।

### जम्मू-कश्मीर में पाक ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार सुबह कहा कि शुक्रवार देर रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया। इससे पहले दो मई को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था।

### बिहार के जमुई जिले में दो नक्सली गिरफ्तार

**जमुई।** बिहार में उग्रवाद प्रभावित जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की देर रात सूचना मिली थी कि करमटांड गांव में दो नक्सली छुपे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करमटांड गांव में छापेमारी की। इस दौरान दो नक्सली हरि यादव उर्फ हरिलाल यादव और नरेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सलियों के विरुद्ध जिले के बरहट थाना में कई उग्रवादी मामले दर्ज हैं।

### अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस की मीडिया के बंधुओं को शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोकतंत्र, एकता व प्रगति के लिए ऐसी पत्रकारिता की जरूरत है, जो सतर्क होने के साथ प्रत्येक मायने में स्वंतत्र भी हो। पत्रकार बंधु चुनौतियों के बीच कर्तव्य पथ पर गतिमान रहते हुए राष्ट्रसेवा में सतत् सहभागी बने रहें, यही कामना है।

## हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी ममता

**कोलकाता,** 3 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा के बाद की स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पांच मई को मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों सुती और शमशेरगंज का दौरा करेंगी। मुख्यमंत्री का दौरा वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हो रहा है, जिसमें पिछले महीने तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। जिला प्रशासन के अनुसार, मुख्यमंत्री चार मई की शाम को बेहरामपुर सर्किट हाउस पहुंचेंगी। पांच मई को वह सुति के छबघाटी केडी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगी और धुलियान तथा शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगी। यह बनर्जी की इस क्षेत्र में 20 जनवरी के बाद पहली यात्रा होगी। वह हिंसा में क्षतिग्रस्त 316 घरों के प्रभावितों को बंगला आवास योजना के तहत सहायता वितरित करेंगी। मुख्यमंत्री ने मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि को मंजूरी दी और वादा किया कि राज्य सरकार उनके बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगी। पश्चिम मेदिनीपुर के गोलतोर में एक कार्यक्रम में बनर्जी ने हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और आरोप लगाया कि इसमें बाहरी तत्वों और कुछ स्थानीय लोगों की मिलीभगत थी। उन्होंने हालात सामान्य होने पर मुर्शिदाबाद जाने का वादा भी किया था।



वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हो रहा दौरा

# जाति जनगणना कराने में न हो विलम्ब : तेजस्वी

## जाति जनगणना को लेकर मोदी को लिखे पत्र को किया साझा

**पटना,** 3 मई (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि केंद्र सरकार को जाति जनगणना कराने के निर्णय को अमली जामा पहनाने में बिल्कुल भी विलम्ब नहीं करना चाहिए। यादव ने जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र को सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा करते हुए लिखा, जाति जनगणना कराने का निर्णय हमारे देश की समानता की यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण हो सकता है।

इस जनगणना के लिए संघर्ष करने वाले लाखों लोग केवल आंकड़ों की नहीं बल्कि सम्मान और सशक्तिकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में कई मांगें भी रखीं जिसमें निजी क्षेत्र में आरक्षण, ठेकेदारी में आरक्षण, न्यायपालिका में आरक्षण, जाति जनगणना के आंकड़ों के आधार पर आनुपातिक आरक्षण और लंबित मंडल आयोग का पूर्ण कार्यान्वयन शामिल है। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में लिखा, देश भर में जाति जनगणना कराने की आपकी सरकार की हाल की घोषणा के बाद मैं आज आपको सतर्क आशावाद की भावना के साथ लिख रहा हूं। वर्षों से आपकी सरकार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन ने जाति जनगणना की मांग को विभाजनकारी और अनावश्यक बताकर खारिज कर दिया था। यादव ने पत्र में बिहार द्वारा अपने स्तर पर शुरू किए गए जाति सर्वेक्षण पर केंद्र सरकार की ओर किए गए प्रश्नों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब बिहार ने अपने संसाधनों से जाति सर्वेक्षण कराने की पहल की तो केंद्र सरकार और उसके शीर्ष कानून अधिकारी ने हर कदम पर बाधाएं खड़ी कीं।



जाति जनगणना कराने का निर्णय हमारे देश की समानता की यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण हो सकता है : तेजस्वी यादव

आपकी पार्टी के सहयोगियों ने इस तरह के डेटा संग्रह की आवश्यकता पर ही सवाल उठाया। अनेक प्रकार कि फूहड़ और अशोभनीय टिप्पणियां कि गयी। आपका विलंबित निर्णय उन नागरिकों की मांगों की व्यापकता को स्वीकार करता है, जिन्हें लंबे समय से हमारे समाज के हाशिये पर रखा गया है। नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि बिहार के जाति सर्वेक्षण ने, जिसमें पता चला कि अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग हमारे राज्य की आबादी का लगभग 63 प्रतिशत हिस्सा हैं, यथास्थिति बनाए रखने के लिए फैलाए गए कई मिथकों को तोड़ दिया।

### जाति जनगणना सामाजिक न्याय की लंबी यात्रा का पहला कदम : राजद

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने जाति जनगणना कराने को सामाजिक न्याय की लंबी यात्रा का पहला कदम बताते हुए कहा कि जनगणना के आंकड़ों से सामाजिक सुरक्षा और आरक्षण के दायरे को आबादी के अनुरूप बढ़ाने का ध्येय भी इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। एक देश के रूप में, हमारे पास आगामी परिसीमन में कई प्रकार के अन्याय को ठीक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण जनगणना के आंकड़ों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। ओबीसी और ईबीसी का निर्णय लेने वाले संस्थानों में पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। राज्य विधानसभाओं और भारत की संसद में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत के आधार पर इन वंचित समूहों को सम्मिलित किया जाना होगा।

# भाजपा ने विकास करने के बजाय उत्तर प्रदेश को विनाश की ओर धकेला : अखिलेश यादव

## समाजवादी सरकार के विकासकार्यों को बर्बाद करने करने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 3 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी सरकार में प्रदेश में हुए विकास कार्यों की आज भी देश दुनिया में सराहना हो रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है। यादव ने शनिवार को यहां जारी बयान में भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के विकासकार्यों को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया।

भाजपा ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है। प्रदेश की जनता एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का इंतजार कर रही है। वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर विकास के रुके कार्य फिर शुरू होंगे। प्रदेश में खुशहाली आएगी और नए विकास की नींव रखी जाएगी। समाजवादी सरकार ने लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम, आधुनिक सुविधाओं से लैस पुलिस मुख्यालय की सिग्नेचर बिल्डिंग, एशिया का सबसे बड़ा पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क, विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो रेल, विश्वस्तरीय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे देश का पहला एक्सप्रेस-वे है जिस पर सेना के लड़ाकू विमान उतारने के लिए हवाई पट्टी बनाई गई। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण रिकार्ड 23 महीने में पूरा हुआ।



### भाजपा सरकार ने सभी विकास कार्य रोके

सपा नेता ने कहा कि समाजवादी सरकार में जिलों को जोड़ने के लिए फोरलेन सड़कें बनाई गई लेकिन भाजपा सरकार ने सभी विकास कार्य रोक दिए। इसी तरह से समाजवादी सरकार में बनाए गए आईटी सिटी की कम्पनियों में पढ़े लिखे हजारों नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। समाजवादी सरकार ने प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम किया। किसानों के लिए मंडिया बनाई।

## झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने की हेमंत सोरेन से भेंट



**रांची,** 3 मई (एजेंसियां)। झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री को उनके सफल विदेश दौरे तथा झारखंड में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. अंसारी ने जमशेदपुर एवं कोडरमा जिले के दौरे की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी और विभागीय गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने डॉ. अंसारी को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और उस दिशा में कार्य करते हुए कार्य निष्पादन को और बेहतर करने का निर्देश भी दिया।

# किसानों को एमएसपी देने में आंध्र सरकार विफल : जगन

## नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बोला हमला

**विजयवाड़ा,** 3 मई (एजेंसियां)। आन्ध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने में विफल रही है, जिससे किसानों को विरोध प्रदर्शन करने और वित्तीय बर्बादी का सामना करना पड़ा है। रेड्डी ने सोशल मीडिया एक्स पर नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर किसानों की दुर्दशा की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि किसान कर्ज में डूब रहे हैं, लागत वसूल नहीं कर पा रहे हैं, जबकि सरकार उनकी तरफ देखती तक नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापक आंदोलन के बावजूद मुख्यमंत्री और उनका प्रशासन भारी कर्ज के बीच अपने निवेश की वसूली के लिए संघर्ष कर रहे किसानों की दुर्दशा की



अनदेखी कर रहा है, साथ उनकी प्रति कम सहानुभूति दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि मिर्च, कपास, ज्वार, लाल चना, काला चना, हरा चना, मक्का, बाजरा, रागी, मूंगफली, टमाटर, केला, गन्ना और तंबाकू जैसी फसलों को एमएसपी से काफी कम कीमत मिल रही है, जिससे किसान असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बाजार में हस्तक्षेप करने या कीमतों को स्थिर करने की जिम्मेदारी लेने में विफल रही, इसके बजाय उसने भ्रामक रणनीति का इस्तेमाल किया जिससे उसने कृषि समुदाय में अपना विश्वास को धोखा दिया।

**चुनौती** — *पहलगाम हमले के बाद ट्रेनों के संचालन में कोई प्रगति नहीं*

# जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ लटका

**जम्मू, 3 मई (देशबन्धु)। पिछले छह महीनों से जम्मू से चलने वाली जिन बीसियों रेलों को जम्मू रेलवे यार्ड का रिमाडलिंग का कार्य पूरा करने की खातिर रद्द कर दिया गया था वे अब फिर से शुरु हो गई हैं। पर अब रेल के मोर्चे पर लाख टके का सवाल यह है कि कश्मीर कब रेलमार्ग से जुड़ेगा क्योंकि पहलगाम नरसंहार के उपरांत जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ फिलहाल लटक गया है।**

रेलवे ने जम्मू से चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को फिर से बहाल कर दिया है। 16 नवम्बर, 2024 से शुरू हुए यार्ड रि-मॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द या उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया था।

अब यह कार्य पूर्ण होने के बाद एक मई से इन ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। हालांकि, कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को मार्च में बहाल कर दिया गया था, लेकिन अभी भी कई ट्रेनें रद्द ही चल रही थीं पर पहलगाम नरसंहार के उपरांत कश्मीर के लिए शुरू होने वाली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन पुनः एक बार संकट के बादल छा गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 अप्रैल को हरी झंडी दिखाए जाने वाली हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेन को क्षेत्र में खराब मौसम की चेतावनी सहित कई मुद्दों पर अंतिम समय में रद्द कर दिया गया था। पहलगाम हमले के बाद ट्रेन के उद्घाटन को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम



■ अनुकूल माहौल वापस आने तक तीन माह तक की देरी संभव

हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में 'कमजोर' रेलवे बुनियादी ढांचे पर आतंकी खतरे की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा प्रमुख प्राथमिकता बन गई है। सुरक्षा प्रतिष्ठान ने घाटी में गैर-स्थानीय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति वाले भारतीय रेलवे को अपने निर्धारित स्थानों से बाहर जाने से बचने की सलाह दी थी।

भारतीय रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि अभी परिचालन शुरू करने पर कोई प्रगति नहीं हुई है। हमें लगता है कि अनुकूल माहौल वापस आने तक इसमें तीन महीने तक की देरी हो सकती है। वे कहते थेकि कई मुद्दों पर गौर करने की जरूरत है। इसमें एक प्रमुख सुरक्षा आडिट, व्यवहार्यता और बाद में वीआईपी की उपलब्धता शामिल है जो ट्रेन को हरी झंडी दिखा सके। अब स्थिति यह है कि 270 किलोमीटर में फैली उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल लिंक औपचारिक उद्घाटन का इंतजार कर रही है।

चार महीने पहले वाणिज्यिक संचालन के लिए मंजूरी मिल गई थी। पूरी रेल परियोजना चार चरणों में पूरी की जा रही है, जिसमें उधमपुर-कटरा (जुलाई 2014 में पूरा हुआ), बनिहाल-काजीगुंड (जून 2013 में पूरा हुआ), काजीगुंड-बारामुल्ला (2009 तक चरणों में) और कटरा-बनिहाल शामिल हैं। कश्मीर घाटी तक सीधा रेल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए भूकंपीय क्षेत्र 5 और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ों और गहरी घाटियों से गुजरने वाले 111 किलोमीटर लंबे बनिहाल-कटरा गलियारे को चालू किया जाना है। जनवरी में हाई-स्पीड वंदे भारत का ट्रायल सफलतापूर्वक किया गया था।

उल्टा पुल्टा

कल एक पत्नी ने अपने पति को ये कहकर चुप करा दिया... कि ज्यादा होशियार मत बनो...जितना दिमाग तुम्हारे पास है उतना तो मेरा हमेशा खराब रहता है...।

# दिल्ली कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा : देवेन्द्र यादव

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने जाति जनगणना पर मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी का धन्यवाद प्रस्ताव किया पास

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में सभी 258 ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की मासिक बैठकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, आदिवासी व अन्य वर्गों की सामाजिक न्याय की लड़ाई के अंतर्गत जातिगत जनगणना कराने की लगातार मांग उठाए जाने के दबाव के बाद केन्द्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना करने का फैसला लेने पर सर्वसम्मति से मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी का धन्यवाद का प्रस्ताव पास किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव लगभग दर्जन भर बैठकों में शामिल हुए। प्रत्येक ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठकों में ब्लाक अध्यक्ष सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, जिला अध्यक्ष, लोकसभा आर्ब्जवर, पूर्व विधायक, जिला आर्ब्जवर, क्षेत्रीय कार्यकर्ता, अग्रिम संगठन, सेल एवं विभाग के चेयरमैन, पदाधिकारी भी शामिल हुए।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थानीय लोगों से मिलकर उन्हें कांग्रेस की विचारधारा और हमारे नेता राहुल गांधी की सामाजिक उत्थान, दलितों, वंचितों, पिछड़ों के अधिकारों की जो लड़ाई लड़ रहे है उसके संदेश पहुंचाकर उन्हें संगठन से जोड़ने की मुहिम चलाएं। उन्होंने ब्लाक अध्यक्षों को साफ कहा कि संगठन मजबूती के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत दो मंडल और 4 से 6 बूथों पर सेक्टरों के सृजन की कार्यवाही जल्द से जल्द पूरी करें। देवेन्द्र यादव ने कहा कि प्रत्येक ब्लाक अध्यक्ष अपने क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, आरडब्लूए से जुड़े लोगों को जोड़ने का काम करें और 25-30 लोगों की अपने ब्लाक की कार्यकारिणी का गठन करके उनके फोन नम्बर और स्थानीय पते की विस्तृत जानकारी प्रदेश कांग्रेस में जमा कराएं।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि सभी ब्लाक अध्यक्ष अपनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूरे वार्ड के क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के फैसले पर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को धन्यवाद देने के लिए 1000-1000 पोस्टर लगाकर लोगों के अधिकारों और भागीदारी सुनिश्चित करने की कांग्रेस की लड़ाई के संदेश को हर घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जाति जनगणना करने के फैसले के बाद दिल्ली कांग्रेस राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे को मुबारकबाद देने और धन्यवाद करने के लिए एक स्वागत समारोह करेगी। जिसमें सभी ब्लाक अध्यक्ष अधिक से अधिक लोगों के साथ तालकटोरा स्टेडियम की तैयारियों में जुट जाएं।



संगठन की मजबूती के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत दो मंडल और 4 से 6 बूथों पर सेक्टरों के सृजन की कार्यवाही जल्द से जल्द पूरी करें : देवेन्द्र यादव

# एनडीएमसी ने शिकायत निवारण सुविधा शिविर किया आयोजित

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर, जयसिंह रोड, नई दिल्ली में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 83 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

शिविर में जनता से 83 शिकायतें प्राप्त की

पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया। नीति स्तर के निर्णयों की आवश्यकता वाली शिकायतों को उनके निवारण की संभावित समय-सीमा के साथ समझाया गया।

# निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगेगी लगाम : रेखा गुप्ता

## अब निजी स्कूलों में फीस तय करने की प्रक्रिया में अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन व अन्य हितधारकों की सहभागिता अनिवार्य

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाया गया दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस)- एक्ट 2025 विधेयक हमारी सरकार का ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है इससे निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर लगाम लगाई जाएगी।

दिल्ली के अलग-अलग निजी स्कूलों से पहुंचे बच्चों के अभिभावकों को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भरोसा दिया कि हमारी सरकार राजधानी के स्कूलों में पढ़ने वाले किसी भी बच्चे के साथ नाइंसाफी नहीं होने देगी। यदि किसी छात्र और अभिभावक को कोई स्कूल फीस संबंधित मामले में प्रताड़ित करता है तो वह सीधे मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से शिकायत कर सकते हैं।

श्रीमती गुप्ता ने अभिवावकों से संवाद करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाया गया विधेयक हमारी सरकार का ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्षों 27 वर्षों से दिल्ली के अभिभावकों के साथ प्राइवेट स्कूल मनमानी फीस बढ़ाकर अन्याय कर रहे थे। निजी स्कूल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाते रहे और पिछली सरकारों के पास ऐसा कोई स्पष्ट कानून या दिशा-निर्देश ही नहीं था, जिससे मनमानी फीस पर लगाम लगाई जा सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विधेयक के माध्यम से दिल्ली के सभी 1677 निजी स्कूलों की फीस को अब पारदर्शी तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। अब प्राइवेट स्कूलों में फीस तय करने की प्रक्रिया में अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन और अन्य हितधारकों की सहभागिता अनिवार्य होगी।



यदि किसी छात्र व अभिभावक को कोई स्कूल फीस संबंधित मामले में प्रताड़ित करता है तो वह सीधे मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से शिकायत कर सकते हैं : रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री दिल्ली

## सार संक्षेप

### लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है निष्पक्ष प्रेस : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री गुप्ता ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज पत्रकारों, मीडिया कर्मियों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सभी समर्थकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अध्यक्ष दीर्घा और प्रेस दीर्घा से काँच की पैनल हटाए गए हैं, जिससे अब पत्रकारों को सदन की कार्यवाही का अवरोध-रहित दृश्य प्राप्त होगा। यह कदम पूर्ववर्ती सरकार के एक निर्णय को पलटता है और प्रेस स्वतंत्रता को सुदृढ़ करता है, साथ ही विधानसभा की खुली शासन प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान का कहर, मौसम विभाग ने फिर दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली, एनसीआर और उत्तर भारत के कई इलाकों में शुक्रवार को आंधी-तूफान ने व्यापक तबाही मचाई। तेज हवाओं और गरज के साथ हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस भीषण तूफान में अब तक कई लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। राजधानी दिल्ली में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए, बिजली के खंभे गिर गए और सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। इसके अलावा, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 200 से अधिक उड़ानें या तो रद्द की गईं या फिर घंटों देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, यह मौसम का बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण आया है, जिससे तेज़ हवाओं के साथ गरज-चमक और बारिश की स्थिति बनी हुई है। आज, 3 मई को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आगामी दिनों में भी मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है।

### सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांगना पागलपन : मोहन सिंह बिष्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष और मुस्तफाबाद सीट से भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बयान पर तल्ख टिप्पणी करते हुए शनिवार को कहा कि उनकी मानसिक स्थिति अब ठीक नहीं रही और आतंकवादी हमलों जैसे गंभीर मुद्दों पर उनका इस प्रकार का बयान संवेदनहीनता को दर्शाता है। मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, जो व्यक्ति पंजाब का मुख्यमंत्री रहा हो, वह इस तरह की टिप्पणियां करता है, तो साफ है कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन पर पागलपन सवार हो गया है। अगर उनके परिवार का कोई सदस्य ऐसी घटना का शिकार हुआ होता, तो उन्हें दर्द का एहसास होता। यह साफ है कि उनके अंदर पागलपन छा गया है, बल्कि पागलपन की हद हो गई है। मैं यही मानता हूं।

# इस साल अक्षय तृतीया पर रही प्लेटिनम ज्वेलरी की धूम

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। हिंदू संस्कृति के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक, अक्षय तृतीया नई शुरुआत, समृद्धि और सौभाग्य के साथ नए प्रयासों और अक्षय आशीर्वाद का प्रतीक है। इस साल अक्षय तृतीया के उत्सव की शुरुआत के साथ 'टू व्हाईट' खरीदने का भी काफी ज्यादा महत्व है क्योंकि यह शुद्धता और पवित्रता को प्रदर्शित करता है। प्लेटिनम ज्वेलरी 95 प्रतिशत शुद्धता और कालातीत आकर्षण के साथ अंदर से बाहर तक सफेद है, जो अक्षय तृतीय के मूल भाव को आत्मसात करता है। पृथ्वी पर मौजूद सबसे दुर्लभ और शुद्ध मैटल के रूप में प्लेटिनम अपनी प्राकृतिक सफेद चमक के लिए मशहूर है, जो कभी भी फींकी नहीं पड़ती है। इसलिए यह पवित्र उत्सवों के लिए उपयुक्त है। अपने शुद्धता के गुण के कारण अक्षय तृतीय मनाने के लिए प्लेटिनम ज्वेलरी सबसे उत्तम है। प्लेटिनम ज्वेलरी ग्राहकों को अक्षय तृतीय मनाने के लिए विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। महिलाओं के लिए प्लेटिनम इवारा, पुरुषों के लिए मेन ऑफ प्लेटिनम, और युगलों के लिए प्लेटिनम लव बैंड्स अद्वितीय ज्वेलरी के साथ प्रतिबद्धता की सुंदर अभिव्यक्ति करते हैं। प्लेटिनम ज्वेलरी पारंपरिकता को आधुनिकता से जोड़ती है। यह कई पीढ़ियों से स्थायी समृद्धि और सौंदर्य का प्रतीक है।



# रोहिणी में तीन नए ओपन मल्टी-जिम की शुरुआत



**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। जन स्वास्थ्य और नागरिकों की भलाई को बढ़ावा देने के प्रयासों के अंतर्गत शनिवार को रोहिणी विधानसभा में तीन अत्याधुनिक आउटडोर ओपन मल्टी-जिम की शुरूआत की गई। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता द्वारा इनका उद्घाटन किया गया। इन नवनिर्मित फिटनेस केंद्रों में अत्याधुनिक व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं, जिनका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के नागरिकों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इन सुविधाओं से रोहिणी क्षेत्र के नागरिकों को खुले वातावरण में व्यायाम करने का बेहतर अवसर मिलेगा, और यह सरकार की स्वस्थ, जागरुक एवं सक्रिय समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल सार्वजनिक पार्कों को समावेशी और स्वास्थ्य-केंद्रित स्थानों में बदलने की व्यापक योजना का हिस्सा है।

इस अवसर पर गुप्ता ने बताया कि रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 सार्वजनिक पार्क हैं। उद्घाटन के साथ अब तीन पार्कों में आधुनिक जिम ढांचा उपलब्ध हो गया है। शेष पार्कों को भी इसी तरह विकसित करने की योजना प्रगति पर है, जिससे पूरे क्षेत्र में समान रूप से फिटनेस संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। रोहिणी में एक सभा के दौरान गुप्ता ने अपने क्षेत्र के प्रति गहरे भावनात्मक और विकासात्मक समर्पण की पुनः पुष्टि की। उन्होंने कहा कि रोहिणी केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह साझा सपनों का एक समुदाय है, जो सामूहिक प्रयास और प्रतिबद्धता से आकार ले रहा है।

हाल ही में हुए सुधारों और जन समस्याओं के त्वरित समाधान को रेखांकित करते हुए गुप्ता ने निवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी आस्था ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके संज्ञान में लाई गई हर समस्या को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ सुलझाया जाता है।

# झुग्गी में बुनियादी सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता : इन्द्राज

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शनिवार को बवाना स्थित शाहबाद डेयरी क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा किए जा रहे नाले के नवनिर्माण कार्य का स्थानीय निवासियों के साथ शुभारंभ किया। समाज कल्याण मंत्री ने नए नाले के निर्माण, पुराने नाले की सफाई और झुग्गी क्षेत्र के लिए समन्वय बनाकर एक पार्क के निर्माण के निर्देश दिए।



- बवाना स्थित शाहबाद डेयरी में मंत्री ने नाले के नवनिर्माण कार्य का किया शुभारंभ

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की शाहबाद डेयरी क्षेत्र के ब्लॉक ई में नाले के निर्माण से जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और स्वच्छता की स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। अधिकारियों ने कहा की करीब 350 मीटर लंबी ड्रेन की इस परियोजना को छह माह की तय अवधि में पूरा किया जाना है। रविन्द्र इन्द्राज ने डीयूएसआइबी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिले। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान लेकर आएगा और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली के झुग्गी एवं निम्न आयवर्ग क्षेत्रों में मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

# समाज की महत्वपूर्ण इकाई है परिवार : मनमोहन वैद्य

## परिवार जागरुकता व नारी सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर एवं केसरी युवा के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम सत्संग भवन नवीन शाहदरा में परिवार जाग्रति व महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरसह कार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य, विश्वप्रसिद्ध कथावाचक श्री संजीव कृष्ण ठाकुर व स्वामी राजेश्वरानंद महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रवक्ता राम वोहरा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख विचारक मनमोहन वैद्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वप्रथम स्वयं को फिर स्वयं के साथ अपने परिवार में स्वच्छता,पवित्रता, खुशहाली की स्थापना कीजिए जिससे स्वयंमेव स्वस्थ, सुंदर समाज का निर्माण होता चला जाएगा। समाज का कोई कार्य भी भय नहीं बल्कि प्रेम भाव से करने से आपकी कार्यकुशलता में विकास होता हैं।



संजीव कृष्ण ठाकुर ने परिवार में महिलाओं की विशेष महत्ता बताते हुए कहा कि अगर समाज का आधार परिवार है तो परिवार की पृष्ठभूमि में महिलाओं का विशेष महत्व होता हैं।महिलाएं स्वतंत्र हो लेकिन स्वच्छंद न हो। स्वामी राजेश्वरनन्द महाराज ने कहा कि परिवार में एक दूसरे के भाव,आवश्यकता एवं दृष्टिकोण को समझते हुए सभी का सम्मान होना चाहिए।सायंकाल में एक घंटा परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ गंभीर विषयों के साथ हास्य चर्चा अवश्य होनी चाहिए इस दौरान मोबाइल बंद रहने चाहिए जिसके परिणाम में प्रेम, सामंजस्य का विकास दिखाई देगा। आयोजन मंडल की ओर से अनुपम भटनागर, विश्वास शुक्ल द्वारा डॉ वैद्य को, मुकेश शर्मा, अमित गर्ग द्वारा श्री संजीव कृष्ण को एवं मीनाक्षी वशिष्ठ, सोनल विग द्वारा स्वामी राजेश्वरानंद को तुलसी का पौधा एवं नारियल भेंट करते हुए स्वागत किया गया।

# बरसों पुरानी डीसीएम मिल की जगह इस्कॉन मंदिर की स्थापना

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। ऐतिहासिक दिल्ली के कोने-कोने में इसका रोचक इतिहास छुपा हुआ है। बरसों पहले सेंट्रल दिल्ली के करोल बाग में जहां डीसीएम मिल का क्लाथ हाउस हुआ करता था, अब वहां इस्कॉन द्वारका की ओर से एक नया मंदिर स्थापित किया जा रहा है। यह मंदिर इस्कॉन 'द अमेरीलिस' करोल बाग के नाम से जाना जाएगा। इस मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 2 मई से लेकर 4 मई तक विशाल पैमाने पर तीन दिवसीय क्रम में आयोजित किया जा रहा है। अक्षय तृतीया के दिन विग्रह का प्राण-प्रतिष्ठा अभिनंदन कीर्तन समारोह शाम 5 बजे से आरंभ किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगणों और स्थानीय निवासियों ने हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से भगवान का स्वागत किया।



- इस्कॉन द्वारका की ओर से करोल बाग में राधा मदन गोपाल का अभिनंदन
- राधा मदन गोपाल का प्राण-प्रतिष्ठा अभिनंदन कीर्तन अक्षय तृतीया को

यूनिटी द अमेरीलिस फेस 1 न्यू रोहतक रोड स्थित इस मंदिर में राधा मदन गोपाल के विशाल विग्रह स्थापित किए जा रहे हैं, जिसका प्राण-प्रतिष्ठा समारोह इस्कॉन द्वारका के बैनर तले खूब धूमधाम से किया जा रहा है। मंदिर की स्थापना में यूनिटी ग्रुप ने सहयोग किया है जिन्होंने यहां के आवासीय लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ आध्यात्मिक जीवनशैली को अपनाने का भी एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है।

प्रद्युमन प्रिय प्रभु का कहना है कि हमें खुशी है कि राजधानी दिल्ली का दिल कहा जाने वाली सेंट्रल दिल्ली में भी अब इस्कॉन मंदिर की स्थापना की जा रही है।

# पंजाब यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम का मकसद युवाओं को नशे से दूर कर बिजनेस के लिए तैयार करना : केजरीवाल

## केजरीवाल ने तीन दिवसीय यूथ क्लब लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में युवाओं को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब में आयोजित तीन दिवसीय यूथ क्लब लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में युवाओं को दिल्ली स्थित आवास से ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम का मकसद युवाओं को नशा से दूर कर बिजनेस के लिए तैयार करना है। इस कार्यक्रम में 117 युवाओं को ट्रेनिंग मिली है। 21-21 सदस्यों की यूथ क्लब कमेटी बनेगी जो गांव व वार्डों में नशा बिकने से रोकेगी और जो नशा करने वाले बच्चे हैं, उनकी सूची बनाकर नशा मुक्ति केंद्र तक ले जाएंगे। साथ ही, युवाओं को बिजनेस करने के लिए तैयार किया जाएगा, ताकि वह नौकरी लेने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। यह कार्यक्रम सफल होते ही पूरे देश के लिए ये एक मॉडल बनेगा और पूरी राजनीति बदल देगा।

कार्यक्रम में 117 युवाओं को मिला है प्रशिक्षण

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में यह जो काम शुरू किया जा रहा है, वह एक बहुत बड़ा प्रयोग है। अगर यह सफल हो गया तो यह देश की राजनीति बदल सकता है। आज हमने संकल्प लिया है कि पंजाब को रंगला पंजाब, विकसित पंजाब बनाने और पंजाब का पुनर्निर्माण करने के लिए अगले दो-तीन महीने के अंदर साढ़े तीन लाख युवाओं को जोड़ने में कामयाब हो गए और उनके अंदर जूनून भर दिया तो यह साढ़े तीन लाख युवा मिलकर साढ़े तीन करोड़ पंजाबियों का भविष्य बदल सकते हैं।



पंजाब में यह जो काम शुरू किया जा रहा है, वह एक बहुत बड़ा प्रयोग है। अगर यह सफल हो गया तो यह देश की राजनीति बदल सकता है : अरविंद केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी पांच साल में एक बार चुनाव होता है। सरकारें चुनी जाती है और वह वातानुकूलित कमरे में बैठ कर काम करती या भ्रष्टाचार करती हैं। आज 117 लोगों की तीन दिन की ट्रेनिंग की गई है। यह 117 लोग ट्रेनिंग लेने से पहले 1600 गांवों में युवाओं के साथ मीटिंग कर के आए हैं। उन 1600 गांवों में मीटिंग करने जो युवा सफल हुए उनको ही इस ट्रेनिंग में बुलाया गया। अब इन 117 युवाओं की जिम्मेदारी है कि वो 17 हजार वार्ड और पिंडों में जाकर को-ऑर्डिनेटर तैयार करें। इसके बाद को-ऑर्डिनेटर अपने-अपने वार्ड या पिंड में युवाओं 21 सदस्यीय कमेटी बनाएगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। इसलिए संभव है कि इस कमेटी के बहुत सारे लोग सदस्य बन जाएं। इसलिए कमेटी का सदस्य बनने के इच्छुक लोगों से यह जरूर कहें कि यह सोच कर सदस्य न बनें कि उनके काम होने लगेंगे। सदस्य उनको ही बनाना है, जिनके अंदर पंजाब को बदलने का जूनून होगा। यह बहुत बड़ा मिशन है।

# जमाअत ने की पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद घटित घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने 22 अप्रैल 2025 को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की ऑफिर से निंदा की और कहा कि हम एक बार फिर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में हुई दुखद जान-माल की हानि पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यह पूरी तरह से अमानवीय है और इसकी पूर्ण एवं स्पष्ट निंदा की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले और निर्दोष लोगों के मारे जाने से पता चलता है कि सुरक्षा व्यवस्था अभी भी पर्याप्त नहीं है, और क्षेत्र में भारी सैन्य उपस्थिति के बावजूद, नीतिगत खामियां मौजूद हैं जो निर्दोष नागरिकों के जीवन को असुरक्षित बनाती हैं। हम चाहते हैं कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए, सुरक्षा संबंधी चूकों की उचित जांच की जाए तथा अधिक मजबूत व्यवस्थाएं स्थापित की जाएं।




सुरक्षा व्यवस्था अभी पर्याप्त नहीं है और क्षेत्र में भारी सैन्य उपस्थिति के बावजूद, नीतिगत खामियां मौजूद हैं : सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी

कश्मीर की स्थिति के बारे में बात करते हुए जमाअत अध्यक्ष ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और कड़े सुरक्षा उपायों की विस्तारित अवधि के बाद, सरकार ने जोर देकर कहा कि कश्मीर में आतंकवाद पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया गया है। हालाँकि, पहलगाम की दुखद घटना से संकेत मिलता है कि कश्मीर में 'सामान्य स्थिति' हासिल नहीं हुई है। हम कश्मीरी लोगों की उल्लेखनीय बहादुरी और आतिथ्य दिखाने के लिए सराहना करते हैं, जिसका प्रमाण यह है कि उन्होंने हमले के दौरान पर्यटकों को बचाया और उन्हें निस्वार्थ समर्थन दिया।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "गाजियाबाद नगर निगम शहर को पॉलिथीन व प्लॉस्टिक मुक्त बनाने में उत्तर प्रदेश में नंबर वन है। पिछले वर्ष में गाजियाबाद तृतीय स्थान पर था किंतु अबकी बार कड़ी मेहनत की उपरांत गाजियाबाद नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त गाजियाबाद।**

## शहर को प्लॉस्टिक मुक्त बनाने में गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में नंबर वन



■ **जन जागरूकता के माध्यम से प्लॉस्टिक मुक्त करने की तैयारी**

**गाजियाबाद,** 3 मई (देशबन्धु)। नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जन-जन को प्लॉस्टिक बहिष्कार के लिए जागरुक कर रहा है, लगातार पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में शहर को प्लॉस्टिक मुक्त करने की तैयारी जन जागरूकता के माध्यम से की जा रही है, स्वास्थ्य विभाग तथा प्रवर्तन दल संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रहा है जिसमें सभी जोन के अंतर्गत जोनल प्रभारी के साथ मिलकर रोस्टर के क्रम में कई महा अभियान भी चलाई जा चुके हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम शहर को पॉलिथीन व प्लॉस्टिक मुक्त बनाने में उत्तर प्रदेश में नंबर वन है। पिछले वर्ष में गाजियाबाद तृतीय स्थान पर था किंतु अबकी बार कड़ी मेहनत की उपरांत गाजियाबाद नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लगभग 85 लाख की वसूली पॉलिथीन मुक्त अभियान के अंतर्गत की गई है। उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर वाराणसी जिसके द्वारा लगभग 45 लाख की वसूली की गई तीसरे स्थान पर लखनऊ नगर निगम है। जिसके द्वारा लगभग 40 लाख की वसूली की गई है। कर्नल दीपक शरण प्रवर्तन दल प्रभारी की देख रेख में प्लॉस्टिक मुक्त अभियान लगातार जोरों से चल रहा है आगे भी शहर हित में बेहतर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है। 17 नगर निकायों में प्रतिबंधित प्लॉस्टिक के विरुद्ध अभियान चलाने में गाजियाबाद नगर निगम प्रथम स्थान पर है। नगर आयुक्त ने बताया गया कि शहर में लगातार जहां विकास कार्य हो रहे हैं वहीं जल प्रतिनिधियों की विशेष सहयोग से कई अभियान में भी सफलता मिल रही है जन-जन के द्वारा प्रतिबंध प्लॉस्टिक का बहिष्कार किया जा रहा है।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने तोड़ी निर्माणकर्ताओं के अवैध सपनों की दीवार



**जीडीए से पास लेआउट मे ही क्रय विक्रय करे : अतुल वत्स**

**गाजियाबाद,** 3 मई (देशबन्धु)। अवैध निर्माण के खिलाफ जीडीए का अभियान लगातार जारी है। शनिवार को जीडीए का अभियान प्रवर्तन जोन 3 में चला। प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में आदेश कुमार त्यागी द्वारा पी-39, सैक्टर-23, संजयनगर पर अनाधिकृत रूप से बनायी गई बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त जगदीश यादव एवं नीरज चौधरी द्वारा खसरा संख्या-655, ग्राम सदरपुर शिववालय, गाजियाबाद पर लगभग 7.00 बीघे में, विनीत सेहरावत द्वारा खसरा सं0-349 व 417, ग्राम मटियाला, गाजियाबाद पर लगभग 12.00 बीघे में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क आदि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गई। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें।

स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय अधिशासी अभियन्ता एवं अवर अभियन्तागण एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा

वहीं जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने लोगों से अपील की है कि वे जीडीए से पास लेआउट मे ही क्रय विक्रय करे।

## अनुशासनात्मक कार्रवाई से सम्बन्धित कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण



**गाजियाबाद,** 3 मई (देशबन्धु)। अनुशासनात्मक कार्रवाई के सम्बन्ध में प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से प्राधिकरण सभागार में दिनांक 02.05.2025 को राजेश मेहतानी, (रिटायर्ड डायरेक्टर) सेन्टर फोर एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग, यूपी हाउसिंग एंड डवलपमेंट बोर्ड लखनऊ के द्वारा 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सुबह 10.00 बजे से प्रारम्भ हुआ, जिसमें राजेश मेहतानी, के द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई के सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। कल के प्रशिक्षण के क्रम में आज दिनांक 03.05.2025 को पुनः प्रशिक्षण दिया गया, इसमें राजेश मेहतानी, द्वारा बताया गया कि विभागीय कार्रवाई हेतु यदि कोई जांच की जाती है, तो जांच अधिकारियों द्वारा केवल जांच आख्या ही संस्तुति के साथ प्रेषित की जा सकती है। दण्ड का निर्धारण नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा ही किया जाता है। साथ ही यह बताया गया कि यदि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा बृहददण्ड दिया जाता है तो इसकी अपील उच्च स्तर पर 90 दिन के अन्दर की जा सकती है। अपील स्वयं अपीलकर्ता के द्वारा ही की जाएगी। किसी अन्य व्यक्ति अथवा परिवार के सदस्यों द्वारा नहीं की जा सकती है। समय अवधि के उपरान्त अपील दायर किये जाने पर अपील स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी।

अपील पर संज्ञान लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी तरह से अन्य पहलुओं पर भी प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव महोदय, वित्त नियंत्रक महोदय, अपर सचिव विशेषकार्याधिकारी, संयुक्त सचिव, समस्त अधिशासी अभियन्तागण, सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण के साथ समस्त लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी भी प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। इसी के साथ आज 2 दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया है।

### सार संक्षेप

#### नोएडा में एक कार और दुकान में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के बहलोलपुर अंडरपास के पास एक कार में लग गई। आग शॉट सर्किट की वजह से लगी। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल और पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात को रोका गया। जिसके बाद क्रेन की मदद से कार को साइड किया गया। यातायात सामान्य किया गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि यूपी 16 केटी 1496 महिंद्रा बोलेरो पिकअप पेट्रोल व सीएनजी में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल पर रवाना हुई। 1 गाड़ी की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है। इसके अलावा रात करीब तीन बजे जी 90 सेक्टर-9 स्थित जनता साइकिल वर्क्स नामक साइकिल की बंद पड़ी दुकान में आग लग गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल पर रवाना हुई। दुकान की शटर को खोलकर 3 गाड़ियों की मदद से आग को बुझा दिया गया। इसमें दुकान के अंदर रखा सारा सामान जल गया। आग के कारण पता नहीं चल सके है। जांच की जा रही है।

#### स्कूटी की टक्कर से पैदल जा रही युवती की मौत

**नोएडा।** पर्थला गांव में स्कूटी चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए दो बहनों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरी घायल युवती के भी सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट आई है। सेक्टर-113 पुलिस को दी शिकायत में पर्थला खंजरपुर निवासी पल्लवी बर्मन ने बताया कि वह मूलरूप से पश्चिम बंगाल के सितायी की रहने वाली हैं। बीते दिनों रात नौ बजे के करीब पल्लवी अपनी 22 वर्षीय बहन पिंकी बर्मन के साथ आरजी रेजीडेंसी सोसाइटी से हाउसकीपिंग का काम करने घर लौट रही थीं। दोनों जब पर्थला गोलचक्कर के पास पहुंची तभी पीछे से तेज रफ्तार से आए स्कूटी चालक ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बहनें घायल हो गईं। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पिंकी की हालत गंभीर थी ऐसे में उसे सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बहन का अंतिम संस्कार करने के बाद पल्लवी ने मामले की शिकायत पुलिस से की। फरार स्कूटी चालक की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

#### लापता किशोरी को तलाशा

**नोएडा।** सेक्टर-27 स्थित अट्टा गांव से लापता हुई किशोरी को सेक्टर-20 पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। बीते दिनों सेक्टर-20 थाने में दी शिकायत में बिहार के दरभंगा निवासी शौकत अली ने बताया था कि उनकी 15 वर्षीय बहन बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। करीबियों और रिश्तेदारों के यहां से भी जानकारी जुटाई गई पर उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने बहन के साथ अनहोनी होने की भी आशंका जताई थी। इसके बाद किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने किशोरी को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## भाजपा विधायक ने राजेंद्र पंडित के पुत्र को विवाह उपरांत दिया आशीर्वाद



**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। विधायक पंकज सिंह आतंकवादी विरोधी मोर्चा के पश्चिमी उप्र प्रभारी राजेंद्र पंडित के निवास पहुंचे जहां उन्होंने राजेंद्र पंडित के पुत्र के विवाह उपरांत पुत्र ध्रुव शर्मा वह पुत्रवधू नेहा शर्मा को अपना आशीर्वाद दिया। वे दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर क्षेत्र के कुछ रिटायर्ड फौजी सूबेदार एवं अन्य किसान भी मौजूद रहे मौजूदा पाकिस्तान से चल रहे हालात के बारे में विस्तार से चर्चा की और शहर की आंतरिक सुरक्षा नोएडा में किसानों की समस्याओं को भी उन्होंने जाना और शीघ्र ही समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन सभी को दिया इस अवसर पर पंडित कमल, पंडित मूलचंद शर्मा, रजत शर्मा, हर्ष, गॉड दीपांशु समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। राजेंद्र पंडित प्रभारी ने किराएदारों की वेरिफिकेशन और किसने की समस्याओं को विस्तार से उनके सामने रखा। समस्याओं और शीघ्र ही पत्र द्वारा उनके सामने दिया जाएगा पंकज सिंह विधायक नोएडा समस्याओं को हल करने की बात कही।

## नोएडा प्राधिकरण में सीएजी ने शुरू की वित्तीय जांच

**अप्रैल-2024 से दिसम्बर 2024 तक की मांगी फाइल, शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट**

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में वित्तीय सीएजी ऑडिट शुरू हो गया है। सीएजी ने प्राधिकरण से अप्रैल 2024 से लेकर दिसम्बर 2024 तक की फाइल मांगी है। ये फाइल अलग-अलग विभागों से मांगी है। ये फाइल सभी श्रेणी यानी लैंड, कामर्शियल, हाउसिंग, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री से संबंधित है। इन फाइलों की वित्तीय जांच की जा जाएगी। दूसरे फेज में सीएजी जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक की फाइल लेगी। इसकी एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। ये रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

2017 के बाद से प्राधिकरण का सालाना वित्तीय ऑडिट सीएजी द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले 2007 से 2017 की फाइलों की जांच भी सीएजी ने की थी। जिसमें करीब 30 हजार करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता सामने आई थी। प्राधिकरण में आज जितनी भी जांच चल रही है वो सब सीएजी की रिपोर्ट को आधार मानकर की है। उदाहरण के तौर पर स्पोर्ट्स सिटी की जांच अब सीबीआई कर रही है। उसने अपनी एफआईआर में सीएजी की उक्त रिपोर्ट को ही आधार बनाया है।

ऐसे में पूर्व के वित्तीय वर्ष में वित्तीय अनियमितताओं की जांच भी सीएजी कर रही है। फाइलो को खंगालने का काम शुरु कर दिया गया है। वहीं एक समिति प्राधिकरण की ओर से भी बनी है। ये समिति भी वित्तीय ऑडिट कर रही है।

जिसकी रिपोर्ट का मिलान भी सीएजी अपनी रिपोर्ट से करेगी। बहरहल पूर्व में किए गए सीएजी ऑडिट में अब तक कई एक्शन शासन की ओर से लिए जा चुके है। ऐसे में एक बार फिर से सीएजी की सालाना वित्तीय जांच में अनियमितता मिलती है तो संबंधित अधिकारी पर एक्शन हो सकता है।

## 7.52 करोड़ से बढ़ेंगे नोएडा एक्सप्रेस वे के सेफ्टी फीचर

■ **सोलर लाइट, थम्रोप्लास्टिक पेंट के अलावा बदले जाएंगे दिशा सूचक बोर्ड**

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर लोगों के सुरक्षित सफर के लिए जरूरी काम कराएगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। ये काम करने के लिए इच्छुक एजेंसियां इस टेंडर में 15 मई तक आवदेन कर सकती हैं।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर करीब 24 किलोमीटर लंबा है। इसमें से करीब 20 किलोमीटर का हिस्सा नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में आता है, बाकी चार किलोमीटर का जिम्मा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास है।

**सेक्टर-14ए से होगा काम**

समय के अंतराल में सड़क हादसे होते रहते हैं। इसकी वजह एक्सप्रेस वे पर कुछ कमियां होना भी हैं। इसी को देखते हुए एक्सप्रेस वे पर रोड सेफ्टी का काम कराने का निर्णय लिया गया था। सेक्टर-14ए के सामने से लेकर एक्सप्रेस वे पर संबंधित काम कराए जाएंगे। अब प्राधिकरण ने संबंधित काम कराने के लिए 7 करोड़ 52 लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया है। इस टेंडर में 15 मई तक आवदेन किया जा सकता है।

**एक्सप्रेस वे सुरक्षा के लिए ये होंगे काम**

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर रोड सेफ्टी के अंतर्गत कई काम किए जाने हैं। आने-जाने वाले रास्ते पर लगे करीब 17 पुराने दिशासूचक बोर्ड को नए तरीके से लगाया जाएगा। रात को चमकने वाले सोलर लगाए जाएंगे। जगह-जगह थम्रोप्लास्टिक पेंट किए जाएंगे। प्रवेश और निकासी वाले रास्तों पर वाहनों की गति सीमा के बोर्ड लगाए जाएंगे। हर कट के पास रंबल स्ट्रिप लगाई जाएगी। इसके अलावा एएफपी टेप, स्प्रिंग पोस्ट, डेलीनेटर लगाने सहित अन्य काम किए जाएंगे।

## नोएडा के 23 केंद्रों पर होगी नीट की परीक्षा

■ **10 हजार 440 परीक्षार्थी होंगे शामिल**
■ **सीसीटीवी कैमरे और लगाए गए जैमर**

**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। जिले में आज नीट की परीक्षा होगी। नीट की परीक्षा शहर के 23 केंद्रों पर होगी। नोएडा में कुल 10 हजार 440 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रशासन ने परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर विशेष निगरानी व्यवस्था की गई है। प्रत्येक केंद्र के लिए एक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। नीट की परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। वही सभी केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए जैमर भी लगाए गए हैं। नीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए सभी केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। जिससे मोबाइल फोन या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग न हो सके। दोपहर 1:30 तक ही परीक्षार्थी को प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद गेट बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षार्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।

**ये लेकर नहीं जाए**

परीक्षा केंद्र में जूते, मोजे, घड़ी, बाली, बुंदे, अन्य आभूषण, मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ या किसी भी प्रकार के डिजिटल उपकरण ले जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें और समय से केंद्र पर पहुंचें, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

**नोएडा व ग्रेटर नोएडा में सेंटर**

सेक्टर-12 गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, सेक्टर-51 गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज रोजा याकूबपुर, श्री अग्रसेन आदर्श इंटर कॉलेज रेलवे रोड दादरी, मिहिर भोज पीजी कॉलेज दादरी, पीएम श्री केवी नोएडा सेक्टर-24, भवानी शंकर इंटर कॉलेज सेक्टर-46, नवजीवन इंटर कॉलेज गेझा, सीआरसी गर्ल्स इंटर कॉलेज सदरपुर, श्री गांधी इंटर कॉलेज दुजाना नोएडा, नवोदय विद्यालय दादरी आदि सेंटर बनाए गए है।

## प्रतिबंध के बावजूद संचालित हो रही अवैध डेयरिया


**खोड़ा,** 3 मई (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिबंध के बावजूद अवैध डेयरी का संचालन धड़ल्ले से जारी है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों द्वारा बार-बार नोटिस देने और कई खानापूर्ति कार्रवाई के बावजूद लगभग सैकड़ों अवैध डेयरी संचालित हो रही है। कॉलोनी में अवैध डेयरियों की वजह से गंदगी का अंबार लगा है। खुले और खाली भूखंडों में गोबर बहाए जाने से लोगो को बदबू का सामना करना पड़ता है। गोबर की निकासी का समुचित इंतजाम न होने से कई डेयरी संचालकों द्वारा नाली में पानी के साथ गोबर बहाया जाता है। नाली में पानी के साथ गोबर फेकने से आमजन को बदबू का सामना करना पड़ता है। नालियों में गोबर के अट जाने से मच्छर के पनपने की संभावना बनी रहती है। कई बार अधिक गोबर बहाए जाने की वजह से नालिया चोक हो जाती है। नाली चोक होने से पानी निकासी की समस्या बनी रहती है।जिससे मच्छर पनपने और बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारी अवैध डेयरियों के खिलाफ कोई कारगर कदम नहीं उठा रहे है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों का कहना है कि निकाय क्षेत्र के अंतर्गत डेयरियों का संचालन प्रतिबंधित है। शीघ्र ही डेयरियों के खिलाफ कोई कारगर कदम उठाकर कार्रवाई की जाएगी।

## कार्ल हूबर स्कूल में अमेटयोर स्पोर्ट्स शूटिंग रेंज का उद्घाटन

**खोड़ा,** 3 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-62 स्थित कार्लहूबर स्कूल में गुरुवार को अमेटयोर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया गया। शूटिंग रेंज अमेटयोर स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के तत्वावधान में स्थापित की गई। जिसका उद्देश्य छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी हरेंद्र सिंह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शूटिंग आज के दौर में केवल खेल ही नहीं बल्कि कैरियर का सशक्त माध्यम बन गया है। सभी के लिए गर्व की बात है कि शूटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भटकना पड़ेगा। हमारे यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त शूटिंग रेंज उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सभी गरीब और वंचित वर्ग के छात्रों को निःशुल्क कोचिंग का अवसर मिलेगा। साथ ही खेल छात्रवृति योजना से जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिससे प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने का प्लेटफॉर्म मिलेगा। अमेटयोर शूटिंग की सीईओ साक्षी गुप्ता ने बताया कि संस्था का उद्देश्य सिर्फ कोचिंग ही नहीं बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं में अवसर प्रदान करवाना है। इस अवसर पर छात्रों के लिए लाइव शूटिंग डेमो आयोजित किया गया। मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर स्मिता मिश्रा, अमेटयोर शूटिंग के निदेशक आशु गुप्ता, सीईओ साक्षी गुप्ता, एचओडी चेतन शर्मा, डिविजनल हेड कोच हिमांशु सिंह, मुनेंद्र त्यागी, चौधरी हरेंद्र सिंह शिक्षक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता देशराज देसी





■ **कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा समेत गणमान्यों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई**
■ **पार्टी के झंडे में लपेटकर कर किया अंतिम संस्कार**

**गाजियाबाद,** 3 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व संस्थापक सदस्य में से एक देशराज देसी का शनिवार की रात में निधन हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही लोगों को मिली तो पूरे महानगर में एक शोक छा गया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल समेत तमाम नेता व समाजसेवी का उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए तांता लग गया। सभी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। अपराह्न 4:00 बजे हिंडन तट पर नाम आंखों के साथ इस लोकप्रिय भाजपा नेता का अंतिम संस्कार कर दिया गया। देशराज देसी की गिनती एक ईमानदार और मददगार नेताओं के रूप में होती थी। समाज में उनकी अलग ही ही छवि थी। हर धर्म वर्ग के लोगों को उनके निधन से आघात पहुंचा है। देसी अपने पीछे भारत पूरा परिवार पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद के सच में वरिष्ठ नेता देशराज देशी नहीं रहे। आज सुबह बाथ रुम में गिरने से सिर में लगी चोट प्राण घातक हुई। देशराज जी लाइन पार के उन कार्यकर्ताओं में से हैं जिन्होंने भाजपा के विस्तार में बड़ी भूमिका निभाई थी।

जब 1984- 85 मैं नगर अध्यक्ष बना तब वह मेरी टीम में पदाधिकारी थे। जिन चार पांच युवा कार्यकर्ताओं के बल पर हमने भाजपा को गाजियाबाद में जीतने वाली पार्टी बनाने में अथक परिश्रम किया, देशी जी उनमें एक थे। रेलवे ने उनके घर का रास्ता बंद करने के लिए नोटिस दिया तब मैने वकील के रूप में उन्हें कोर्ट से स्टे दिलाया। वह संपर्क पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में बदल गया. विजय नगर क्षेत्र में जितने भी कार्यकर्ता हैं उनमें से अधिकतर को देशी जी ने भाजपा के साथ जोड़ा है।

लोगों के दुख सुख में साथ खड़े होने वाले देशराज देशी जी आज भी उतने ही लोकप्रिय थे। अगर रात को 2 बजे भी उन्हें फोन करके मिलने के लिए बुलाओ तो वे उसी समय आपके घर खड़े मिलेंगे ऐसे हमदर्द, सच्चे साथी और अच्छे इंसान का अकस्मात चले जाना कष्ट कारक है। उनका असमय चले जाना पार्टी और उनके परिवार के लिए तो अपूरणीय क्षति है ही, मेरी भी निजी क्षति है।

उनके अंतिम संस्कार के मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के नेता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, कांग्रेस नेता पवन शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश गोयल वरिष्ठ पत्रकार राधा रमन, आजाद खालिद, फरमान अली, राहुल शर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, शिक्षाविद जोगेंद्र सिंह बग्गू, सरदार एसपी सिंह, केके शुक्ला, अशोक मोंगा, पवन गोयल, सचिन सोनी, प्रदीप चौधरी सुखविंदर सिंह, लेखराज माहौर, संजय बग्गा, समेत तमाम लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और नम आंखों के बीच उन्हें अंतिम विदाई दी।

## एनईए ने मनाया अपना 48वें स्थापना दिवस





**नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन ने 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनईए के नवनिर्मित सभागार में सुंदरकांड पाठ एवं भण्डारा का आयोजन किया गया।

किशन पंत जी द्वारा सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया, कार्यक्रम में भारी संख्या में उद्यमियों एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया पाठ के दौरान सभी झूमने लगे। इस अवसर पर डाक्टर महेश शर्मा ने एनईए के पदाधिकारियों को एनईए के 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी तथा कहा कि एनईए का सहयोग हमें हमेशा मिलता रहा है। मैं उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करवाने हेतु हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद गौतम बुद्ध नगर डॉ. महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व विधायक नोएडा नवाब सिंह नागर, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध मनीष वर्मा के अलावा अधिकारी मौजूद रहे। एनईएस विपिन मल्हन ने कहा कि आप सभी के सहयोग से इस नवनिर्मित सभागार का सौंदर्यीकरण किया जा सका। हमें आशा है कि भविष्य में भी आपका सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा। साथ ही मल्हन ने कहा कि भविष्य में विभिन्न विभागों के सेमिनार आयोजन किए जाएं जिससे उद्यमियों को विभाग से संबंधित जानकारी दी जा सकेगी।

उवाच

भूखंड योजना को लेकर बैंकों से बातचीत की जा रही है। अन्यथा प्राधिकरण अपने खाते सरकारी बैंक में खोलेगा। योजना लांच में लापरवाही के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों के हटाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है : **डॉ. अरुणवीर सिंह, प्राधिकरण सीईओ।**



# जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नालियों की सफाई शुरू

■ **शुक्रवार को हुई बारिश के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कई स्थानों पर हो गया था जलभराव**





**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। बारिश होने पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नालियों की सफाई का काम शुरू करा दिया है। शनिवार को दनकौर क्षेत्र के खेरली हफीजपुर, मंडीश्यानगर व नॉलेज पार्क-तीन सहित अन्य स्थानों पर सफाई की गई। पहले जून में सफाई होती थी। दरअसल शुक्रवार को बारिश होने पर ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर, तिलपता, हल्दौनी, खेरली हफीजपुर, मंडीश्यामनगर, सेक्टर नॉलेज पार्क-तीन, गलगोटिया अंडरपास सहित अन्य स्थानों पर जलभराव की समस्या पैदा हो गई थी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। हल्की बारिश में ही जलभराव की समस्या को प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए सभी वर्क सर्किल के प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। अगले तीन से चार दिन मौसम खराब रहने का अनुमान है। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करने के साथ समाधान का प्रयास शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि खेरली हफीजपुर, मंडीश्यामनगर, कुलीपुरा व सिरसा गांव के साथ सेक्टर पी-3 में जल निकासी के लिए नालियों की सफाई का काम शुरू करा दिया गया है। अगले 2-3 दिनों में यह काम पूरा हो जाएगा।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सभी नालियों की सफाई कराई जा रही है। जलभराव वाले सभी प्रमुख स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं।

> **बारिश होने पर कहीं पर भी जलभराव की समस्या पैदा न हो, इसके लिए नालियों की सफाई का काम अभी से शुरू करा दिया गया है। सभी वर्क सर्किल के प्रभारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं। जलभराव की समस्या को स्थाई रूप से दूर करने की योजना पर भी काम चल रहा है। सलाहकार एजेंसी के सुझावों पर काम किया जाएगा।**
> **एके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना, ग्रेनो प्राधिकरण।**

# बैंकों के असहयोग से लटकी यमुना प्राधिकरण में भूखंड़ों की योजना

■ **अब बैंक प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापन का खर्च उठाने को तैयार नहीं**
■ **सीईओ ने बैंकों को काली सूची में डालने और खाता बंद करने की दी चेतावनी**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण की भूखंड योजनाएं बैंकों की असहयोग के कारण अटक गई हैं। बैंक योजना के प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापन पर खर्च होने वाली रकम को वहन करने के लिए तैयार नहीं है। प्राधिकरण ने बैंकों को काली सूची में डालने के साथ अपने खाते बंद करने की चेतावनी दे दी है। इसके साथ ही वित्त विभाग में तैनात अधिकारियों के तबादले के लिए शासन को पत्र लिखा है।

यमुना प्राधिकरण काफी समय से उद्योग, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मिश्रित भूमि उपयोग आदि श्रेणी में सात भूखंड योजना निकाले के प्रयास में जुटा है। लंबी कवायद के बाद प्राधिकरण ने योजना का ब्रोशर तैयार किया था, लेकिन बैंकों के सहयोग के कारण योजना अभी तक लांच नहीं हो सकी है।

प्राधिकरण की योजना को लेकर बैंक आनाकानी कर रहे हैं। दरअसल प्राधिकरण अपनी योजनाओं के प्रचार प्रसार लेकर पंजीकरण राशि, आन लाइन आवेदन आदि की सेवा बैंकों के माध्यम से करता है, लेकिन बैंक योजना के प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापन देने को तैयार नहीं हैं। बैंकों का कहना है कि विज्ञापन की राशि को लेकर आडिट में दिक्कत हो रही है। प्राधिकरण ने बैंकों को चेतावनी दे दी है कि अगर उन्होंने योजनाओं के लांच में सहयोग नहीं किया तो प्राधिकरण उनके साथ अपने सभी खाते और लेनदेन बंद कर देगा। प्राधिकरण हर साल बैंकों के साथ करोड़ों रुपए का लेन देने करता है। खाते बंद होने से बैंक के कारोबार पर असर होगा। प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि भूखंड योजना को लेकर बैंकों से बातचीत की जा रही है। अन्यथा प्राधिकरण अपने खाते सरकारी बैंक में खोलेगा। योजना लांच में लापरवाही के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों के हटाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है।

# पैसे के लालच में फर्जी जमानत दिलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली पुलिस व सीडीटी टीम ने दो ऐसे शातिर अपराधियों को धर दबोचा है जो कि फर्जी



कागजात के आधार पर लोगों की जमानत करवा देते थे। आरोपियों ने बीटा दो कोतवाली में दर्ज एनडीपीएस के मुकदमे में विदेशी नागरिक डेनियल की जमानत करवा दी थी। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले में संजय सिंह व अमित कुमार को मिडिएशन कोर्ट सूरजपुर न्यायालय परिसर से गिरफ्तार किया गया है। संजय व अमित कुमार द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर शातिर आरोपियों की जमानत दी जाती थी। डेनियल की जमानत में आरोपी अमित कुमार द्वारा राकेश के नाम कागजात स्वयं को बताते हुए प्रस्तुत किए गए थे। जमानत के संबंध में न्यायालय द्वारा जांच कराई गई तो उक्त दोनों आरोपियों द्वारा फर्जी जमानत न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में सूरजपुर कोतवाली में केस दर्ज किया गया था। पकड़े गए दोनों आरोपी संजय व अमित कुमार गाजियाबाद के रहने वाले है। संजय गांव दलाल पट्टी थाना बापूधाम गाजियाबाद का निवासी है जबकि अमित गाजियाबाद के मोदीनगर का रहने वाला है। दोनों रूपयों के लालच में फर्जीवाड़े का यह धंधा करते थे।

# जिला जज के पदभार ग्रहण करने पर बार एसोसिएशन ने किया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष प्रमेन्द्र भाटी के नेतृत्व में शनिवार को मलखान सिंह जिला जज के पदभार ग्रहण करने पर स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन सचिव अजीत नागर एडवोकेट व अन्य साथियों ने बार एसोसिएशन की समस्याओं और उनको निस्तारण के विषय में सौहार्द पूर्ण वातावरण में विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान जिला जज ने भी सकारात्मक तरीके बार और बैंच के मध्य समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं को निस्तारण कराने में पूर्ण सहयोग हेतु आश्वस्त दिया है। इस मौके पर अजीत भाटी, चरण सिंह भाटी, महेश गुप्ता, ओमकार, प्रमोद शर्मा, कपिल शर्मा, नीरज भाटी, अरविंद कुमार, पवन भाटी, विशाल नागर,राजीव भाटी, अमीरूदिन, सविता, सत्येंद्र खारी, अरूण नागर आदि लगभग चार दर्जन अधिवक्ता शामिल रहे।



# सम्पूर्ण समाधन दिवस पर 139 शिकायतें हुई दर्ज, 15 का मौके पर निस्तारण

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। जिले की तीनों तहसीलों दादरी, जेवर और सदर में शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष दिवस का उद्देश्य जनता की शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण करना है। तीनों तहसीलों में 139 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 15 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। दादरी तहसील में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समाधान दिवस की अध्यक्षता की साथ ही उन्होंने समाज कल्याण और प्रोबेशन विभाग की तरफ से लगाए गए पेंशन शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने पेंशन के लिए आए नागरिकों से संवाद कर



उनकी समस्याएं सुना। जिला अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन के लिए प्राप्त नए आवेदनों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ बिना देरी किए समय पर दिया जाय। दादरी तहसील में दर्ज 114 शिकायतों में से 13 का समाधन मौके पर किया गया। जेवर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में लोगों की समस्याओं को सुना गया, जिसमें जेवर तहसील में 21 शिकायतें मिली, जिनमें से 1 का समाधान किया गया। जबकि सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में 4 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 1 का समाधन मौके पर हुआ। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, एसीपी दादरी सौम्या सिंह, तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आदेश दिए कि सभी शिकायतों की जांच प्राथमिकता से कर पोर्टल पर समय से एंव फीडिंग सुनिश्चित की जाए।

# आगामी 10 को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिले में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय सहित सभी तहसील स्तरों पर किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के वादों का सुलह-समझौते के आधार पर समाधन हुआ। इनमें विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम से संबंधित वाद, बिजली-पानी से जुड़े विवाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस), भू-राजस्व से जुड़े वाद, सेवा संबंधी मामले और प्री-लिटिगेशन वाद शामिल रहा। सचिव ऋचा उपाध्याय ने बताया कि जिन मामलों में पक्षकार आपसी सहमति और सद्भावना के साथ समझौता करने को इच्छुक हैं, वे राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आसानी से निस्तारित किए जा सकते हैं। यह आयोजन न्यायिक व्यवस्था को सुलभ, त्वरित एवं कम खर्चीला बनाते हुए न्याय के प्रति आमजन का विश्वास और सहभागिता बढ़ाने में सहायक रहेगा।

# छात्रों को नवाचार व उद्यमिता के प्रति किया गया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। युवा विद्यार्थियों में नवाचार और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में जीएल बजाज सेंटर फॉर रिसर्च एंड इन्क्यूबेशन ने दो दिवसीय कार्यक्रम प्रथम



वर्ष के छात्रों के लिए नवाचार एवं उद्यमिता की भावना का विकास शीर्षक से आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों के हार्दिक स्वागत से हुई। इसके बाद जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के एप्लाइड साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज विभागाध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें नवाचार को भविष्य के करियर का एक महत्वपूर्ण आधार बताया गया। जीएलबीसीआरआई के सलाहकार डॉ. एस. पी. मिश्रा ने उद्घाटन भाषण दिया और छात्रों को पारंपरिक सीमाओं से बाहर सोचने तथा व्यवहारिक समस्याओं के प्रभावी समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संदीप जैन, संस्थापक, गीक्स फॉर गीक्स द्वारा एक प्रेरणादायी सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने अपने विद्यार्थी से कहा कि सतत् प्रयास, निरंतर सीखने और तकनीकी दक्षता के महत्व पर बल दिया। छात्रों ने प्रो. (डॉ.) शशांक अवस्थी, डीन (स्ट्रेटेजी), जीएलबीआईटीएम का व्याख्यान भी सुना, जिनकी वैज्ञानिक सोच और नवाचार में विशेषज्ञता ने सभी को प्रभावित किया। जीएलबीसीआरआई के महाप्रबंधक डॉ. पी. एस. पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी वक्ताओं, प्रबंधन और छात्रों के सक्रिय योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जीएल बजाज एजुकेशनल ग्रुप के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को अपनाते हैं। संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रीति बजाज ने कहा कि उद्योग विशेषज्ञों और नवाचार मेंटरों के माध्यम से छात्रों को प्रारंभिक स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें अनुसंधान, समस्या समाधान और स्टार्टअप सृजन की ओर प्रेरित किया जा रहा है।

# अभद्र टिप्पणी करने पर गिरफ्तार

**रबूपुरा,** 3 मई (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मौलाना द्वारा हिंदुओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है तथा अग्रिम कारवाई की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निलौनी में समुदाय विशेष का धर्म स्थल है। जिसमें मूल रूप से गांव कुर्सेला जिला अररिया बिहार निवासी एक मौलाना रहते हैं। उक्त मौलाना द्वारा समुदाय विशेष के लोगों को एकत्रित कर हिन्दुओं व सनातन के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी वह अन्य प्रकार के हथकंडे अपनाकर माहौल खराब करने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसका खुलासा सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो से हुआ है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि वीडियो पुराना है लेकिन इससे मौलाना की मानसिकता जाहिर हो रही है जो कि क्षेत्र के सौहार्द को बिगड़ने के लिए काफी है और लोगों में आक्रोश पनप रहा है। कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय का कहना है कि इस तरह का एक वीडियो सामने आया है जो कि दो से तीन महीने पुराना बताया जा रहा है। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मौलाना को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# नशे का धन्धा करने का विरोध करने पर मारपीट, घटना में युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। एच्छर चौकी अंतर्गत नटमडैया में गांजा बेचने के विरोध करने पर आरोपियों एक इलेक्ट्रिक शॉप के दुकानदार के पुत्र को डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इलाज के दौरान 19 साल युवक की मौत हो गई। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। एक दुकान पर मामूली कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से किए हमले में दो लोग घायल हुए हैं। जिनमें से एक को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। इंद्रपाल परिवार के साथ नटमडैया गांव में रहते हैं। घर परिसर में उन्होंने इलेक्ट्रिकल शॉप खोल रखी है। परिवार में पुत्र रोहित के साथ दामाद सुनील कुमार के साथ रहते है। पड़ोस में एक व्यक्ति सुंदर नाम का व्यक्ति सब्जी की ठेली लगाता है। यहां उसका बड़ा पुत्र जीतेंद्र और छोटा पुत्र नरेंद्र सब्जी के ठेले की आड़ में दिहाड़ी कामगारों को फुटकर में गांजा बेचते हैं। गांजा बेचने के लिए आरोपियों ने दो महिलाओं को रखा हुआ है। इंद्रपाल का आरोप है कि 30 अप्रैल की रात गांव की दो महिलाओं ने गांजा बेचने वाली महिलाओं को ऐसा करने पर विरोध जताया था।

# अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दनकौर,** 3 मई (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के हतेवा गांव के पास से शनिवार को दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने करीब ग्यारह लीटर शराब बरामद की है। दोनों आरोपियों पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर आकाश और पुष्पेंद्र निवासी हतेवा शराब लेकर अपने गांव को जा रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर पुलिस ने गांव के पास से ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह अवैध रूप से गांव में शराब ले जाकर उसकी सप्लाई कर रहे थे। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# जिले में विशेष बच्चों के अनुकूली व्यवहार अध्ययन के लिए डेटा हुआ संग्रह

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा निर्देशों के क्रम में एवं मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर विद्यानाथ शुक्ल के निर्देशन में शनिवार को तुगलपुर देशराज भवन में सर्वे किया गया। जिसमें एसएएम (सीविरियोली एक्यूट



■ **एनआईईपीआईडी ने टीकाकरण अभियान के दौरान जुटाया 0-6 वर्ष के बच्चों का व्यवहारिक डेटा लिया**

मलनायरिशेड) बच्चों को सेशन पर छह सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही गत डीएनसी बैठक के अनुसार एएनएम को एसएएम बच्चों को ई कवच पर फीडिंग करने को कहा गया। बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंतर्गत 73 बच्चे एसएएम है जिसके सापेक्ष 4 बच्चे ही फीड है जो की असंतोषजनक है। सेशन पर ड्यू लिस्ट पाई गई जिसके अनुसार टीकाकरण संपन्न किया गया। अत्यधिक जटिलता गंभीर बीमार बच्चे को तत्काल एनआरसी में भर्ती करने की भी सलाह दी गई। देशराज भवन भवन में आईसीडीएस द्वारा आयोजित टीकाकरण अभियान के दौरान राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान द्वारा विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए एक विशेष डेटा संग्रह अभियान संचालित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन और आईसीडीएस गौतम बुद्ध नगर के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इसका उद्देश्य 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों के अनुकूली व्यवहार का आकलन कर एक राष्ट्रव्यापी मानकीकृत मूल्यांकन उपकरण का विकास करना है, जिसका उपयोग भविष्य में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास और नीति निर्माण में किया जा सकेगा। एनआईईपीआईडी भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एक स्वायत्त निकाय है, जो विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग के अनुसंधान एवं विकास प्रभाग के माध्यम से यह अध्ययन कर रहा है। संस्थान बौद्धिक विकलांगता और विकासात्मक देरी से पीड़ित बच्चों और वयस्कों के पुनर्वास के लिए सेवाएं प्रदान करता है। जिसके लिए पैन इंडिया स्तर पर डेटा एकत्र किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. प्राची शर्मा, प्रभारी अधिकारी, एनआईईपीआईडी क्षेत्रीय केंद्र नोएडा ने किया। उन्होंने उपस्थित परिवारों को अभ्यास की प्रासंगिकता, उद्देश्यों और इसके सामाजिक महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीडीपीओ दनकौर संध्या सोनी ने उपस्थित रहकर एनआईईपीडी टीम का स्वागत किया और उपस्थित अभिभावकों को इस परियोजना में उनकी भागीदारी और योगदान के लिए प्रोत्साहित किया। इस अभियान की सफलता में डीपीओ गौतम बुद्ध नगर पूनम तिवारी और सीडीपीओ दनकौर संध्या सोनी के सहयोग और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, जमीनी स्तर पर कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सत्यवती, कमलेश, सुनीता, रजनी, एएनएम बबीता और आशा कार्यकर्ता राज कुमारी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

# हत्या पीड़ित परिजन डीसीपी से मिलकर लगाई न्याय की गुराह

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई(देशबन्धु)। हत्या के मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई को लेकर शनिवार को लुक्सर गांव में विनय नागर की हत्या के मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन डीसीपी कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने पुलिस पर प्रकरण की सही विवेचना नहीं करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, 17 अगस्त 2024 को लुक्सर गांव के विनय नागर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के भाई ने नितिन, शेखर, आशीष, जागन व सुंदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले में शनिवार को ग्रेटर नोएडा के डीसीपी कार्यालय पहुंचे परिजनों ने बताया कि पुलिस की सही विवेचना नहीं होने का आरोपियों को लाभ मिला और जल्द जमानत मिल गई। हत्या करने वाले आरोपी मृतक परिवार को धमकी दे रहे हैं। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने इस मामले में भी सख्त कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार के नितिन नागर ने बताया कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर प्रकरण की पुन: जांच कराने की मांग की है। परिजनों ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले।

# चिकित्सा जगत के प्रोफेशनल्स को एकीकृत करने का प्रयास है महानंदन : डॉ आरसी मिश्रा

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मई (देशबन्धु)। महानंदन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर-चाई-2 ग्रेटर नोएडा ने शनिवार को अपने डेडिकेटेड कार्डियोलॉजी विभाग और नेफ्रोलॉजी विभाग का भव्य शुभारंभ किया। यह कदम क्षेत्र के नागरिकों को विश्वस्तरीय हृदय और किडनी देखभाल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. आर.सी. मिश्रा, वरिष्ठ न्यूरोसर्जन एवं चेयरमैन, महानंदन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस हॉस्पिटल की स्थापना का उद्देश्य है कि हर वर्ग के लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलें। हमारे यहां अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को सर्वोत्तम इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि हमें खुशी तभी मिलती है जब मरीज संतुष्ट होता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां से कोई भी गरीब बिना इलाज के वापस नहीं जाएगा। इस अस्पताल के खोलने का मुख्य उद्देश्य भारत में चिकित्सा जगत के प्रोफेशनल्स को जोड़ने व एकीकृत करने का प्रयास है। डॉ. अभिषेक देशवाल, वरिष्ठ क्रिटिकल केयर कंसलटेंट एवं कार्यकारी निदेशक ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। हम चाहते हैं कि किसी भी मरीज को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। डॉ. राहुल चंदोला, वरिष्ठ कार्डिओ थोरेसिक सर्जन एवं चेयरमैन, आईएचएलडी ने बताया कि हमारी टीम कार्डियक के हर प्रकार के केसेस जैसे एंजियोग्राफी से लेकर जटिल डिवाइस इम्प्लांटेशन तक संभालने में सक्षम है। भविष्य में हम महानंदन हॉस्पिटल में हार्ट ट्रांसप्लांट की लाइसेंसिंग भी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। डॉ. भरत, वरिष्ठ किडनी रोग विशेज्ञ एवं निदेशक, रेना केयर ने बताया कि हमारे यहां ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक एचडीएफ डायलिसिस यूनिट्स सातों दिन चौबिसों घंटे नेफ्रोलॉजिस्ट बैकअप के साथ उपलब्ध हैं। भविष्य में हम यहां किडनी ट्रांसप्लांट प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहे हैं। डेडिकेटेड कार्डियक विभाग का उद्घाटन हॉस्पिटल की चौथी मंजिल पर डॉ. आर.सी. मिश्रा द्वारा सभी कंसल्टेंट्स, स्टाफ उपस्थिति में किया गया।



■ **महानंदन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डेडिकेटेड कार्डियोलॉजी विभाग एवं नेफ्रोलॉजी विभाग का शुभारंभ**

कहानी

# पत्थर का शहज़ादा

■ जिलानी बानो

आईए... आईए मैडम जी... छोटे बाबा!

आपने पूरे शहर की सैर कर ली! मगर इस म्यूज़ीयम को देखे बग़ैर कैनाडा वापस मत जाईए।

शाम हो गई है? अजी मैडम! शाम तो रोज़ ही हुआ करती है। रोज़ मशरिक़ बड़ी भाग दौड़ कर के सूरज को दुनिया की तरफ़ घसीट कर लाता है। और रोज़ मग़रिब उसे अंधेरे में डुबो देता है। हाहाहा। आप बेफ़िक्र रहिए। रात होने से पहले आप अपने ठिकाने पर ज़रूर पहुंच जाएँगी।

इस म्यूज़ीयम में दुनिया के हर कोने से नायाब चीज़ें इकट्ठी की गई हैं।

ये लीजिए, ये इस म्यूज़ियम की गाईड बुक है और ये एलबम है। मैं इसकी क़ीमत नहीं लूंगा।

आप मेरे बग़ैर इस म्यूज़ियम को नहीं देख सकेंगी मैडम। आपको एक गाईड की ज़रूरत है।

अभी आप म्यूज़ीयम के अंदर क़दम मत रखिए।

वो आपको सामने बादशाह का दरबार-ए-ख़ास नज़र आरहा है?

आप यहां खड़े हो कर ताली बजाइये।

पूरे महल में आवाज़ गूंज उठती थी। कोई फ़र्यादी आया है?

बादशाह सलामत घबरा के उठ जाते थे।

मगर झटपट सारे मुसाहिब उनके आस-पास खड़े हो कर उन्हें यक़ीन दिलाते थे। ये तो झोंका हवा का था। भला उनके राज में किसी को फ़र्याद करने की क्या ज़रूरत है?

अब मुलाहिज़ा फ़रमाईए।

ये एक नायाब घड़ी है। एक सदी हो गई। हर घंटे पर घड़ी के अंदर से एक ग़ुलाम निकल कर ड्रम पर ज़रब लगा कर महल के अंदर सोने वालों को जगाना चाहता है।

मगर अभी तक बिचारे की आवाज़ महल वालों तक नहीं पहुंच सकी।

ज़रा ठहरिए। अभी अंदर मत जाईए। पहले दरवाज़े पर रखे हुए इन हब्शी ग़ुलामों के स्टैचू तो देख लीजिए।


आपका बेटा ठीक कह रहा है मैडम! उन ग़ुलामों की आँखें निकाल दी जाती थी और उन्हें मर्दानगी से महरूम कर दिया जाता था। क्योंकि वो बेगमात के हरमसरा की हिफ़ाज़त करते थे।

ये देखिए। महल के दरवाज़े पर कितनी शानदार तोपें रखी हुई हैं। आप ठीक कह रहे हैं छोटे मियां...

अगले वक़्तों में जब राजा किसी मुलूक पर चढ़ाई करते थे तो वहां के अवाम को संगसार किया जाता था। फिर तलवारों से मारने लगे। फिर बंदूक़ो से और अब तो अवाम के सर पर एटम बम का स्विच दबाया जाता है। हाहाहा।

आईए। अब म्यूज़ीयम के अंदर चलते हैं।

ये शहनशाह बाबर के जूते हैं... इन ही जूतों को पहन कर वो हिन्दोस्तान में दाख़लि हुआ था। आज भी सियासत के मैदान में दाख़लि होने वाले इन जूतों में पाँव ज़रूर डालते हैं।



ये वो ताज है जो शहनशाह जहांगीर ने अनारकली के लिए बनवाया था। बाद में अनारकली का सर इस में से ग़ायब कर दिया गया।

अब आप ये देखिए... ये शहनशाह अकबर की तलवार की मियान है... जी नहीं बादशाहों की मियान में तलवार कभी नहीं रही। वो तो सिर्फ़ मियान ही से डराते थे।

ये एक शहनशाह की ख़्वाबगाह है। सोने का छप्पर खट... सोने की जालियाँ। ख़्वाबगाह के सामने सात कुंवारियां सर झुकाए खड़ी हैं।

कौन जाने। आज किस के नसीब जागेंगे?

ये एक भिकारी का स्टैचू है। उसे भी ज़रूर किसी बादशाह ने ही बनवाया होगा। दोनों हाथ फैलाए वो भीक मांग रहा है।

इसके बारे में सही तौर पर मैं भी नहीं बता सकता कि ये कौनसा ज़माना था, जब किसी बादशाह ने अपने आगे किसी हाथ फैलाने वाले को न पाकर, ये स्टैचू बनवाया होगा!

ये मिर्ज़ा ग़ालिब की टोपी है... हाँ, उस का साइज़ बहुत बड़ा है... बहुत से शाइरों ने इसे पहनने की कोशिश की। मगर उनका मुँह छूप गया। हाहाहा। पहले मिर्ज़ा ग़ालिब का क़लमी दीवान भी इस म्यूज़ियम में था। सुना है कुछ ज़रूरतमंद अदीबों ने उसको नीलाम कर दिया।

अब आप इस गैलरी में आईए।

यहां दुनिया भर की नायाब पेंटिंग्स का कलेक्शन है मैडम!

ये देखिए... एक शायर दरबार में बादशाह की शान में क़सीदा पढ़ रहा है। उस शायर का मुँह मोतियों से बंद कर दिया जाता था।

उस ज़माने में ऐवार्ड देने का यही तरीक़ा था मैडम जी।

ये एक और शहनशाह का दरबार है।

सारे नवरतन सर झुकाए आँखें बंद किए खड़े हैं।

जी ? आपके बेटे पूछ रहे हैं कि क्या ये पार्लिमेंट हाउस है। हाहाहा।

सुना है इन दरबारों में आने वालों का अगर क़द ऊंचा होता था तो उनका सर काट कर छोटा कर देते थे।

ये दुनिया की नायाब किताबों के मेन स्क्रिप्टस हैं... उनमें क्या लिखा है? ये तो शायद अभी खोल कर नहीं देखा गया है।

आप पहले ये पेंटिंग देख लीजिए मैडम! सुक़रात को सच बोलने के जुर्म में ज़हर का पियाला पिलाया जा रहा है।

हाँ छोटे बाबू! सच बोलना आज की तरह उस वक़्त भी जुर्म था।

ये एक और भी पेंटिंग है। नाफ़रमानी करने वाले को संगसार किया जा रहा है। छोटे मियां...! पुराने ज़माने में उन्हें पत्थरों से मारते थे। फिर तलवारों से मारने लगे... फिर बंदूक़ो से नाफ़रमानी करने वालों को निशाना बनाया जाता था। अब उनके सरों पर एटम बम रख दिया गया है।

जी हाँ। दुनिया मुसलसल तरक़्क़ी कर रही है ना।

ये मिस्र का बाज़ार है... नीम ब्रहना हसीनाएं। अपने हुस्न और जवानी की झलक दिखा कर अमीरों और शहज़ादों को अपनी तरफ़ मुतवज्जा कर रही हैं। नहीं छोटे बाबू...! ये कनॉट प्लेस नहीं है।

इस फ्रेम के अंदर सोने के हुरूफ़ से लिखा किसी शहनशाह का फ़रमान मुबारक है। इस फ़रमान की इबारत का तर्जुमा अलग रखा गया है।

हरमसरा की दो सौ रानियों के मन्सब को दोगुना कर दिया गया है।

आज़ादी। तमाम वज़ीरों के लिए।

ख़िलअत और इनाम... तमाम शहज़ादों के लिए।

सज़ाएं और जुर्माने। सोचने वाले नौजवानों के लिए।

बाग़ी और सरकश अवाम को जहन्नुम रसीद करने के लिए ज़िल्ले सुबहानी ने अपने मुल्क में ही एक दोज़ख़ तामीर करने का हुक्म दिया है।

ये मलिका आलम के ज़ीवारात हैं...

ये शहज़ादे का सोने का पालना है।

ये शहनशाह के हीरों-मोतियों से आरास्ता जूते हैं।

इस सेक्शन में दुनिया के नायाब स्टैचूज़ हैं मैडम!

इन संग तराशों ने बड़े बड़े महात्माओं और दुनिया की मशहूर हस्तीयों को किस ख़ूबी से पत्थर में ढाल दिया है... मुलाहिज़ा फ़रमाईए बेगम साहिबा...

बहन जी... आप ठीक कह रही हैं। पत्थर को प्यार अक़ीदत के हाथों से ढालो तो भगवान का रूप धार लेता है। और हवस भरे हाथ एक औरत को पत्थर बना देते हैं।

ये देखिए, ये मीराबाई है। कहते हैं उसके पति ने उसके हाथ से इकतारा छीन कर उस के मुँह से गीत भी छीन लिए थे। आप देखिए... अब वो इस म्यूज़ीयम में पत्थर की औरत नज़र आती है।

ये देखिए, फ़िरऔन... रावण... मुसोलेनी... हिटलर के स्टैचूज़ हैं। दूर से देखिए तो ऐसा लगेगा जैसे सच-मुच का फ़िरऔन खड़ा अपनी ख़ुदाई का ऐलान कर रहा है।

इसके बाद ये सब और बादशाहों और हमारे लीडरों की क़तार शुरू हो जाती है। उनको भी ख़ुदा होने का इतना ही यक़ीन था... ये हमारे आख़िरी राहनुमा हैं... क़रीब आकर देखो छोटे बाबा...! वो हाथ में एटम बम उठाए इस संसार के ख़ातमे का ऐलान करने वाले हैं। मगर एक अड़चन आ गई है...

सारी दुनिया ख़त्म कर देंगे तो उन्हें नोबल प्राइज़ कौन देगा?

अब सामने देखिए।

कितना ऊंचा महात्मा बुद्ध का मुजस्समा है वहां।

आप चाहें किसी तरफ़ जा खड़े हों। बुद्ध की निगाहें आपका पीछा किए जाएँगी।

मैडम जी...! कुछ देर यहां रुक जाईए।

आँखें बंद कर लीजिए और ग़ौर से सुनें।

बुद्धा आपसे कह रहा है,

तुम जो कुछ कह रहे हो, उसे सुना भी करो।

ये पेंटिंग यहां पहले नहीं थी। शायद अभी आई है।

ये किसी आज के मुसव्विर की आख़िरी पेंटिंग है। सुना है इसकी सब पेंटिंग्स जला दी गईं। इसका टाईटल है, पत्थर का शहज़ादा ।

सॉरी मैडम... ये तो मैं नहीं जानता कि मुसव्विर ने इस पेंटिंग का ये टाईटल, क्यों रखा है?

शहज़ादे को तो पीछे पलट कर देखने पर सज़ा मिलती थी। मगर इस शहज़ादे को शायद आगे देखने के जुर्म में पत्थर बना दिया गया।

## दो गज़लें

■ बालमोहन पांडेय

**1**

समय से पहले भले शाम-ए-ज़िंदगी आए
किसी तरह भी उदासी का घाव भर जाए

हम अब उदास नहीं सर-ब-सर उदासी हैं
हमें चराग़ नहीं रौशनी कहा जाए

जो शेर समझे मुझे दाद-वाद देता रहे
गले लगाए जिसे ग़म समझ में आ जाए

गए दिनों में कोई शौक़ था मोहब्बत का
अब इस अज़ाब में ये ज़ेहन कौन उलझाए

किसी के हँसने से रौशन हुई थी बाद-ए-सबा
कोई उदास हुआ तो गुलाब मुरझाए

ये एक दुख ही दबा रह गया है आँखों में
वो एक मिसरा जिसे शेर कर नहीं पाए

अगर हूँ ग़ुस्से में फिर भी मैं चाहता ये हूँ
मैं सिर्फ़ हिज्र कहूँ और फ़ोन कट जाए

**2**

सब के होंटों पे ये मरने की दुआएँ कैसी
चारागर तू ने हमें दीं हैं दवाएँ कैसी

एक ही पल में बदलते हैं मनाज़िर क्या क्या
हम तिरी आँखें बनाएँ तो बनाएँ कैसी

मय-कशी छोड़ दो जब भूल चुके हो उस को
अब शिफ़ा मिल ही गई है तो दवाएँ कैसी

ऐसे हालात में हँसने की तमन्ना किस को
ऐसे माहौल में जीने की दुआएँ कैसी

अंधे लोगों को सुना देते हैं उस का चेहरा
आप के लोग भी देते हैं सज़ाएँ कैसी

हँसते-गाते भी उदासी नहीं छोड़ी मैं ने
छोड़ देती हैं जो बच्चों को वो माएँ कैसी

# कविता जहां दुख भी सुख की तरह बोलता है

■ मालिनी गौतम

श्रुति कुशवाहा का दूसरा कविता संग्रह 'सुख को भी दुख होता है' (राजकमल प्रकाशन) समकालीन हिंदी कविता की भीड़ में एक ऐसी आवाज़ है जो चुपचाप, बिना किसी शोर-शराबे के, बेहद मारक ढंग से अपनी बात कहती है। यह संग्रह किसी विशेष विचारधारा के प्रदर्शन की कोशिश नहीं करता लेकिन विचारों की परतों से भरा है। इसमें एक ऐसी दृष्टि है जो किसी भी स्थूल प्रतिरोध से ज़्यादा भीतर के सन्नाटे, संबंधों की जटिलता, भाषा के अवचेतन और सत्ता की महीन बुनावट को पहचानने की ज़िद करती है।

इस संग्रह को पढ़ते हुए यह जल्दी समझ में आने लगता है कि श्रुति की कविताएँ 'अर्थ देने' की जल्दी में नहीं हैं। वे अनुभव के स्तर पर भाषा को जीती हैं, उसे उसकी मूल संवेदना में पकड़ती हैं। संग्रह की पहली कविता में ही भाषा के जन्म की जो कल्पना रची गई है वह न तो लिंग से ग्रस्त है न ही किसी पूर्वग्रह से-बल्कि वह भाषा को स्मृति, ध्वनि, स्पर्श और बाल-संवेदना से जोड़ती है। श्रुति के लिए भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि एक जीवित अनुभव है, जिसमें माँ की लोरी, पिता की आवाज़, मिट्ठुओं की चहचहाहट और मिट्टी की गंध शामिल होती है।

श्रुति की कविताओं में विचार किसी घोषणापत्र की तरह नहीं आते बल्कि एकदम किनारे से दाख़लि होते हैं। 'सुख को भी दुख होता है' शीर्षक कविता को अगर पढ़ा जाए, तो वहाँ कवयित्री 'सुख' की उस आभासी संरचना को सामने लाती हैं जिसे हम रोज़ अपने जीवन में 'प्राप्त' मानते हैं- संगीत, बारिश, चाय, नींद, किताबें, बच्चों की मुस्कान। लेकिन क्या सुख सिर्फ सजावटी वस्त्रों का नाम है? नहीं, बल्कि यह एक ऐसा अनुभव भी हो सकता है जो अपनी ही छवि में कैद होकर घुटने लगे। सुख के भीतर छुपे भय, असुरक्षा और खो जाने का डर इस कविता को सिर्फ एक भावनात्मक रचना नहीं रहने देते, बल्कि यह कविता सत्ता और पूंजी के उन तंतुओं को छूती है जो 'खुशी' और 'संपन्नता' को भी बाज़ार का उत्पाद बना देते हैं। सुख का फफककर रो पड़ना एक चौंकाने वाला लेकिन बेहद मार्मिक क्षण है जो हमें हमारे अपने आत्मप्रवंचन से टकरा देता है।

इस संग्रह में प्रेम और स्त्री की उपस्थिति विशिष्ट है। प्रेम के विचार से शुरू करें, तो श्रुति की कविताएँ इस संग्रह में प्रेम को एक स्थिर, अपरिवर्तनीय भावना के रूप में नहीं देखतीं। कविता में प्रेम के विभिन्न रूप हैं, लेकिन यह केवल एक आकर्षण या भटकाव तक सीमित नहीं है। प्रेम की अनुभूति संग्रह में बहुत जटिल और बहुआयामी रूप में प्रस्तुत होती है। एक कविता में वे कहती हैं: 'देह का नमक भात की गंध में सानकर खाना/आँख मीचकर देखना प्रियतम का स्पर्श/ध्वनी को पोरों से टटोलना/प्रेम में गिरना नहीं...उठना सखी।' यह पंक्ति प्रेम के स्थायित्व और अस्थायित्व दोनों को व्यक्त करती है, जिसमें समय और स्मृति के साथ प्रेम की ध्वनियाँ बदल जाती हैं। इस तरह प्रेम की मानसिक स्थिति, उसके बदलते रंग और उसका हर रूप अंततः संज्ञा और अभिव्यक्ति से परे एक अनुभव बन जाता है। यह न केवल व्यक्तिगत प्रेम की परिभाषा प्रस्तुत करता है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में भी प्रेम के रूप में होने वाले बदलाव को दर्शाता है। कविता की भाषा में एक सादगी है, लेकिन वही सादगी इंद्रियों के गहन अनुभवों को एक आत्मीय विस्तार देती है। 'देह का नमक', 'भात की गंध', 'प्रियतम का स्पर्श', 'ध्वनि को पोरों से टटोलना' ये सारे बिंब प्रेम को केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण इन्द्रियबोध में बदल देते हैं। कवयित्री प्रेम को गिरने की नहीं, उठने की क्रिया मानती है। एक ऐसी स्थिति जिसमें स्त्री अपनी चेतना, इच्छाओं और स्मृतियों के साथ पूर्ण रूप से उपस्थित रहती है।


प्रेम की संपूर्णता को कविता में इस तरह चित्रित किया गया है कि उसमें न केवल आत्मविलयन है, बल्कि आत्मरक्षा और आत्मसम्मान की भावना भी अंतर्निहित है। कविता का अंत विशेष रूप से मार्मिक है, जहाँ वह प्रेम की विदाई को भी एक सुंदर अनुभव बनाकर प्रस्तुत करती है-वह जो अपने प्रिय की नाभि पर स्मृतियों का अमृत छिड़क सकती है, और उसके अपराधों को अपनी नदी में बहा सकती है।

कविता प्रेम को नई दृष्टि से देखने का अवसर देती है। ऐसी दृष्टि जिसमें करुणा है, आत्मबल है, और सबसे बढ़कर एक उदात्त भाव है। यह केवल प्रेम की नहीं, प्रेम में संपूर्ण नारी अस्मिता की कविता है।

प्रेम को लेकर प्रचलित धारणा रही है कि वह व्यक्ति को विह्वल करता है, भीतर से तोड़ता है, और अक्सर उसे निर्बल बना देता है। लेकिन श्रुति की प्रेम कविताएँ इस धारणा का संवेदनशील प्रतिवाद हैं। वह प्रेम को एक सजग, सशक्त और गरिमामय अनुभव के रूप में रेखांकित करती है, जहाँ स्त्री न केवल प्रेम करती है, बल्कि उसमें आत्मनिर्भर भी होती है।

'प्रेमिकाएँ' कविता उन भावनात्मक श्रमों का लेखा-जोखा है जिन्हें सामान्यत: स्त्रियाँ निभाती हैं-बिना नाम, बिना अधिकार, बिना मांग के। यह कविता प्रेमिका की उस सामाजिक स्थिति को उजागर करती है जहाँ वह सिर्फ एक आश्रयस्थल है-पुरुष की हार, थकान, विफलता के समय की ठौर। यह प्रेम नहीं, एक व्यवस्था है-जहाँ स्त्री का प्रेम उसकी अपनी अस्मिता का विसर्जन बन जाता है। कवयित्री यहाँ न तो कोई भावुक करुणा रचती हैं, न कोई प्रत्यक्ष गुस्सा व्यक्त करती हैं, बल्कि वह बहुत सधे हुए शब्दों में उस अन्याय की गहराई को छूती हैं जो दिखने में सहज है पर भीतर से खोखला करता है।

स्त्री के संदर्भ में श्रुति की कविताएँ केवल लिंग आधारित पीड़ाओं की पुनरावृत्ति नहीं करतीं, बल्कि वे उन सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक दबावों को उद्घाटित करती हैं जहाँ स्त्री हर भूमिका में 'प्राप्त वस्तु' की तरह दिखती है- घर में, प्रेम में, इतिहास में। ये कविताएँ स्त्री के अनुभव को पुन: परिभाषित करती हैं, लेकिन एक स्थूल दृष्टिकोण से नहीं। कविता 'आलू' एक नज़र में हम सबके प्रिय भोजन आलू पर लिखी गयी एक मनोरंजक कविता लग सकती है लेकिन वहाँ बिना कहे ही एक रूपक साथ-साथ चलता रहता है। आलू, जो सबका पोषण करता है लेकिन कभी अपने स्वाद, अपनी अस्मिता का गौरव नहीं पाता, वह स्त्री की स्थिति का एक ज़रूरी, सूक्ष्म और गहरा प्रतीक है।




| | | |
|---|---|---|
| कविता संग्रह | : | सुख को भी दुख होता है |
| लेखिका | : | श्रुति कुशवाहा |
| प्रकाशक | : | राजकमल |
| प्रकाशन वर्ष | : | 2025 |

श्रुति की राजनीतिक चेतना किसी नारेबाज़ी में नहीं, बल्कि प्रतीकों और भाषा की पुनर्रचना में प्रकट होती है। 'रामराज' कविता उदाहरण है कि किस तरह भाषा सत्ता की सहयोगी बन सकती है। वहाँ 'रोटी' भूख की जगह नहीं लेती, 'लोकतंत्र' तानाशाही का नया नाम हो जाता है। यह कविता स्पष्ट करती है कि किस तरह शब्दों के अर्थ बदलकर पूरी दुनिया की संरचना को नियंत्रित किया जाता है। 'अब वहाँ दिन का नाम रात है/कोयले का नाम फूल/चीख़ का नाम संगीत/भूख का नाम रोटी/भय का नाम भक्ति और तानाशाही का नाम लोकतंत्र'। यह कविता स्पष्ट रूप से सत्ता के उस खेल को दर्शाती है, जहाँ धर्म और राजनीति के बीच समझौता किया जाता है और सत्ताधारी अपनी शक्ति को धार्मिक प्रतीकों के सहारे मज़बूत करते हैं। इस कविता में कोई आक्रोश या गुस्सा नहीं है, बल्कि एक गहरी चिंतनशीलता है जो पाठक को स्थिति के प्रति सचेत करती है। यह राजनीति और सत्ता के नाम पर होने वाली नैतिक लूट का एक साफ संकेत देती है।

इसी तरह 'बयान' कविता का नैतिक बल इस बात में है कि वह एक ऐसे समय में लिखी गई है जब चुप रहना ही सबसे अधिक पुरस्कृत गुण माना जाता है। यह कविता चुप्पी के अपराधबोध को उजागर करती है और यह बताती है कि कविता भी एक बयान है-एक गवाही, एक हस्तक्षेप।

कविता श्रुति के यहाँ सिर्फ महसूस करने का माध्यम नहीं, बल्कि जानने का, समझने का औजार है। संग्रह की 'खोना' जैसी कविताएँ दर्शाती हैं कि आधुनिकता ने मनुष्य से उसकी जड़ों को किस तरह काट दिया है- सपनों का नींद से, स्मृतियों का रिश्तों से और भाषा का संवेदना से खो जाना, एक सभ्य लेकिन शून्य में जीते हुए समाज की तस्वीर है। यह खोना किसी निजी क्षति का अनुभव नहीं, बल्कि समय की विडम्बना है जिसमें मनुष्य अपनी ही बनायी हुई व्यवस्था में विस्थापित होता चला गया है।

कवयित्री की तेज नज़र सिर्फ़ स्त्री या राजनीति तक सीमित नहीं है। वह समाज के हर उस व्यक्ति तक पहुँचती है जो शोषित है, उपेक्षित है, जो हमारे सामाजिक नियमों, कायदों या प्रचलित परंपराओं में जगह न बना सकने के कारण व्यथित है, उदास है और खुद को हारा हुआ महसूस करता है।

'हारे हुए लोग' एक ऐसी कविता है जो आधुनिक समाज की उस भीतरी परत को उजागर करती है, जहाँ हार केवल एक परिणाम नहीं, बल्कि एक पहचान बन जाती है। यह कविता उन असंख्य व्यक्तियों की कहानी है, जो जीवन की निरंतर स्पर्धा में पीछे रह जाते हैं-कभी एक नौकरी में, कभी एक रिश्ते में, कभी स्वयं अपने अस्तित्व में।

कविता की सबसे बड़ी विशेषता इसकी संवेदनशील और गहराई से पगी दृष्टि है। यह नायकों की नहीं, आम और अनदेखे लोगों की बात करती है। यह उनकी बात करती है जो सबसे कोने में बैठते हैं, जिन्हें प्रमोशन कभी नहीं मिला, जो बच्चों से किए वादे पूरे नहीं कर पाए, जिनकी ज़िन्दगी में 'चुपचाप' एक स्थायी भाव बन गया है। यह कविता हमें याद दिलाती है कि हार केवल करियर या पैसे से जुड़ी नहीं होती, बल्कि संबंधों, आत्मसम्मान और स्वीकृति के स्तर पर भी उतनी ही गहरी और मारक हो सकती है।

कविता की भाषा सरल है, पर उसका असर असाधारण। इसमें बिंब नहीं, सीधे जीवन की ठोस छवियाँ हैं। ठंडा खाना, अंधेरा कमरा, पसंद की सब्ज़ी का न मिलना, ये सब प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ हैं, जो पाठक को भीतर तक झकझोरते हैं। 'खोटे सिक्के' और 'गुमशुदा' जैसे शब्द न केवल सामाजिक उपेक्षा को उजागर करते हैं, बल्कि हमारे मूल्यांकन के तरीकों पर भी सवाल उठाते हैं।

यह कविता प्रश्न करती है कि हारे हुए लोग आख़िर कहाँ जाते हैं? और यही प्रश्न इसकी शक्ति है। यह पाठक को उदास नहीं, जागरूक बनाती है। यह कविता एक सामाजिक दस्तावेज़ की तरह है, जो बाजारू सफलता के पीछे छूट गए चेहरों की ओर हमारी दृष्टि मोड़ती है। यह आज के समय की उन अनसुनी आवाज़ों को शब्द देती है, जिन्हें पहचान और करुणा दोनों की दरकार है।

लेकिन हताशा, उदासी या निष्कर्षहीनता इस संग्रह की कविताओं का मूल स्वर या केन्द्रीय भाव नहीं है। यहाँ अगर निराशा है तो उम्मीद भी है। 'उम्मीद' कविता, जो संभवत: संग्रह की सबसे सादगीपूर्ण लेकिन गहरी कविताओं में से है, हमें यह भरोसा दिलाती है कि तमाम विफलताओं, अकेलेपन और टूटन के बावजूद जीवन में उम्मीद का एक कोना हमेशा सुरक्षित रहता है। यह उम्मीद किसी उत्साही उद्घोष की तरह नहीं आती, बल्कि एक मौन सहमति की तरह आती है कि जीने का अर्थ केवल सहना नहीं, बल्कि उम्मीद के साथ टिके रहना भी है।

श्रुति की कविताएँ सत्ता की विडंबनाओं के साथ-साथ समाज के भीतर छिपी उन असमानताओं को भी खोलती हैं, जो अक्सर अदेखी रह जाती हैं। श्रुति के काव्य-विश्व में भाषा का प्रयोग बेहद सूक्ष्म और तीव्र है। उनकी कविता में शब्दों की गति, उनका प्रवाह, और उनकी अंतरंगता बहुत प्रभावी रूप से पाठक से जुड़ती है। कविता में एक घरेलू-सी सहजता होती है, लेकिन उसी भाषा में सत्ता की आलोचना और समाज के विरोधाभासों की खुलकर व्याख्या भी होती है।

श्रुति की कविताएँ शोर नहीं करतीं, लेकिन वे अपने भीतर गहरी शांति और प्रतिबद्धता से भरी होती हैं। वे अपने शब्दों में विचारों को इस तरह छिपा देती हैं कि वे धीरे-धीरे पाठक के भीतर पैठ जाते हैं। इस संग्रह की हर कविता को पढ़ते समय यह महसूस होता है कि कवि ने अपने शब्दों को पूरी जिम्मेदारी से चुना है। उनका कोई भी शब्द बिना किसी उद्देश्य के नहीं होता, और यही संग्रह की सबसे बड़ी ताकत है।

'सुख को भी दुख होता है' संग्रह के माध्यम से श्रुति ने जो काव्य-रचना प्रस्तुत की है, वह न केवल समकालीन समाज, राजनीति और स्त्री के संघर्ष का जीवंत दस्तावेज़ है, बल्कि यह जीवन के समग्र अनुभवों का गहरा और सूक्ष्म विश्लेषण भी है। उनके शब्दों में न केवल गहरी संवेदनशीलता है, बल्कि एक गहरी विचारशीलता और सामाजिक जागरूकता भी है, जो इसे एक सशक्त संग्रह बनाती है।

इन कविताओं में विचार और संवेदना के बीच कोई युद्ध नहीं, बल्कि एक गहन संवाद है। यह संवाद भाषा को पॉलिश नहीं करता, वह उसकी धूल झाड़ता है, उसे स्मृति में डुबोता है, और फिर उस पर एक नया प्रश्नचिह्न रखता है। ये कविताएँ पाठक को एक निष्कर्ष नहीं देतीं, बल्कि उन्हें अपने भीतर झाँकने को विवश करती हैं। वे प्रश्न करती हैं धीरे से लेकिन अटल मजबूती से। और शायद कविता का सबसे गहरा प्रभाव भी यही होता है कि वह समय के विरुद्ध खड़ी होकर हमें सोचने, पहचानने, और संदेह करने की ताकत दे।

प्रिय श्रुति का यह कविता संग्रह हिन्दी काव्य जगत में एक विशेष स्थान बनाए यही शुभकामनाएँ!

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## दक्षिणी चिली में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी जारी

**सैंटियागो,** 3 मई (एजेंसियां)। चिली के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है। चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है।

# पाक की आर्थिक रीढ़ तोड़ने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत पाकिस्तान को हर मोर्चे पर शिकस्त देना चाहता है। रणनीतिक और कूटनीतिक घेराबंदी के साथ ही नई दिल्ली इस्लामाबाद को पाई-पाई के लिए भी मोहताज करना चाहती है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन और ऋण पर फिर से विचार करने के लिए कहेगा। साथ ही वैश्विक धन शोधन निरोधक एजेंसी, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) से इस्लामाबाद को 'ग्रे' सूची में डालने की अपील की जाएगी। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि भारत, दिवालियापन से बचने में मदद के लिए हाल के महीनों में आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को दी गई सुविधाओं की समीक्षा की मांग करेगा। वह परियोजनाओं को फंड देने वाली विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य एजेंसियों के साथ भी संपर्क में है।

यह सभी जानते हैं कि पाकिस्तान गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। वह पूरी तरह से विदेशी कर्ज पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को रोक दिया जाए या मुश्किल बना दिया जाए तो उसके लिए अपने वजूद को बचाना ही सबसे बड़ा सवाल बन जाएगा।




- विश्व बैंक व एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य एजेंसियों के साथ संपर्क में भारत
- जनवरी में विश्व बैंक ने पाकिस्तान को 20 अरब डॉलर के ऋण पैकेज को दी थी मंजूरी

पाकिस्तान ने पिछले साल आईएमएफ से 7 बिलियन डॉलर का बेलआउट प्रोग्राम हासिल किया था और मार्च में उसे 1.3 बिलियन डॉलर का नया जलवायु ऋण मिला था। जनवरी 2025 में विश्व बैंक ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को उसकी चुनौतियों से उबरने के लिए 20 अरब डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दी थी। आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड विस्तारित वित्तपोषण की पहली समीक्षा के लिए 9 मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है।

जानकारों का कहना है कि आईएमएफ को 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के मद्देनजर पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। उसे आतंकवाद के लिए पाकिस्तान के समर्थन को ध्यान में रखते हुए कठोर शर्तों के बिना वित्तीय सहायता जारी रखने से आर्थिक स्थिरता और सुधार के मूल उद्देश्यों को नुकसान पहुंचने का खतरा है। आईएमएफ को यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय सहायता अनजाने में उन गतिविधियों को बढ़ावा न दे, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। बता दें आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों पर गोलियां चला दी थीं।

## पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों की भारतीय बंदरगाहों में नो एंट्री

**नई दिल्ली।** पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही भारतीय झंडे वाले जहाजों के पाकिस्तान के बंदरगाहों पर जाने पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए नवीनतम आदेश इसी सिलसिले की एक कड़ी है। ये प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958 की धारा 411 के तहत भारतीय परिसंपत्तियों, कार्गो और बंदरगाह अवसंरचना की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं।मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि अधिनियम का उद्देश्य राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए सर्वोत्तम तरीके से भारतीय व्यापारिक नौवहन के विकास को बढ़ावा देना और उसका कुशल रखरखाव सुनिश्चित करना है।सुरक्षा को मजबूत करने और भारत के समुद्री हितों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत यह आदेश अगली सूचना तक लागू रहेगा।



- भारतीय व्यापारिक नौवहन के विकास को बढ़ावा देना व उसका रखरखाव सुनिश्चित करना है उद्देश्य

## गुटेरेस सदस्य देशों के समक्ष सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे : दुजारिक

**संयुक्त राष्ट्र,** 3 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कुछ ही सप्ताह में सदस्य देशों के समक्ष संगठन के सुधार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी। श्री गुटेरेस ने मार्च में यूएन-80 पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें व्ययों को अनुकूलित करने के लिए इसके संचालन का ऑडिट शामिल है। ये सुधार अमेरिका की ओर से संयुक्त राष्ट्र बजट योगदान में कटौती और मानवीय परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ट्रम्प प्रशासन के रुख के बीच किए जा रहे हैं। श्री दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को रिपोर्ट करेंगे, क्योंकि हमें इन महत्वाकांक्षी सुधारों के लिए उनकी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उनकी सहमति की आवश्यकता होगी और उनकी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी। प्रवक्ता ने कहा कि कार्य प्रासंगिक पहल के हिस्से के रूप में, संसाधन अनुकूलन, अधिदेश पुनर्गठन और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर संरचनात्मक परिवर्तन जैसी तीन दिशाओं पर केंद्रित है।



- महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को करेंगे रिपोर्ट

## सुडोकू 6902

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 4 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 6**

### राशिफल

मेष - आज आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। भावुक रूप से आप थोड़े कमजोर बने रहेंगे। किसी भी बात से आपका मन दु-खी हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी।

वृषभ - आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे- संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट- सौगात की प्राप्ति होगी। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा।

सिंह - आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद तथा संघर्ष खड़ा हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें।

कन्या - आज लाभ का दिन है। व्यापार- धंधे में विकास के साथ- साथ आय भी बढ़ेगी। नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख- संतोष की अनुभूति होगी।

तुला - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। मां से आर्थिक लाभ होगा। गृह सजावट का काम हाथ में लेंगे।

वृश्चिक - आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में गहरी चिंताएं सताया करेंगी। नौकरी- व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे।

धनु - अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा।

मकर - विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

कुंभ - आज किए गए काम में आपको यश, कीर्ति और सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आपके विचार और व्यवहार में भावुकता अधिक रहेगी।

मीन - आप आज अपने काम में काफी रचनात्मक रहेंगे। आप साहित्य के क्षेत्र में लेखन तथा पठन के काम में गहरी रुचि रखेंगे। हृदय की कोमलता प्रियजनों के निकट लाएगी। स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायल ने सीरिया की दमिश्क, मध्य व पश्चिमी प्रांतों पर किए हमले

**दमिश्क,** 3 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने हवाई हमले तेज करते हुए सीरिया की राजधानी दमिश्क के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिमी प्रांतों में युद्धक विमानों के हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं। सीरियाई मीडिया और एक निगरानी समूह के अनुसार इजरायल ने पूरे सीरिया में हवाई हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई। सीरियाई अखबार अल-वतन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना द्वारा दमिश्क में कल दोपहर कनाकर शहर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, हरस्टा के पूर्वी उपनगर के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाकर कम से कम 10 हवाई हमले किए गए, जिसमें हरस्टा सैन्य अस्पताल के पास एक सैन्य चौकी भी शामिल है।

सीरिया के सरकारी प्रसारक अल-इखबरिया ने बताया कि हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कल शाम तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।



- इजरायली टोही विमान भी सीरिया पर मंडराते रहे

दक्षिणी सीरिया में, इजरायली हवाई हमलों ने दारा प्रांत के मोथबीन और इजरा के शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया में, कल रात को हामा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में शाहता गांव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमले किए गए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कथित तौर पर इजरायली टोही विमान भी सीरिया के दक्षिणी और मध्य भागों, जिसमें दारा, होम्स और हामा के ऊपर मंडराते रहे, जो एक समन्वित अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है।

## इजरायली हमलों में 30 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** गाजा में विस्थापित लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों में कम से कम 30 फिलिस्तीनी मारे गए।गाजा में नागरिक सुरक्षा मामलों के प्रवक्ता महमूद बसल ने यहां बताया कि पूर्वी गाजा शहर के शुजाय्या के निकट 'घट्टास' परिवार के घर पर हवाई हमले में 10 लोग मारे गए है। उधर समीपवर्ती दाराज में नागरिकों पर ड्रोन हमले में चार अन्य लोग मारे गए। गाजा शहर के ही ज़ीतून में दो और लोगों के मारे जाने की भी खबर है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक रिहायशी घर पर हमले में 11 लोग मारे गए। नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक तंबू पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य हमले में पास के तंबू में एक और व्यक्ति की मौत की खबर है1

**इजरायली सेना ने हमलों के बारे में नहीं की कोई टिप्पणी**

## दक्षिण सूडान में हिंसा में 15 लोगों की मौत, 16 घायल

**जुबा,** 3 मई (एजेंसियां)। दक्षिण सूडान के उत्तरी इलाके में अशांत वारप राज्य के टोंज साउथ काउंटी में झड़पों में कम से कम 15 लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी। टोंज साउथ काउंटी के कमिश्नर रिंग डेंग एडिंग ने बताया कि गुरुवार को हुई झड़पें अपुक, यार और मूक समुदायों के सदस्यों द्वारा मन्यांगोक पयाम पर किए गए हमले के बाद हुईं। उन्होंने बताया कि अगामा गांव में शुरू हुई लड़ाई में कई घर जलकर राख हो गए, संपत्ति लूट ली गई और कई परिवार विस्थापित हो गए।



श्री एडिंग ने बताया कि दिसंबर 2024 और इस साल जनवरी में कुछ मवेशियों पर हमला किया गया था और आज तक इन समुदायों ने लड़ाई जारी रखी है। उन्होंने बताया कि हालांकि मैंने उन्हें रोकने के लिए दक्षिण सूडान पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (एसएसपीडीएफ) को भेजा था, लेकिन वे अभी भी बलों के इर्द-गिर्द घूम रहे हैं।

## अमेरिका ने दी यूक्रेन के लिए एफ-16 प्रशिक्षण पैकेज को मंजूरी


**लॉस एंजिल्स,** 3 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश विभाग ने यूक्रेन के लिए 31 करोड़ अमेरिकी डॉलर के एफ-16 लड़ाकू जेट प्रशिक्षण और रखरखाव पैकेज को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) के अनुसार पैकेज में उड़ान प्रशिक्षण, रखरखाव सहायता, स्पेयर पार्ट्स, ग्राउंड हैंडलिंग उपकरण और विशेष सॉफ्टवेयर सिस्टम शामिल है।

डीएससीएने कहा कि लॉकहीड मार्टिन एयरोनॉटिक्स, बीएई सिस्टम्स और एएआर कॉर्पोरेशन इस सौदे के प्रमुख ठेकेदार हैं। हालांकि इस पैकेज में कोई वास्तविक विमान शामिल नहीं है , क्योंकि जेट सीधे अमेरिका से नहीं बल्कि नाटो सहयोगियों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। यह समर्थन पैकेज दिसंबर 2024 में जो बाईडेन के प्रशासन के तहत स्वीकृत 26 करोड़ 64 लाख डॉलर के एफ-16 रखरखाव समझौते के बाद आया है, जिसमें मिशन प्लानिंग सिस्टम और प्रमुख रखरखाव उपकरण प्रदान किए गए थे। नीदरलैंड, डेनमार्क, नॉर्वे और बेल्जियम सहित कई नाटो सदस्यों ने सामूहिक रूप से यूक्रेन को 79 एफ-16 देने का वादा किया है और 2025 तक और अधिक डिलीवरी की उम्मीद है।

ब्रिटेन स्थित डेटा समाचार और विमानन और एयरोस्पेस उद्योग के लिए उद्योग अंतर्दृष्टि प्रदाता फ्लाइटग्लोबल के अनुसार, एक रेगिस्तानी हवाई क्षेत्र में एंटोनोव एएन-124 भारी कार्गो एयरलिफ्टर पर एक सिकुड़े हुए एफ-16 धड़ को लोड किया जा रहा है।

- पैकेज में उड़ान प्रशिक्षण, रखरखाव सहायता, स्पेयर पार्ट्स, ग्राउंड हैंडलिंग उपकरण व विशेष सॉफ्टवेयर सिस्टम शामिल

## वर्ग पहेली 6902



**दायें से बायें:-**

१. पराजित होना, अपमानित होना (मुहावरा है दांत ...)
३. तबेला, अश्वशाला
५. गायब, लुप्त
६. 26 दिसंबर साल 1934 के पूर्व ईरान को इस नाम से जाना जाता था
७. निरुत्तर, अनुपम (उर्दू)
८. चांदी का घड़ा
१३. भिड़ंत, टकराव
१५. घर्षण, घिसाव
१६. शिष्टता, शहर में रहने का भाव
१७. लाजवंती
१८. जवानी, .युवावस्था
२०. दर्शकगण
२२. तकलीफदेह
२३. डरावना

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनबन, मनमुटाव
२. बुद्धिमान
३. मुनाफाखोरी
४. उपद्रवकारी (उर्दू)
५. जिसे जीता गया हो, पराजित
९. कसकर बांधना, कसना, बांदना
१०. जिद्दी
११. प्रभात, सुबह
१२. असुविधा, कठिनाई
१४. सभासद (उर्दू)
१७. चंद्रमा
१९. वसन
२०. ध्वनि, आवाज
२१. गगन, आकाश

### वर्ग पहेली-6901



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1767-प्रसिद्ध कवि तथा कर्नाटक संगीत के संगीतज्ञ त्यागराज का जन्म।
1780-अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना।
1799-मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन।
1846-अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
1854-भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रुप से जारी हुआ।
1896-लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
1897-फ्रांस के पेरिस बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत हुई।
1905-भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म।
1924-पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1935-पंजाबी की प्रतिष्ठित, बहुचर्चित अग्रज लेखिका दलीप कौर तिवाना का जन्म।
1945-जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में सरेंडर किया।
1957-भारतीय इतिहासकार हेमचंद्र रायचौधरी का निधन।
1959-पहला ग्रैमी अवॉर्ड आयोजित हुआ।
1979-श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1980-कोल माइंस डे की घोषणा हुई।
1980-जिम्बाब्वे के नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।
1983-चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
1989-अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।
1994-काहिरा में इजरायल एवं फ़िलिस्तीनी नेताओं द्वारा फ़िलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर।
1999-भूमिगत बारूदी सुरंगों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) में शुरू।
2003-मैक्सिको की अन्ना गुएवेरा ने 35.30 सेकेण्ड का समय लेकर ग्रांप्री मीटर की 300 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।

**मामला** *बिना मंजूरी पाकिस्तानी युवती से शादी करना पड़ गया भारी*

# सीआरपीएफ के जवान को नौकरी से किया बर्खास्त

**जम्मू,** 3 मई (देशबन्धु)। बिना मंजूरी पाकिस्तानी युवती से विवाह करने वाले सीआरपीएफ के जवान मुनीर अहमद को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुनीर ने न केवल बिना मंजूरी पाक युवती से निकाह किया बल्कि उसे वीजा खत्म पर अवैध तरीके से घर पर रखा था। अधिकारियों का कहना था कि मुनीर के कार्य को सर्विस कंडक्ट का उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक माना गया जिस कारण यह कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई है। मीनल खान, मोहम्मद असगर खान की बेटी, कोटली फकीर चंद, गुजरांवाला, सियालकोट, पंजाब, पाकिस्तान की रहने वाली हैं।

मुनीर की दुल्हन मीनल खान अधिकारियों से 15 दिन का प्रवेश परमिट प्राप्त करने के बाद एक मार्च को देर रात भारत पहुंची। पंजाब में वाघा सीमा पर उसके ससुराल वालों ने उसका स्वागत किया था और उसे हंदवाल गांव में उसके पति के घर तक पहुंचाया गया था। हालांकि दूल्हे के परिवार ने दावा किया था कि मीनल के प्रवेश के लिए सभी कानूनी प्रोटोकॉल का पालन किया गया था, और संबंधित एजेंसियों द्वारा आवश्यक अनुमति दी गई थी।

नौ महीने के लंबे इंतजार के बाद एक मार्च की देर रात मीनल अपनी ससुराल पहुंचीं। जम्मू के भलवाल तहसील के राब्ता हंडवाल गांव निवासी नाजिर अहमद ने अपने बेटे मुनीर अहमद की शादी पाकिस्तान के सियालकोट पंजाब में स्थित कोटली फकीर चंद गुंजन निवासी अपने साले असगर खान की बेटी मीनल से तय की थी।

- मुनीर के कार्य को सर्विस कंडक्ट का उल्लंघन व राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए माना गया खतरनाक

शादी से पहले मुनीर ने मीनल के वीजा के लिए आवेदन भी कर रखा था। लेकिन सरहद पर चल रही तल्खियों के चलते मीनल को वीजा नहीं मिल सका। आखिरकार पिछले साल 24 मई को मुनीर व मीनल ने आनलाइन निकाह कर अपने प्यार को रिश्ते का नाम दे दिया। शादी के बाद मीनल को 15 दिन का वीजा मिला है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उसे उन नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है, जिनके तहत जांच करने की आवश्यकता नहीं है। मुनीर अहमद को पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और जानबूझकर उसके वीजा की वैधता से परे उसे शरण देने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

सीआरपीएफ के प्रवक्ता उप महानिरीक्षक (डीआईजी) एम दिनाकरन ने कहा की उनके कार्यों को सेवा आचरण के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया।

कूटनीतिक उपायों के तहत भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहने के बाद अहमद की मीनल खान के साथ शादी का पता चला। दोनों ने पिछले साल 24 मई को एक वीडियो कॉल के जरिए शादी की थी।

## दुनिया को जानें

### इस साल अमेरिका में खसरे के 900 से अधिक मामले सामने आए : सीडीसी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में इस साल खसरे के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। अब तक 935 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जो पिछले साल 2024 में पूरे साल में आए मामलों से तीन गुना से भी ज्यादा है। यह जानकारी अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने दी है। इस साल पूरे अमेरिका में खसरे के 12 प्रकोप दर्ज किए गए हैं। सीडीसी के अनुसार, जब तीन या उससे ज्यादा आपस में जुड़े मामले एक साथ सामने आते हैं, तो उसे प्रकोप (आउटब्रेक) कहा जाता है।

सीडीसी ने बताया है कि खसरे से बचने का सबसे अच्छा तरीका टीकाकरण है। खसरा, मम्प्स और रूबेला (एमएमआर) का टीका दो बार लगवाने से यह बीमारी बहुत हद तक रोकी जा सकती है। इसी बीच, अमेरिका में 26 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में 12 बच्चों की मौसमी इन्फ्लूएंजा वायरस इंफेक्शन से मौत हुई है। इस फ्लू सीजन में अब तक बच्चों की कुल 216 मौतें हो चुकी हैं। यह संख्या अब तक के किसी भी सामान्य (गैर-महामारी) फ्लू सीजन से ज्यादा है। पिछली सबसे ज़्यादा संख्या 207 थी, जो 2023-2024 के सीजन में दर्ज की गई थी।

# प्रादेशिकी

## पानी पर झूठा प्रचार कर रही हरियाणा सरकार : गोयल

**श्री मुक्तसर साहिब।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज कहा कि पानी के मुद्दे पर हरियाणा भ्रम फैला रहा है। उन्होंने इस विषय से संबंधित सभी तथ्य सार्वजनिक करते हुए कहा कि पंजाब ने किसी का हक नहीं रोका, लेकिन उन्होंने यह भी दोहराया कि पंजाब अपना हक छोड़ेगा भी नहीं और केंद्र या हरियाणा के दबाव में झुकेगा नहीं। श्री गोयल ने बताया कि डेमों में जो पानी जमा होता है, उसके अनुसार पानी का वितरण पिछले लगभग 44 सालों से हो रहा है। हरियाणा को इस वर्ष 2.987 एमएएफ पानी आवंटित किया गया था और उसने अपने आवंटित किए गए पानी का उपयोग पहले ही कर लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा द्वारा अपने कोटे से अधिक कुल 104 प्रतिशत पानी का उपयोग किया जा चुका है। इस संबंध में पंजाब सरकार द्वारा जनवरी से ही हरियाणा को पत्र लिखे जा रहे हैं और केंद्र सरकार को भी सूचित किया जा रहा था।

# वर्ष 2025 की चारधाम यात्रा होने वाली है ऐतिहासिक : धामी

### चारधाम यात्रा संचालित करने वाली संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति के यात्रा कार्यक्रम में सीएम ने किया प्रतिभाग

■ चारधाम यात्रा की सड़कों को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चकाचक किया

■ अमरनाथ तिवारी



**देहरादून**, 3 मई (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध उत्तराखंड की चारधाम यात्रा का आज विधिवत शुभारंभ हो गया है। ऋषिकेश के ट्रांजिट कैंप परिसर में चार धाम यात्रा संचालित करने वाली संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति ने चार धाम यात्रा के शुभारंभ पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पहुंचे। मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार धाम यात्रा पर जा रही 10 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं से बातचीत की। उनसे ट्रांसिट कैंप परिसर में व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। मुख्यमंत्री से मिलकर श्रद्धालु काफी खुश और गदगद नजर आए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा इस बार की यात्रा ऐतिहासिक होने जा रही है। सरकार ने पिछले वर्ष की यात्रा से सीख लेकर कई नई व्यवस्थाएं की हैं। जिसमें सबसे पहले ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था को सुधारा गया है। इसके अलावा चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए तमाम सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं। सीएम धामी ने बताया बीते वर्ष 36 दिन की रुकावट के बावजूद 46 लाख श्रद्धालुओं ने चार धाम यात्रा के दर्शन किए थे। इस बार पिछले साल की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का रिकॉर्ड टूटेगा। चार धाम यात्रा की सड़कों को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चकाचक किया गया है। कम समय में श्रद्धालु चार धाम यात्रा पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौरीकुंड से केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे की जो योजना पास की है, जब वह धरातल पर उतरेगी तो चारों धाम के साथ हेमकुंड की यात्रा पर जाना और ज्यादा सुविधाजनक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा को सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इसलिए श्रद्धालु इसका ख्याल रखें। मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से देवभूमि को कचरा मुक्त रखने की अपील की है।

### संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति ने अपनी मांगों को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के विधिवत शुभारंभ के अवसर पर यात्रा ट्रांजिट कैंप परिसर बसों को हरी झंडी दिखाने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से चार धाम यात्रा संचालित करने वाली संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति ने अपनी मांगों के संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति ने कहा चारधाम यात्रा के अलावा परिवहन व्यवसाईयों के पास व्यापार के लिए कुछ नहीं है। चार धाम यात्रा के दौरान होने वाली कमाई से ही परिवहन व्यवसाय अपनी बसों की लोन की किस्त और घर का खर्चा चलाते हैं। यात्रा बंद होने के बाद परिवहन व्यवसाईयों के आगे रोजगार का संकट खड़ा हो जाता है, इसलिए यात्रा के दौरान बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों को उत्तराखंड में पहाड़ चढ़ने की अनुमति न दी जाए। संयुक्त रोटेशन व्यवस्था समिति के अध्यक्ष भूपाल सिंह नेगी ने बताया कि अपने इस मांग के लिए वह कई बार शासन प्रशासन का दरवाजा खटखटा चुके हैं। समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### केदारनाथ धाम में 31 मई तक सभी हैलीकॉप्टर टिकट फुल

**रूद्रप्रयाग।** बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए पहले चरण में 2 मई से 31 मई तक की सभी हैलीकॉप्टर टिकटें फुल हो गयी है। 1 जून से 30 जून तक की हैलीकॉप्टर टिकटों की बुकिंग के लिए दिनांक 7 मई 2025 को आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर बुकिंग शुरू की जायेगी। श्री केदारनाथ धाम यात्रा के पहले चरण यानि 2 मई से 31 मई तक की सभी हैलीकॉप्टर टिकटें फुल हो चुकी हैं। 1 जून से 30 जून तक की हैलीकॉप्टर टिकटों की बुकिंग के लिए दिनांक 7 मई 2025 को आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर बुकिंग शुरू होगी। इसके अतिरिक्त केदारनाथ धाम हेतु हैलीकॉप्टर टिकट बुकिंग का अन्य कोई माध्यम नहीं है। यदि किसी प्रकार के फेसबुक लिंक या पेज, इंस्टाग्राम लिंक, व्हट्सएप चैटिंग या इन्टरनेट पर ढूंढी गयी कोई सी भी वेबसाइट से आप टिकट बुकिंग का प्रयास करते हैं तो यकीन मानिए कि आप निश्चित रूप से साइबर ठगी का शिकार होने जा रहे हैं।

# यूसीसी से महिला सशक्तीकरण के रूप में कुरीतियों को समाप्त करने का बल मिला: सीएम

■ देव संस्कृति विश्वविद्यालय में समान नागरिक संहिता पर कार्यशाला आयोजित



**देहरादून**, 3 मई (देशबन्धु)। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में शनिवार को विश्वविद्यालय और उत्तराखंड सरकार के साझा तत्वावधान में समान नागरिक संहिता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने को लेकर जो उन्होंने जनता से वादा किया था, वो आज पूरा हो गया है। यूसीसी से महिला सशक्तिकरण के रूप में कुरीतियों को समाप्त करने का बल मिला है और जो न्याय प्रकिया में देरी होती थी, वह अब आसान होगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि इससे मूल निवास प्रमाण पत्र मिल जाएगा, ऐसा संभव नहीं है। इसके अलावा मुख्यमंत्री धामी ने केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह फैसला ऐतिहासिक निर्णय है। मुख्यमंत्री ने मोहम्मद यूनुस के करीबी के पूर्वोत्तर राज्यों पर चीन के कब्जे करने संबंधी बयान पर कहा कि आज का भारत सशक्त भारत है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में पूरी दुनिया का साथ मिल रहा है। ऐसे में कोई भी देश ऐसी गलती नहीं करने वाला है। गैर हिन्दुओं के देवभूमि में प्रवेश पर रोक पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में वेरिफिकेशन की मुहिम जारी रहेगी। ताकि किसी भी संदिग्ध की पहचान समय से हो सके।

### मुख्यमंत्री ने नेपाल के 10 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल से की भेंट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे दस सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। शनिवार को यहां सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में 10 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के मित्रतापूर्ण संबंधों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। सीमावर्ती जिलों में आपसी समन्वय से विकास कार्यों को गति देने, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को बढ़ावा देने, पर्यटन विकास एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड और नेपाल की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत साझा हैं और दोनों क्षेत्रों के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में सहयोग के लिए उत्तराखण्ड सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## सार संक्षेप

### हिमाचल में अगले कुछ दिनों तक वर्षा, बर्फबारी के आसार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अगले चार-पाँच दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में वर्षा, बर्फबारी और आंधी-तूफान के आसार हैं। पाकिस्तान से आ रहे एक नए पश्चिमी विक्षोभ और राजस्थान में बने चक्रवाती प्रणाली के कारण है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। इसके अलावा, शिमला, सोलन, मंडी, कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर, सिरमौर, चंबा और कुल्लू सहित मध्य और निम्न पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं मौसम विभाग ने कई जिलों में 50 किलोमीटर (किमी) प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी है। पिछले 24 घंटों में देहरा गोपीपुर में सबसे अधिक 37.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज हुई। पांवटा साहिब में 17.4 मिमी और शिमला में 16.6 मिमी बारिश होने के साथ तेज हवाएं भी चलीं। कंडाघाट, जुब्बड़हट्टी, कुफरी, सोलन और करसोग में भी अच्छी बारिश हुई। राज्य में अब तक ताजा बर्फबारी की कोई सूचना नहीं है, लेकिन दिन के तापमान में तेज गिरावट आई है, जो सामान्य से तीन- आठ डिग्री तक नीचे रहा।

### अमृतसर में गेहूं की खरीद में एक लाख टन की बढ़ोत्तरी : साहनी


**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर जिले की अनाज मंडियों में अब तक 6.25 लाख टन से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग एक लाख टन की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। जिला उपायुक्त साक्षी साहनी ने शनिवार को प्रसन्नतापूर्वक बताया कि मंडियों में 632,260 टन गेहूं की आवक हुई है, जो पिछले वर्ष की कुल खरीद का 84 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 93 प्रतिशत किसानों को खरीद के 48 घंटों के भीतर उनके गेहूं का भुगतान प्राप्त हो गया है। श्रीमती साहनी ने इस वर्ष बढ़ी हुई पैदावार और खरीद के लिए किसानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रति हेक्टेयर गेहूं की पैदावार में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी औसत पैदावार 5350 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। इसका श्रेय कृषि विभाग के प्रयासों को जाता है, जिसमें गेहूं के बीज, खाद, दवाइयों की समय पर आपूर्ति और अनुकूल मौसम की स्थिति शामिल है। उन्होंने कहा कि हम किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और उठान कार्य में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सुडोकू 6902 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

# उत्तराखण्ड में डेंगू के मामलों में आई तेजी

■ डेंगू के मरीजों ने वर्ष 2024 का रिकॉर्ड तोड़ा



**देहरादून**, 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में डेंगू संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। वर्तमान स्थिति यह है कि अभी तक 41 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। लगातार बढ़ रहे डेंगू संक्रमित मरीजों के आंकड़े ने पिछले साल 2024 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उत्तराखंड में डेंगू के दस्तक का सीजन शुरू हुआ है। अगर यही स्थिति रही तो साल 2025 में डेंगू संक्रमित मरीजों की संख्या चिंताजनक हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग डेंगू की रोकथाम के लिए तमाम बड़े कदम उठाने का दावा कर रहा है। हर साल, गर्मी और बरसात के मौसम में डेंगू और चिकनगुनिया बीमारी फैलने की संभावना काफी अधिक रहती है। जिसका असर उत्तराखंड और खास कर राजधानी में देखने को मिलता है। इस साल भी प्रदेश में लगातार डेंगू संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 2 मई तक 41 मरीज डेंगू से ग्रसित हो चुके हैं। इनमें से 24 मरीज देहरादून और 17 मरीज अन्य जिलों और राज्यों के शामिल हैं। राहत भरी खबर यह है कि अभी तक 31 मरीज ठीक हो चुके हैं। 10 मरीजों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है। प्रदेश में बढ़ते डेंगू मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही गाइडलाइन जारी दी है। जिसके तहत सभी विभागों को अलर्ट करने के साथ ही सोर्स रिडक्शन पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, गाइडलाइन जारी करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगमों व नगर निकायों को निर्देश दिए है कि नियमित रूप से सफाई अभियान, नाले-नालियों की सफाई, जलजमाव हटाने और कचरा निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। सोर्स रिडक्शन के तहत आशा कार्यकर्ताओं की टीमों को प्रशिक्षित कर फील्ड में सक्रिय किया जाये। सीएमओ डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा ने बताया दून में मौजूद सरकारी और निजी अस्पतालों में 1200 बेड डेंगू मरीजों के लिए रिजर्व रखा गया है। जरूरत के अनुसार रिजर्व बेड की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। अगर डेंगू के मामले बढ़ते हैं तो उस दौरान क्या व्यवस्था रहेगी, इसके लिए दून जिला अस्पताल और एसपीएस अस्पताल ऋषिकेश से प्लान बनाने को कहा गया है। मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा डेंगू ने इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। जिसके चलते नगर निगम ने कमर कस ली है। ऐसे में फॉगिंग के लिए निगम ने 130 छोटी मशीनों और चार बड़ी मशीनों को तैनात किया गया है। जिसके जरिए देहरादून के वार्डों के साथ ही स्कूल कॉलेजों में फॉगिंग कराई जा रही है। वर्तमान समय में एंटी लार्वा टेंटर की संख्या 5 है। जिसे बढ़ाकर 10 किया जा रहा है।

### पिछले कुछ सालों के भीतर डेंगू के मामले

- साल 2024 में कुल 34 मामले सामने आए थे।
- साल 2023 में 1201 मामले सामने आए थे।
- साल 2022 में 1434 मामले सामने आए थे।
- साल 2021 में 126 मामले सामने आए थे।
- साल 2019 में 4991 मामले सामने आए।

## सैनी की अध्यक्षता में हुई जल विवाद पर सर्वदलीय बैठक

**चंडीगढ़**, 3 मई (एजेंसियां)। हरियाणा और पंजाब के मध्य चल रहे जल विवाद पर शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की




अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें हरियाणा के हितों की सुरक्षा के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके पंजाब सरकार से आग्रह किया गया कि बीबीएमबी की तकनीकी समिति के 23 अप्रैल, 2025 के तथा बीबीएमबी बोर्ड के 30 अप्रैल, 2025 के फैसलों को बिना शर्त लागू किया जाए। श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा को मिलने वाले पानी के हिस्से पर लगाई गई अमानवीय, अनुचित, अवैध एवं असंवैधानिक रोक को तुरंत हटाया जाए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पिछले 10 सालों के आंकड़े प्रस्तुत कर जल वितरण की जानकारी साझा की। इसके बाद सभी नेताओं ने विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सभी नेताओं ने हरियाणा में पीने के पानी के संबंध में उभरे जल संकट पर चिंता व्यक्त की और पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से के पानी को रोकने को असंवैधानिक करार दिया। सभी नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर भ्रामक प्रचार कर रही है। हरियाणा कोई अतिरिक्त पानी की मांग नहीं कर रहा है और न ही पंजाब के हिस्से का पानी मांग रहा है। हरियाणा तो उसे प्रति वर्ष मिलने वाले पानी के अपने हिस्से को पूरा देने की मांग कर रहा है, जो कि अभी पंजाब सरकार ने गैर-कानूनी तरीके से रोक रखा है।

## पुलवामा हमले के बाद चारधाम यात्रा की सुरक्षा

■ पहली बार आतंकवाद रोधी दस्ता और बम निरोधक दस्ता तैनात

**देहरादून**, 3 मई (देशबन्धु)। पुलवामा हमले के बाद राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन ने इस बार यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए कमर कस ली है। उत्तराखंड की पवित्र चारधाम यात्रा इस साल सुरक्षा के घेरे में शुरू हो गई है। इसमें सबसे खास बात यह है कि पहली बार चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से आतंकवाद रोधी दस्ता और बम निरोधक दस्ता तैनात किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से जिलेवार सीसीटीवी कैमरों की तैनाती की गई है। प्रदेश की राजधानी देहरादून में 107, धर्मनगरी हरिद्वार में 85, टिहरी में 102, पौड़ी में 44, रुद्रप्रयाग में 115, चमोली में 79, उत्तरकाशी (गंगोत्री) में 20 और यमुनोत्री क्षेत्र में 15 कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा प्रदेशभर से 10 एडिशनल एसपी, 28 सीओ, 64 इंस्पेक्टर, 387 सब इंस्पेक्टर, 624 हेड कांस्टेबल, 791 कांस्टेबल, पीएसी की 31 सब टीमें, 1452 होमगार्ड यात्रा मार्गों पर तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही 30 फायर ब्रिगेड यूनिट्स को भी तैयार किया गया है। यात्रा के संवेदनशील स्थलों पर 6 कंपनी पैरा मिलिट्री फोर्स भी लगाई गई है। यात्रा व्यवस्था को सुचारू रखने में पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) के जवानों को भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। युवा कल्याण विभाग ने जानकारी दी कि 270 जवानों की मांग पुलिस ने की थी और अब इन्हें अलग-अलग रूटों पर तैनात किया जा रहा है। सुरक्षा और सहयोग दोनों में पीआरडी की भूमिका अहम होगी। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के डीओ प्रमोद पांडे ने बताया कि पुलिस की ओर से 270 जवानों की मांग की गई थी। सुरक्षा इंतजाम इस बार रिकॉर्ड स्तर पर किए गए हैं। खास बात ये है कि पहली बार चारधाम यात्रा मार्ग पर आतंकवाद रोधी दस्ता और बम निरोधक दस्ता तैनात किया गया है।

## राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को और बेहतरी से निभाए मीडिया : महिपाल ढांडा

■ गुरुग्राम में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे-2025 अभिव्यक्ति का उत्सव समारोह में कही यह बात

■ एनसीआर मीडिया क्लब ने सेक्टर-14 कन्या महाविद्यालय में किया समारोह आयोजित



**गुरुग्राम**, 3 मई (देशबन्धु)। एनसीआर मीडिया क्लब की ओर से शनिवार को यहां सेक्टर-14 राजकीय महाविद्यालय में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे-2025 अभिव्यक्ति का उत्सव समारोह आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पत्रकारों को इस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जनहित में पत्रकारिता करने के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरुग्राम-एनसीआर के पत्रकारों के साथ-साथ समाजहित में काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप डबास और महासचिव नवीन धमीजा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सैंकड़ो वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि मीडिया राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को और बेहतरी व मजबूती से निभाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि मीडिया ने सदा राष्ट्र के हित में अपनी महत्ती भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि गलत को गलत पेश तो किया जा सकता है, लेकिन उस गलत में सही क्या है, उसे भी प्रस्तुत करके पत्रकार समाज को नई दिशा देने का काम कर सकते हैं। हमारा राष्ट्र हमें सदा गौरवान्वित करता है। हमें भी अपने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमारी भारतीय संस्कृति ही है, जहां पर हमारे धार्मिक आयोजनों में धर्म की जय हो-अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो...जैसे वक्तव्यों से अपनी भावना को प्रदर्शित किया जाता है। उन्होंने कहा कि धर्म की जय का मतलब किसी एक धर्म विशेष से नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति को लेकर है कि हम सबकी बेहतरी की सोच रखते हैं। अधर्म किसी भी तरह से किया जाता हो, उसका नाश करने की बात कहते हैं। हर प्राणी में अपने देश, समाज के प्रति सद्भावना का भाव भी हमारी संस्कृति का हिस्सा है। पूरे विश्व की कल्याण की कामना हम अपने मन, वचन से करते हैं।

# निगमायुक्त की अदालत ने संजौली में बनी मस्जिद के निर्माण को अवैध करार दिया

■ हिमकिरण मांटा

■ धराताल व पहली मंजिल को गिराने के आदेश दिए

**शिमला**, 3 मई (देशबन्धु)। संजौली के बहुचर्चित मस्जिद विवाद में शनिवार को शिमला नगर निगम की अदालत ने फैसला सुना दिया है। निगमायुक्त की अदालत में संजौली में बनी मस्जिद के निर्माण को अवैध करार दिया है। निर्माण को अवैध करार देने के साथ ही निगमायुक्त ने इसके धराताल व पहली मंजिल को गिराने के आदेश दिए। सनद रहे कि इससे पहले बीते साल 5 अक्तूबर 2024 में कोर्ट से दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल को अवैध करार देते हुए पहले ही तोड़ने के आदेश जारी कर दिए है। इस तरह मस्जिद की सभी मंजिलों का निर्माण अवैध हुआ है। शिमला नगर निगमायुक्त की कोर्ट में शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड के वकील मस्जिद की जमीन के मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज पेश नहीं कर सके। मस्जिद निर्माण को लेकर निगम से मंजूर नक्शा भी अदालत में वक्फ बोर्ड पेश नहीं कर सका। मामले की सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड के वकील ने अदालत में कहा कि इस जगह पर 1947 से पहले मस्जिद बनी थी, इस पर कोर्ट ने पूछा कि यदि मस्जिद 1947 से पहले की थी तो पुरानी मस्जिद को तोड़कर नई बनाने के लिए नगर निगम से नक्शा सहित अन्य जरूरी



अनुमति क्यों नहीं ली गई। नियमों को ताक पर रखकर सारी मस्जिद बनाई गई। पौने घण्टे तक चली बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा और दोपहर ढाई बजे नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने फैसला सुनाया। जिसमें साफ कहा कि पूरी मस्जिद अवैध है जिसे गिराया जाएगा। अब भवन संजौली मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड गिराएगा या आखिर में एमसी खुद इस भवन को गिराएगा ये तय होगा।

### बिना अनुमति के बनाई गई नई मस्जिद, बोर्ड के पास गारबेज व प्रॉपर्टी टैक्स तक का प्रमाण नहीं

एमसी की अनुमति के बगैर बनी मस्जिद कानून के मुताबिक अवैध है। एमसी एक्ट के अनुसार पुरानी मस्जिद को तोड़कर नए नया बनाने के लिए अनुमति ना लेने के चलते ये भूमि सीधे तौर पर ही प्रदेश सरकार की हो गई और नया निर्माण पूरी तरह अवैध हो गया है। ऐसे में कोई पुख्ता दस्तावेज ना हो यहां तक की गारबेज और प्रॉपर्टी टैक्स के दस्तावेज ना होने के कारण बोर्ड अपना मालिकाना हक का दावा पेश नहीं कर पाया। उल्लेखनीय है कि बीते साल 31 अगस्त को शिमला के मैहली में 2 गुट आपस में भिड़ गए थे, जिसके बाद 6 आरोपी मस्जिद से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद संजौली मस्जिद का विवाद उपजा है और जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने 1 सितंबर को संजौली मस्जिद के बाहर प्रदर्शन किया। विवाद यहीं नहीं रूका 5 सितंबर को संजौली और चौड़ा मैदान में विशाल प्रदर्शन हुआ। वहीं पहले से ही एमसी कोर्ट में चल रहे मामले को लेकर 7 सितंबर को शिमला नगर निगम कोर्ट में सुनवाई हुई। उधर सुनवाई में कोई फैसला ना होने के बाद 11 सितंबर को संजौली में हिंदू संगठनों का उग्र प्रदर्शन किया। मामला बिगड़ते देख 12 सितंबर को मस्जिद कमेटी ने एमसी प्रशासन के सामने खुद अवैध हिस्सा तोड़ने की पेशकश की।

# प्रादेशिकी

## गौशाला में अव्यवस्था पर जिलाधिकारी ने किया जबाब-तलब

**फर्रुखाबाद**, 3 मई (देशबन्धु)। गौशाला में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अव्यवस्था से रूबरू होना पड़ा जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर कर जिम्मेदारों से जबाब तलब किया है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा गौवंश आश्रय स्थल नगला बाग रठौरा व गौवंश आश्रय स्थल मोहम्मदाबाद, विकास खंड मोहम्मदाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गौशालाओ में साफ सफाई की व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय पायी गयी, नगला बाग रठौरा में गौशाला में दाना,नमक, खली नही पाई गई, मौके पर गौपालक भी कम पाए गए। मोहम्मदाबाद गौशाला में मौके पर 5 के सापेक्ष केवल एक गौपालक पाया गया, गौशाला में जगह-जगह कीचड भरा पाया गया, गोबर के ढेर लगें पाये गये, गोबर के ढेरों पर ही गौवंश बैठे पाए गए। सीसीटीवी क्रियाशील नहीं पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई।

# नेपाल बॉर्डर से सटे जिलों में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी

- बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, पीलीभीत और महाराजगंज में शनिवार को भी हुई कार्रवाई
- महाराजगंज में 33 और सिद्धार्थनगर में मिले हैं 21 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर की गई कार्रवाई



**लखनऊ**, 3 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई शनिवार को भी जारी रहा। प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अबतक महाराजगंज में 33 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे मिले हैं, जबकि सिद्धार्थनगर में 21 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे मिले हैं। वहीं सर्वाधिक कार्रवाई श्रावस्ती जनपद में हुई है। यहां अबतक 68 अवैध मदरसे सील किये गये हैं, साथ ही 164 के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की गई है। वहीं पीलीभीत में भी एक अवैध धार्मिक स्थल मिला है। प्रशासन ने इसमें शामिल 6 लोगों के नाम नोटिस जारी किया है। महाराजगंज जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि कुल 33 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 19 मदरसे हैं, जिनमें से 4 के कब्जे हटाए गए हैं, 14 कब्जों के सापेक्ष 67 (1) की कार्रवाई की गई है, जबकि एक का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसी प्रकार 10 अवैध धार्मिक स्थलों पर 67 (1) की कार्रवाई की गई है। ऐसे ही सरकारी जमीन पर बनाए गए चार मजारों में से दो को हटा दिया गया है। एक में 67 (1) की कार्रवाई की गई है, जबकि एक को वन विभाग की ओर से नोटिस दी गई है। पीलीभीत जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में अब तक केवल एक अवैध धार्मिक स्थल मिला है। जिसमें 6 लोगों को नोटिस दे दी गई है।

### नेपाल सीमा से दस किमी अंदर तक कुल 21 अतिक्रमण चिह्नित

सिद्धार्थनगर जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में नेपाल सीमा से 10 किलोमीटर अंदर तक कुल 21 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं, जिनमें चार अवैध धर्मस्थल और 17 अवैध मदरसे शामिल हैं। जिला प्रशासन ने 20 अतिक्रमणों को नोटिस जारी की है, जबकि एक अतिक्रमण को हटा दिया गया है। बलरामपुर जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में अब तक 34 अवैध मदरसे, धार्मिक स्थल और मजार चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 6 से कब्जा हटाया गया है। 16 मदरसे बंद करा दिए गए हैं और 12 को नोटिस दी गई है। एक स्थान पर ईदगाह बना हुआ है, जिसपर कार्रवाई जारी है।

श्रावस्ती जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में बिना मान्यता के चल रहे 68 मदरसों को सील कर दिया गया है, जबकि 164 मदरसों पर बेदखली की कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त भिनगा तहसील के ग्राम भरथा रोशनगढ़ में एक अवैध धर्मस्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की गई है।

## आइपीएल मैच पर सट्टा गिरोह का भंडाफोड़

**मवाना**, 3 मई (देशबन्धु)। आइपीएल मैच पर सट्टा लगाने के एक और मामले का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शुक्रवार रात्रि मुहल्ला हीरालाल में डेरे वाले पुल के पास एक व्यक्ति के घेर में छापा मारकर आइपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक टीवी व छह मोबाइल बरामद हुए हैं। संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित कोर्ट में पेश किए, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि वह फोर्स के साथ शुक्रवार रात्रि में संदिग्धों की तलाश में वाहन चौकिंग कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने मुहल्ला हीरालाल में राशिद पुत्र शमशुद्दीन के घेर में छापामारा और वहां बने कमरे में आइपीएम मैच पर सट्टा लगाते हुए सात लोग सलमान पुत्र राशिद मुहल्ला हीरालाल, नवेद पुत्र रफी, शमशाद पुत्र नासिर निवासी डेरे वाला पुल मुहल्ला तिहाई, जुनैद पुत्र यूसुफ निवासी मखदूमपुर अड्डा मुहल्ला तिहाई, शहजाद पुत्र आजाद निवासी मखदूमपुर अड्डा मुहल्ला हीरालाल, शादाब पुत्र इशाक निवासी मखदूमपुर अड्डा मुहल्ला तिहाई, एतेशाह पुत्र निजामुद्दीन निवासी मखदूमपुर अड्डा मोहल्ला तिहाई को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त लोगों के कब्जे से एक टेलीविजन व छह मोबाइल बरामद किए हैं।

- सात लोग गिरफ्तार कर जेल भेजे
- एक टीवी व छह मोबाइल किए बरामद

## देश में वक्फ कानून को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम : सलीम



- अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**फर्रुखाबाद**, 3 मई (देशबन्धु)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अंतर्गत आवास विकास स्थित जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसने मुख्य वक्ता प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम अहमद एवं मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने अल्पसंख्यक समाज को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के मुस्लिम समाज को वक्फ सुधार कानून के तहत होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम अहमद ने कहा देश की आजादी के बाद जो कानून वक्फ के रूप में गरीब मुसलमान के लिए बनाया गया था वह कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों कि गलत नीति से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार बनने के बाद इस कानून में सुधार की आवश्यकता महसूस हुई सरकार ने गरीब मुसलमानों, गरीब अनाथ बच्चों एवं गरीब मुस्लिम विधवा महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए इस कानून में संशोधन करके दोनों सदनों में पास कर कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद गरीब मुस्लिम वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने का कार्य किया लेकिन कांग्रेस समाजवादी पार्टी और बसपा के लोग इस कानून पर भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं ताकि देश में सांप्रदायिक दंगे हो और भारत की छवि को किसी भी प्रकार से धूमिल करने का कार्य हो सके इसी प्रकार से जब केंद्र ने सीएए और एनआरसी का कानून बनाया तो भी विपक्षी दलों में पूरे देश में मुस्लिम समाज को भड़काने का काम किया था। देश में सबसे अधिक समय तक कांग्रेस पार्टी का शासन रहा लेकिन एक लंबे समय तक देश का मुसलमान परेशान क्यों रहा इस पर विचार करने की आवश्यकता है वक्फ की हजारों करोड़ की संपत्ति पर दलाल और माफिया काबिज है लेकिन वक्फ कानून बनने के बाद ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री कहते हैं की देश के मुसलमान के एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर होना चाहिए देश का मुसलमान शिक्षित होना चाहिए लेकिन विपक्षी देश के मुसलमान का भला नहीं चाहते।

## सार संक्षेप

### पीवीवीएनएल की व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा शुरू

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने बताया कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत आने वाले समस्त 14 जनपदों के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए, डिस्कॉम द्वारा अब विद्युत संबंधी शिकायत, पंजीकरण तथा ट्रेकिंग आदि के अन्य विकल्प भी उपलब्ध कराए गए हैं। अब उपभोक्ता विद्युत हेल्प लाइन नं. 1912 के विकल्प के अतिरिक्त विभागीय वेबसाइट पर डिजिटल माध्यम से अथवा इवज के माध्यम से भी घर बैठे विद्युत संबंधी शिकायतों का पंजीकरण तथा दर्ज शिकायत की ट्रेकिंग आदि ऑन लाईन कर सकते हैं।

### मुस्कान व प्रेमी को नहीं मिली जमानत

**मेरठ।** पति सौरभ राजपूत की हत्या करने की आरोपी मुस्कान और उसके बॉयफ्रेंड साहिल शुक्ला को जमानत नहीं मिली है। इस पर मुस्कान रोने लगी। उनकी वकील रेखा जैन ने सेशन कोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई थी। इसमें उन्होंने मुस्कान और साहिल को जमानत पर छोड़ने की अपील की थी। शनिवार को मेरठ की एंटी करप्शन (सेकेंड) की कोर्ट में सरकारी वकील और सौरभ के वकील के बीच जिरह हुई। 30 मिनट में दोनों वकीलों ने अपने-अपने मुवक्किल का पक्ष रखा। वकील ने कहा कि साहिल और मुस्कान ने खुद कबूल किया था उन्होंने ही सौरभ को मारा था। अब जमानत मिलने का कोई ग्राउंड नहीं है। कोर्ट ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। अब सरकारी वकील के सामने हाईकोर्ट जाने का ऑप्शन है।

### जिलाधिकारी ने अपराध निरीक्षक से किया जवाब-तलब

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपराध निरीक्षक से जवाब तलब किया है। आनंद ने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं के लिए अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को स्वयं क्षेत्र में उतरना पड़ रहा है। मिश्रित थाना की कार्य प्रणाली पर कई गंभीर आरोप सामने आए हैं। सूचना विभाग के प्रेस नोट में दी गई जानकारी के मुताबिक प्राप्त शिकायतों के अनुसार एक प्रसिद्ध दलाल की थाना में गहरी साठ गांठ है।

### पहलगाम हमले में दिवंगत शुभम द्विवेदी की अस्थियां संगम में विसर्जित

**प्रयागराज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी की अस्थियां शनिवार को यहां संगम में प्रवाहित की गईं। पत्नी ईशान्या द्विवेदी के साथ भाई सौरभ द्विवेदी परिजनों के साथ अस्थि कलश लेकर प्रयागराज पहुंचे। संगम की रेती पर तीर्थपुरोहित ने करीब आधे घंटे तक कर्मकांड कराया। उसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुभम द्विवेदी की अस्थियां चचेरे भाई सौरभ ने संगम में विसर्जित कीं। शुभम द्विवेदी की पत्नी ईशान्या से पत्रकारों ने जब पूछा कि वह क्या चाहती हैं तब रुंधे गले से वह इतना ही कह पाई की उनके पति को शहीद का दर्जा और आतंकवादियों का सफाया चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र से अभी तक कोई ऐसी कार्रवाई हुई नहीं है।

## किसान नेता राकेश टिकैत पर हमले पर कांग्रेसियों ने जताया विरोध



**मेरठ**, 3 मई (देशबन्धु)। मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत पर हुए हमले के प्रयास के विरोध में किसान एकजुट हो गए हैं। मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में हजारों किसान शिवाय टोल प्लाजा पर एकत्रित होकर मुजफ्फरनगर की जी.आई.सी. ग्राउंड में होने वाली महापंचायत में शामिल होंने के लिए रवाना हुए। उधर कांग्रेसियों ने भी किसान नेता पर हुए हमले घोर निंदा की है। जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने कहा की अब समय आ गया है सड़कों पर आर पार की संयुक्त लड़ाई तानाशाही सरकार से लड़ने की जरूरत है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ मुजफ्फरनगर में हुई घटना पर जिला कांग्रेस कमेटी निंदा करती है।

# आजादी में पत्रकारों का अहम योगदान : सुधीर

- वेंकेटेश्वरा की ओर से मनाया गया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस
- अभिव्यक्ति की आजादी विषय पर सं गोष्ठी का किया गया आयोजन
- आइए मिलकर 'मिशनरी पत्रकारिता' की ओर बढ़ें : डा. राजीव त्यागी
- निष्पक्ष होकर सरकार को फीडबैक देना सच्ची पत्रकारिता : प्रो. उदयवीर सिंह



**मेरठ**, 3 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकेटेश्वरा संस्थान में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' पर संस्थान के पत्रकारिता विभाग एवं कानून (विधि) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अभिव्यक्ति की आजादी' विषय पर 'संगोष्ठी एवं मूट कोर्ट' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए वरिष्ठ इतिहासकार एवं कानूनविद प्रो.उदयवीर सिंह ने कहा कि 'अभिव्यक्ति की आजादी' के अधिकार का मतलब है कि इस देश में अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी निडर होकर बिना किसी दबाव के अपनी भावनाओं, विचारों एवं सूचनाओं को समाज एवं सरकार तक पहुंचा सके, लेकिन दुखद पहलू यह है कि सोशल मीडिया जैसे कुछ बिना 'सम्पादकीय नियंत्रण' वाले मीडिया प्लेटफार्म तथ्यहीन, बेबुनियाद भ्रामक एवं झूठी खबरों को प्रचारित-प्रसारित कर समाज एवं देश में वैमनस्य पैदा करने का काम कर रहे है। विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर आइए हम सब मिलकर शपथ लेते है कि आम आदमी की आवाज बनकर उनको न्याय दिलाने का काम करेंगे।

### मीडिया लोकतंत्र का चौथा सबसे मजबूत स्तम्भ : उदयवीर सिंह

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि कानूनविद प्रो. उदयवीर सिंह, ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा सबसे मजबूत स्तम्भ है जो आम आदमी की आवाज सरकार तक पहुंचाकर उसको न्याय दिलाता है, एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करता है। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि आजाद भारत के विकास में मीडिया की रचनात्मक भूमिका हम सब देख रहे हैं। वही देश की आजादी में भी कलमकारों का योगदान क्रान्तिकारों के बराबर था। प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि भटकाव, जातिगत एवं क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर सभी 'राष्ट्रवाद' की भावना से जुड़कर 'विकसित भारत निर्माण' में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडमिक डा. राजेश सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. श्यामलाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## हमला करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने भेजा जेल

**मवाना**, 3 मई (देशबन्धु)। तहसील क्षेत्र के खाईखेड़ा ग्राम प्रधान के भाई महकार सिंह के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करने वाले व्यक्ति आकाश पुत्र सतीश को पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान घटना में प्रयुक्त 1 तमंचा 315 बोर व 01 कारतूस जिन्दा बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाए अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक विशाल कुमार श्रीवास्तव थाना मवाना के नेतृत्व में पुलिस द्वारा ग्राम प्रधान खाईखेडा के भाई महकार सिंह के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करने वाले अभियुक्त आकाश पुत्र सतीश नि. पाली जिसके विरुद्ध घटना के संबंध में थाना हाजा पर मुअसं 139/25 धारा 109 बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त आकाश उपरोक्त मुकदमा उपरोक्त मे न्यायालय मे हाजिर होकर जिला कारागार मे निरुद्ध था।

## समाधान दिवस पर एसपी देहात व एसडीम ने सुनीं समस्याएं

**मवाना**, 3 मई (देशबन्धु)। समाधान दिवस पर एसपी देहात राकेश मिश्रा एवं एसडीम दीपक माथुर, क्षेत्राधिकारी अभिषेक पटेल, ने फरियादों की समस्या सुनीं। इस दौरान संबंधित विभाग के खान निवासी अहमदपुरी उचित पुलिस करवाई करना, सलीम कुमार निवासी मवाना अवैध कब्जा हटवाना, रोशनी निवासी नगला चंद, पैसे दिलवाना, रणविजय सिंह निवासी सादुल्लापुर बागर संकमणीय भूमि की समस्या करना, गुरमुख सिंह निवासी फिरोजपुर भूमि से कब्जा हटवाने, शेर जमा निवासी किठौर पैमाइश कराना, महीपाल सिंह निवासी मु. पुर खुंटी तालाब पर अनाधिकृत कब्जा करना, जितेन्द्र निवासी पहाड़पुर सरकारी चकरोड़ खुलवाने, संजीव कुमार निवासी बंद चकरोड खुलवाने, रामगोपाल निवासी अमरौली उर्फ बड़ा गांव निवासी खतौनी में नाम दर्ज करना, सोनू निवासी अहमदनगर बढ़ला खेत की सिंचाई करना, अनीश निवासी आलमपुर कब्जा मुक्त कराना, रूपचन्द्र निवासी मवाना खुर्द पेड़ों को कटाने से रोके जाने के विषय, प्रदीप कुमार निवासी फलावदा डोला खुर्द की समास्या करना रहा।

- 138 शिकायतों में से चार का मौके पर किया निस्तारण

अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग 19 राजस्व विभाग 86 विद्युत विभाग 18 अन्य 15 विभिन्न शिकायतें आई। समाधान दिवस पर 138 शिकायत आई। जिनमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को समाधान दिवस पर मवाना तहसील में एसपी देहात व एसडीम दीपक माथुर, अभिषेक पटेल, फरियादों की समस्या सुनीं। इस दौरान समाधान दिवस पर 138 शिकायत आई जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उम्मीद

## एसएसपी ने किया सरधना में बनी पुलिस चौकी का उद्घाटन

**मेरठ**, 3 मई (देशबन्धु)। सरधना कोतवाली क्षेत्र में प्रस्तावित चार पुलिस चौकियों में से पहली चौकी दौराला रोड गंगनहर पुल पर बनकर तैयार हो गई है। शुक्रवार को एसएसपी विपिन ताडा ने इसका उद्घाटन किया। इस हाईटेक चौकी में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अधिकारियों



के सीयूजी नंबर भी चौकी पर प्रदर्शित किए गए हैं। क्षेत्र में तीन और नई पुलिस चौकियां बनाई जाएंगी। यह अटेरना पुल, भमौरी गांव और नानू में स्थापित की जाएंगी।

एसएसपी विपिन ताडा ने बताया कि इस चौकी से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। साथ ही अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। कांवड़ यात्रा जैसे आयोजनों में यहां तैनात पुलिसकर्मी अहम भूमिका निभाएंगे। उद्घाटन समारोह में एसडीएम महेश प्रसाद दीक्षित, सीओ संजय कुमार जायसवाल, इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और सरूरपुर एसओ अजय कुमार शुक्ला मौजूद रहे। क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## डेरी उद्योग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं : डॉक्टर एस.वी. सिंह



**मेरठ**, 3 मई (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डायरेक्टेड ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट में छात्रों के लिए डेयरी उद्योग के क्षेत्र में रोजगार की बढ़ रही है संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसके कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.के. सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया जा रहे हैं जिससे छात्रों में रोजगार की संभावनाएं अधिक से अधिक पैदा की जा सके और उनको रोजगार एवं रोजगार के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बनास डेरी के

- मुनाफे वाला बनता जा रहा है दुग्ध उत्पादन व्यवसाय

ओएसडी डॉ. एस वी सिंह ने कहा भारत में दुग्ध उत्पादन बड़ी मात्रा में किया जा रहा है यही कारण है कि हम विश्व में प्रथम स्थान पर बने हुए हैं यहां पर डेरी के क्षेत्र में रोजगार की बहुत संभावनाएं हैं उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की बनास डेरी द्वारा दुग्ध एवं दुग्ध के गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाए जा रहे हैं जिनकी मांग पूरे विश्व में है इसमें किसानों की कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर कार्य किया जा रहा है जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है।

**आयोजन** *शोभित विश्वविद्यालय में सामाजिक एवं प्रबुद्ध समागम का हुआ भव्य आयोजन*

# एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर की गई चर्चा, रखे विचार

**मेरठ**, 3 मई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में चुनावी सुधार एवं लोकतांत्रिक दक्षता विषय पर सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विचारोत्तेजक सत्र 'सामाजिक एवं प्रबुद्ध समागम' का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रहा, जिसमें संवैधानिक, प्रशासनिक एवं आर्थिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र, कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी, मुख्य अतिथि चौधरी देवेंद्र सिंह।

- शिक्षण संस्थानों की सकारात्मक भूमिका पर रहा फोकस
- निदेशकगण, संकाय सदस्यगण व छात्रों ने की सक्रिय सहभागिता



(पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा उत्तर प्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि करुणेश नंदन गर्ग (पूर्व अध्यक्ष, भाजपा मेरठ) एवं महानगर समन्वयक एक राष्ट्र, एक चुनाव ने अपने विचार साझा किए। चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी परिवर्तन है जो गरिमापूर्ण शासन, राजनीतिक स्थिरता और निरंतर विकास की नींव रखता है। करुणेश नंदन गर्ग ने इस पहल को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे चुनावी खर्चों और बार-बार होने वाले चुनावों की आवृत्ति में कमी आएगी तथा जनभागीदारी में वृद्धि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शोभित विवि के कुलाधिपति कुलाधिपति ने शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को न केवल नीति-निर्माण संबंधी संवादों में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, बल्कि भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण भी करना चाहिए। कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी ने कहा कि ऐसे संवाद युवाओं को लोकतंत्र की जड़ों से जोड़ते हैं और उन्हें विचारशील, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार करते हैं। इस अवसर पर विवि के निदेशकगण, सभी संकाय सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की और अपने विचार भी साझा किए।

सभी ने एक स्वर में इस विषय की प्रासंगिकता को स्वीकारते हुए इसके विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित प्रश्न पूछे और सार्थक संवाद में भाग लिया।

## महिला से नगदी व जेवरात ले उड़े शातिर चोर

**फर्रुखाबाद**, 3 मई (देशबन्धु)। महिला के साथ टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया गया। शातिर उसकी नकदी व जेवरात लेकर रफू-चक्कर हो गए पुलिस ने जांच की। जनपद हरदोई के पाली लखमापुर निवासी चांदबीबी पत्नी रहीश मियां रोडवेज पास से लाल दरवाजे पंहुची। चांद बीबी रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद जानें के लिए लाल दरवाजा मस्जिद के पास खड़ी थी। उसी दौरान दो युवक आए और उन्होंने कहा कि उनके पास सरकारी गाडी है, जिससे वह कम पैसे में ही फरीदाबाद पंहुच जाएगी। दोनों टप्पेबाजों ने कहा कि आगे चेकिंग है लिहाजा अपने पास का जेवरात व नकदी दे दो। जिसे चेक करा दें। टप्पेबाजों ने एक अपना झोला चांदबीबी को पकड़ा दिया और खुद उसका रुपया और चांदी के जेवरात लेकर चम्पत हो गए। काफी देर दोनों टप्पेबाजों के वापस ना आनें पर चांद बीबी को शक हुआ। सूचना मिलने पर रोडवेज चौकी प्रभारी कपिल कुमार मौके पर पंहुचे। पुलिस ने ठंडी सड़क स्थित एक शोरुम मे लगे सीसीटीवी कैमेरे देखे जिसमे दोनों आरोपी कैद हो गए चौकी प्रभारी रोडवेज कपिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, रविवार, 4 मई, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### वेव्स के जरिए हम चढ़ेंगे तरक्की की सीढ़ियां : हिमेश रेशमिया

मुंबई। विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का आगाज गुरुवार को मुंबई में हुआ। इस चार दिवसीय समिट में देश-दुनिया के तमाम दिग्गज शामिल हो रहे हैं। फिल्मी जगत की हस्तियां भी इसमें जमकर हिस्सा ले रही हैं। इस कड़ी में मशहूर सिंगर हिमेश रेशमिया और एक्टर मंत्रा ने क्रिएटिव विजन, स्टोरीटेलिंग और मनोरंजन के भविष्य जैसे पहलुओं पर खुलकर बात की। बॉलीवुड सिंगर हिमेश रेशमिया ने वेव्स 2025 में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की। सिंगर ने अपने बयान में बताया कि इस समिट में अलग-अलग कलाकार, म्यूज़िक डायरेक्टर, फिल्ममेकर्स, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स आपस में मिल रहे हैं और मिलकर काम करने के मौके तलाश रहे हैं।

# ‘काला बिछुआ’, औषधीय गुणों से है भरपूर

■ कोलेस्ट्रॉल रोधी, एंटीऑक्सीडेंट, सूजन रोधी व दर्द निवारक गुण ■ विंध्याचल के जंगलों, हिमालय या किसी पेड़ की जड़ से मिलती है असली हथजोड़ी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। बारिश के मौसम में उगने वाला पौधा काला बिछुआ, जिसे बघनखी, बाघनखी या बाघनख के नाम से जाना जाता है वह अपनी खास बनावट और औषधीय गुणों के कारण प्रसिद्ध है। हालांकि, इसको लेकर भ्रांतियां भी कम नहीं हैं।

बघनखी एक मौसमी पौधा है, यह बरसात के मौसम में उगता है और सर्दी आते-आते सूख जाता है। इसके फल सूखने के बाद चटक जाते हैं और इनमें से काले या भूरे रंग का बड़ा बीज निकलता है, जो दिखने में बाघ के मुड़े हुए नाखून जैसा होता है। इसी के चलते इसे ‘बघनखी’ या ‘बाघनख’ कहा जाता है। इस पौधे के पत्ते बड़े और रोएंदार होते हैं। कई लोग इसे ‘हथजोड़ी’ नामक वनस्पति समझ बैठते हैं, जो पूरी तरह से गलत है।



‘हथजोड़ी’ के नाम से पहले बाजार में जो वस्तु बेची जा रही थी, वह मॉनिटर लिजर्ड (गोह) का जननांग था। वैज्ञानिकों की रिसर्च के बाद यह सामने आया कि इस धंधे के चलते मॉनिटर लिज़र्ड की अवैध तस्करी और हत्या की जा रही थी, जिसके चलते इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। भ्रम फैलाने वाले लोग कहते थे कि असली हथजोड़ी विंध्याचल के जंगलों, हिमालय या किसी पेड़ की जड़ से मिलती है, जबकि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ऐसे झूठ फैलाकर जंगली जीवन को हानि पहुंचाई जा रही थी।

बघनखी को अंग्रेजी में डेविल्स क्लॉ यानी शैतानी पंजा कहा जाता है। तो वहीं, इसका वैज्ञानिक नाम मार्टिनिया एनुआ है। देसी भाषाओं में इसे कुछ क्षेत्रों में ‘उलट कांटा’ या ‘बिच्छू फल’ भी कहा जाता है। कई लोग इसे ‘बिच्छू झाड़ी’ भी कहते हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से एक अलग पौधा है।

नेशनल स्कूल ऑफ लाइब्रेरी के जून 2022 में प्रकाशित शोध में दावा किया गया कि इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लामेंट्री गुण दर्द और सूजन से राहत दिलाने वाले होते हैं। साक्ष्यों से पता चला कि डेविल्स क्लॉ पौधे में कोलेस्ट्रॉल रोधी, एंटीऑक्सीडेंट, सूजन रोधी और दर्द निवारक गुण प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो रूमेटाइड अर्थराइटिस, कमजोर याददाश्त, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, ऑस्टियोआर्थराइटिस, कटिवात, मधुमेह, अपच और सीने में जलन सहित अनगिनत बीमारियों के इलाज में मददगार साबित होते हैं, साथ ही यह विषहरण और टॉनिक एजेंट के रूप में भी कार्य करते हैं।

यह पौधा औषधीय गुणों से भी भरपूर है। इसमें सूजन और दर्द निवारक गुण होते हैं। यह गठिया रोग में काफी उपयोगी माना जाता है। इसके पत्तों को सरसों के तेल में पकाकर तैयार किया गया तेल जोड़ों के दर्द में अत्यंत लाभकारी है। साथ ही इसके सूखे फलों को कूटकर भी तेल में पकाया जा सकता है जिससे एक प्रभावी दर्द निवारक तेल तैयार होता है।

इसके फलों से निकले तेल को बालों में लगाने से समय से पहले सफेदी की समस्या से राहत मिलती है। वहीं इसकी जड़ का चूर्ण, अश्वगंधा के चूर्ण के साथ समान मात्रा में मिलाकर एक से दो ग्राम शहद के साथ सुबह-शाम लेने से गठिया में राहत मिलती है।

# ‘इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी’ एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर को देगा बढ़ावा : अश्विनी वैष्णव



**मुंबई,** 3 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने शनिवार को औपचारिक रूप से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) को लॉन्च कर दिया। आईआईसीटी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएल्टी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर के लिए डेडिकेटेड एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिक्की और सीआईआई के सहयोग से वेव्स 2025 समिट में भारत के एवीजीसी-एक्सआर इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए आईआईसीटी को पेश किया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया और एंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडर बनने की भारत की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि आईआईसीटी अपने क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विकसित होने की राह पर है, ठीक उसी तरह जैसे आईआईटी और आईआईएम टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट एजुकेशन में मानक बन गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईआईसीटी भारत में आईआईटी और आईआईएम के समान टेम्पलेट का पालन करेगा, ताकि एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर में पेशेवर बनने की आकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए यह खुद को एक विशाल विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्र में बदल सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने एक ऐसी पहल शुरू की है जो फिल्म और मनोरंजन की दुनिया में पूरी तरह से नई है। यह (पहल) हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है कि भारत मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में दुनिया में ग्लोबल लीडर बन सकता है।

> **हमने एक ऐसी पहल शुरू की है जो फिल्म और मनोरंजन की दुनिया में पूरी तरह से नई है। यह (पहल) हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है कि भारत मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में दुनिया में ग्लोबल लीडर बन सकता है : अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री**

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने उद्योग भागीदारों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने घोषणा की कि प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने पाठ्यक्रम विकास, इंटर्नशिप, छात्रवृत्ति, स्टार्टअप फंडिंग और नौकरी प्लेसमेंट में सहायता प्रदान करने के लिए आईआईसीटी के साथ साझेदारी करने पर सहमति व्यक्त की है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं सभी उद्योग भागीदारों और उनके शीर्ष प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं, जिनसे मैंने इस पहल के लिए हमारे साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की है। वे हमें इस संस्थान को बनाने और दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने में मदद करेंगे। मुझे उम्मीद है कि आईआईसीटी सेक्टर के लिए एक बड़े एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने देश में आईआईटी और आईआईएम के लिए जो प्रारूप तैयार किया है, उसी पर चलेंगे, ताकि इसे विश्वस्तरीय संस्थान बनाया जा सके। एडोब, गूगल और यूट्यूब, मेटा, वाकॉम, माइक्रोसॉफ्ट और एनवीडिया जैसी कुछ कंपनियों ने दीर्घकालिक सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है।

# जीन एडिटिंग थेरेपी से कोलोरेक्टल कैंसर के इलाज में उम्मीद की किरण

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। कोलन और आंतों के एडवांस कैंसर से लड़ने में सीआरआईएसपीआर/कैस9 नाम की जीन एडिटिंग तकनीक से अच्छे नतीजे मिले हैं। यह जानकारी एक अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल द लैंसेट ऑन्कोलॉजी में छपी पहली मानव परीक्षण (क्लीनिकल ट्रायल) की रिपोर्ट से सामने आई है। इस शोध में वैज्ञानिकों ने एक खास तरह की रोग-प्रतिरोधक कोशिका (जिसे ट्यूमर-इंफिल्ट्रेटिंग लिम्फोसाइट्स या टीआईएलएस कहते हैं) को जीन एडिटिंग के जरिए बदला। उन्होंने सीआईएसएच नाम के एक जीन को बंद कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि इन बदली हुई कोशिकाओं ने कैंसर कोशिकाओं को पहले से बेहतर पहचानना और नष्ट करना शुरू कर दिया। मिनेसोटा यूनिवर्सिटी के डॉक्टर एमिल लोउ ने कहा कि कैंसर पर बहुत रिसर्च के बावजूद स्टेज 4 कोलोरेक्टल कैंसर आज भी ज्यादातर मामलों में लाइलाज है। उनके सहयोगी प्रोफेसर ब्रैंडन मोरियारिटी ने बताया कि सीआईएसएच नाम का यह जीन कैंसर से लड़ने वाली कोशिकाओं को ठीक से काम करने से रोकता है। इसे रोकने के लिए परंपरागत तरीकों से कुछ नहीं हो सकता था, इसलिए सीआरआईएसपीआर तकनीक का इस्तेमाल किया गया। यह इलाज 12 ऐसे मरीजों पर आजमाया गया जिनका कैंसर बहुत ज्यादा फैल चुका था। इलाज से किसी को कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं हुआ। कई मरीजों में कैंसर बढ़ना रुक गया और एक मरीज में तो कैंसर पूरी तरह खत्म हो गया।



# वेव्स बाजार ने 2025 में 250 करोड़ से अधिक का कारोबार किया : संजय जाजू

**मुंबई,** 3 मई (देशबन्धु)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि विश्व श्रृव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है।वेव्स समिट की महत्वाकांक्षी पहल, वेव्स बाजार, मीडिया और मनोरंजन उद्योग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरी है। विभिन्न देशों के रचनाकारों को निवेशकों और खरीदारों से जोड़कर उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गयी यह पहल भारत को कॉन्टेंट के व्यवसायीकरण के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाने के लिए तैयार है।जाजू ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स में कहा कि वेव्स बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स बाजार अपने पहले सत्र में दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सहित 22 से अधिक देशों के अग्रणी पेशेवरों को एक साथ लाया।

# सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों व कलाओं का आयोजन ‘विविधा’

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। प्रतिभा सिंह द्वारा निर्देशित कुमार अनुपम की लंबी कविता ‘बिस्कोहर की वसंतसेनाएं’ के प्रमुख अंशों की प्रस्तुति के साथ कला मंडली दिल्ली द्वारा आयोजित भारत की विविध प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों एवं कलाओं का आयोजन ‘विविधा’ सम्पन्न हुआ। श्रीराम सेंटर में आयोजित हुए इस समापन समारोह में कवि कुमार अनुपम के अतिरिक्त मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के आईजी (कम्युनिकेशन एंड आईटी) सईद मोहम्मद हसनैन, सामाजिक कार्यकर्ता इसरार अहमद, वैष्णवी जगदंबा नंद गिरि के साथ ही बड़ी संख्या में कला समीक्षक एवं कला प्रेमी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम तीन चरणों में सम्पन्न हुआ। दिनांक 21 अप्रैल को मंडी हाउस स्थित एनएसडी के सम्मुख सभागार में आईएएस ज्योति कलश, नृत्यांगना नलिनी एवं सामाजिक कार्यकर्ता इसरार अहमद के कर कमलों से इसका विधिवत उद्घाटन किया हुआ। सम्मुख सभागार में दो दिनों तक दिल्ली के विभिन्न कालेजों के नाट्य संस्थाओं की प्रस्तुतियों के साथ ही डॉ. सतीश कश्यप का स्वांग, ब्रह्मपाल नागर की रागिनी, जितेन्द्र सिंह जामवाल एवं डॉ. आशिक कुमार का गायन, पंडित दीपक महाराज एवं कनिका घोष, आर्यव आनंद, सुमन चौधरी तथा अभिनव आनंद के कथक नृत्य तथा डॉ. स्मिता पाराशर द्वारा संचालित नदी तुम बहती चलो के प्रदर्शन हुए। मंडी हाउस स्थित रवीन्द्र भवन परिसर में साहित्य अकादमी सभागार के मंच पर दूसरे चरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां एकल नाटक ढोल तथा कफ़न की प्रस्तुतियां हुईं। इसके अतिरिक्त रामभजन सिंह ने बुंदेली लोकगीत एवं लोरी पर तथा अपने समय के मशहूर नौटंकी कलाकार मुन्ना मास्टर ने दास्तान ए नौटंकी पर अपने अनुभव बांटे। प्रयागराज से इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची सखी री द्वारा प्रस्तुत नकटा का दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया। इसका निर्देशन जयंती वर्मा ने किया था। दर्शकों ने इस बार भी विविधा में विभिन्न शैलियों में नाट्य प्रदर्शन, शास्त्रीय नृत्य, पपेट शो, लोकनाट्य स्वांग, शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं लोक संगीत के गायन-वादन का आनंद लिया।



# सुभाष घई की संगीत के छात्रों को सौगात



**मोहम्मद रफी के नाम पर स्कॉलरशिप देने का किया ऐलान**

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। हिंदी सिनेमा को मोहम्मद रफी ने कई सदाबहार गाने दिए हैं, जो आज भी लोगों की जुबान पर रहते हैं। उनकी आवाज में गाए गए गाने को सुनकर लोग झूमने लगते हैं। आज वह बेशक हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन गानों के जरिए लोग उन्हें अभी भी याद करते हैं। इस कड़ी में रफी साहब की विरासत को सम्मान देते हुए फिल्म निर्माता और निर्देशक सुभाष घई की व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल ने नई स्कॉलरशिप की घोषणा की है। इस वजीफे को मोहम्मद रफी म्यूजिक स्कॉलरशिप नाम दिया गया है। यह स्कॉलरशिप संगीत के क्षेत्र में उभरती प्रतिभा को सम्मान और सहायता देने के लिए बनाई गई है। यह पहल नई पीढ़ी के कलाकारों को आगे बढ़ने में मदद करेगी। सालाना छात्रवृत्ति है, जो उन छात्रों को दी जाएगी, जो संगीत को समर्पित होंगे और उनकी गायकी या संगीत में दम-खम होगा। यह म्यूजिक स्कूल के छात्रों के लिए एक बड़ा मौका होगा। 5 मई को महान सिंगर के बेटे शाहिद मोहम्मद रफी की उपस्थिति में यह स्कॉलरशिप लॉन्च की जाएगी, जो कैडेंस म्यूजिक फेस्टिवल 2025 के उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि बनकर शामिल होंगे। स्कॉलरशिप के बारे में बात करते हुए सुभाष घई ने कहा कि रफी साहब का संगीत आज भी पीढ़ियों को प्रेरणा देता है। इस स्कॉलरशिप के जरिए हम ऐसे युवा टैलेंट को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जिनमें संगीत के प्रति वही जुनून और समर्पण हो जो रफी साहब में था। यह पहल न सिर्फ एक महान कलाकार को श्रद्धांजलि है, बल्कि भारत के आने वाले संगीत सितारों को तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुभाष घई की अगली फिल्म अमायरा 16 मई को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल की पूर्व छात्रा साई गोडबोले, राजेश्वरी सचदेव और अजिंक्य देव नजर आएंगे।

# वृद्ध लोगों को हृदय की बीमारी होने का खतरा अधिक : डॉ. कालरा

नई दिल्ली। हृदय रोग लोगों में सबसे आम बीमारियों में से एक है. ये दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण है. जबकि वृद्ध लोगों को हृदय की बीमारी होने का खतरा अधिक होता है, हाल के दिनों में युवाओं में दिल का दौरा, कार्डियक अरेस्ट के मामलों में वृद्धि हुई है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल में आयोजित एक वर्कशॉप के दौरान अस्पताल के निदेशक और दिल के जाने माने डॉक्टर आर एन कालरा ने कहा कि कई अध्ययनों ने युवा रोगियों की संख्या में अचानक वृद्धि के लिए खराब जीवनशैली की आदतों को जिम्मेदार ठहराया है। एक हेल्दी डाइट और जीवनशैली हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करती है। हृदय के स्वस्थ कामकाज के लिए ये बेहद जरूरी है कि आप अपने ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखें। हाई ब्लड प्रेशर और उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर आपके हृदय की बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है, जिसमें स्ट्रोक, दिल का दौरा और बहुत कुछ शामिल है। ब्लड प्रेशर मॉनिटर की मदद से क्लिनिक या घर पर ब्लड प्रेशर की जांच की जा सकती है, जबकि आप ब्लड टेस्ट के जरिए अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच करवा सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहना हृदय रोग, टाइप 2 डायबिटीज और कैंसर सहित क्रोनिक स्वास्थ्य स्थितियों से जुड़ा है। इसलिए नियमित रूप से व्यायाम करना शुरू करें। आप हमेशा धीमी शुरुआत कर सकते हैं। अपने व्यायाम के घंटों को धीरे-धीरे बढ़ाएं. डॉ कालरा ने कहा कि ट्रांस-फैट फूड्स खाने से बचना चाहिए।



DR. R.N. KALRA, MEDICAL DIRECTOR,







# पेट से त्वचा तक हर रोग से लड़ने में मददगार प्रियंगु

■ प्रियंगु का स्वाद तीखा, कड़वा और मधुर
■ त्वचा की रंगत निखारने, घाव को भरने, उल्टी, जलन, पित्तजन्य बुखार में प्रयोग

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। आयुर्वेद में अनेक वनस्पतियां अपने औषधीय गुणों के कारण जानी जाती हैं। इनमें प्रियंगु का नाम भी प्रमुखता से लिया जाता है, इसे हिन्दी में बिरमोली या धयिया कहा जाता है और यह पौष्टिक गुणों से भरपूर होता है। प्रियंगु में मौजूद औषधीय गुणों के कारण इसे विशेष रूप से पेट और त्वचा संबंधी समस्याओं के इलाज में उपयोग किया जाता है।

प्रियंगु का उल्लेख आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों जैसे चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, भावप्रकाश, धन्वंतरी निघण्टु आदि में देखने को मिलता है। इन ग्रंथों में प्रियंगु को विभिन्न कल्पों जैसे पेस्ट, काढ़ा, तेल, घी और आसव के रूप में प्रयोग किया गया है। वाग्भट्ट और सुश्रुत के ग्रंथों में भी इसे कई रोगों के उपचार में शामिल किया गया है। प्रियंगु पौधा भारत के अधिकांश क्षेत्रों, विशेषकर लगभग 1800 मीटर की ऊंचाई तक के पर्वतीय इलाकों में पाया जाता है। यह बहुउपयोगी वनस्पति न केवल परंपरागत चिकित्सा में स्थान रखती है बल्कि आधुनिक विज्ञान भी इसके औषधीय गुणों की पुष्टि कर रहा है। वर्तमान में प्रियंगु की चर्चा तीन प्रमुख वनस्पतियों- कैलिकार्पा मैक्रोफिला वाहल, एग्लैया रॉक्सबर्गियाना मिक और प्रूनस महालेब लिन के रूप में की जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम कैलिकारपा मैक्रोफिला वाहल है। अंग्रेजी में इसे सुगंधित चेरी या ब्यूटी बेरी कहा जाता है। भारत की विभिन्न भाषाओं में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। संस्कृत में इसे वनिता, प्रियंगु, लता, शुभा, सुमङ्गा के नाम से जाना जाता है। हिन्दी में बिरमोली, धयिया के नाम से, बंगाली में मथारा के नाम से, मराठी में गहुला के नाम से, तमिल में नललु के नाम से, मलयालम में चिमपोपिल के नाम से, गुजराती में घंऊला के नाम से और नेपाली में इसे दयालो के नाम से जाना जाता है।



प्रियंगु का स्वाद तीखा, कड़वा और मधुर होता है। यह स्वभाव से शीतल, लघु और रूखा होता है और वात-पित्त दोषों को संतुलित करने वाला होता है। यह त्वचा की रंगत निखारने, घाव को भरने, उल्टी, जलन, पित्तजन्य बुखार, रक्तदोष, रक्तातिसार, खुजली, मुंहासे, विष और प्यास जैसी समस्याओं में लाभकारी होता है। इसके बीज और जड़ आमाशय की क्रियाविधि को उत्तेजित करने में मदद करते हैं और मूत्र संबंधी विकारों में उपयोगी सिद्ध होते हैं।

दांतों की बीमारियों के इलाज में भी प्रियंगु का उपयोग अत्यंत लाभकारी है। प्रियंगु, त्रिफला और नागरमोथा को मिलाकर तैयार किए गए चूर्ण को दांतों पर रगड़ने से शीताद (मसूड़ों से जुड़ा रोग) में राहत मिलती है। खान-पान में असंतुलन के कारण होने वाले रक्तातिसार और पित्तातिसार में शल्लकी, तिनिश, सेमल, प्लक्ष छाल तथा प्रियंगु के चूर्ण को मधु और दूध के साथ सेवन करने से लाभ होता है। इसके अलावा प्रियंगु के फूल और फल का चूर्ण अजीर्ण, दस्त, पेट दर्द और पेचिश में भी कारगर होता है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 4.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.62 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.65 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.51 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.21 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.04 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.61 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.36 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.85 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 92,629 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,100 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# आरबीआई ने चार बैंकों पर लगाया 1.91 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक , बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

आरबीआई ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)', और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड – जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

इसी तरह से केन्द्रीय बैंक ने एक्सिस बैंक लिमिटेड पर 'आंतरिक/कार्यालय खातों के अनधिकृत संचालन' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 29.60 लाख रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

आरबीआई ने 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 31.80 लाख रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) और 51(1) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से प्राप्त कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए अल्पावधि ऋण हेतु ब्याज अनुदान योजना पर जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने पर 31.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

#### इन बैंकों पर लगाया जुर्माना

- ❖ आईसीआईसीआई बैंक - 97.80 लाख रुपए
- ❖ एक्सिस बैंक - 29.60 लाख रुपए
- ❖ बैंक ऑफ महाराष्ट्र - 31.80 लाख रुपए
- ❖ आईडीबीआई बैंक - 31.80 लाख रुपए

## आरबीआई पैनल ने कॉल मनी मार्केट का समय बढ़ाकर शाम 7 बजे करने का दिया सुझाव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेटअप एक वर्किंग ग्रुप ने कॉल मनी मार्केट के लिए ट्रेडिंग के घंटे बढ़ाने की सिफारिश की है। ग्रुप ने सुझाव दिया है कि ट्रेडिंग विंडो शाम 5 बजे तक ओपन रखने के बजाय 2 घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक ओपन रखनी चाहिए। इस कदम का उद्देश्य बैंकों को रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम की जरूरतों के अनुरूप अपने फंड को बेहतर ढंग से मैनेज करने में मदद करना है। हालांकि, ग्रुप ने सरकारी प्रतिभूतियों, ब्याज दर डेरिवेटिव या विदेशी मुद्रा बाजारों जैसे दूसरे वित्तीय बाजारों के लिए ट्रेडिंग के घंटों में कोई बदलाव करने का सुझाव नहीं दिया। वर्किंग ग्रुप की अध्यक्षता राधा श्याम राठो ने की, जो आरबीआई में कार्यकारी निदेशक हैं। आरबीआई ने इस साल फरवरी में अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान इस ग्रुप के गठन की घोषणा की थी। ग्रुप की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टैंडअलोन प्राइमरी डीलर्स (एसपीडी) ने कॉल मनी मार्केट में लंबे समय तक ट्रेडिंग के घंटे मांगे थे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि रद्द किए गए लेनदेन को मिलाकर रिपोर्टिंग विंडो का समय शाम 7.30 बजे तक बढ़ाना चाहिए। रिपोर्ट में पिछले दशक में ओवरनाइट मनी मार्केट में दर्ज शानदार वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है। 2014-15 और 2024-25 के बीच, इस बाजार में वार्षिक कारोबार 281.37 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 1,324.05 लाख करोड़ रुपए हो गया। इस बीच, दैनिक औसत कारोबार 1.17 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 5.52 लाख करोड़ रुपए हो गया। यह तेज वृद्धि मुख्य रूप से बाजार के कोलैटरलाइज्ड सेगमेंट में वृद्धि के कारण हुई।

## एसबीआई का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 9.93 प्रतिशत कम है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शनिवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 16.08 प्रतिशत अधिक है।

उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 42775 करोड़ रुपए रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपए की आय की तुलना में 2.69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपए रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपए की आय की तुलना में 4.43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किए गए 3294 करोड़ रुपए के प्रावधान की तुलना में 20.35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 9518 करोड़ रुपए के प्रावधान की तुलना में 51.49 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका सकल एनपीए 42 आधार अंक कम होकर 1.82 प्रतिशत पर आ गई और इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 10 आधार अंकों की कमी के साथ 0.47 प्रतिशत पर रही।

## जापान में 'एक्सपो 2025' भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का प्रमाण : गोयल

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि जापान में छह महीने तक चलने वाले एक्सपो 2025 में 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी अग्रणी पहलों के साथ-साथ एनर्जी, आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ और टूरिज्म सेक्टर की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है।




केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओसाका में एक्सपो में इंडिया पवेलियन-भारत देश की सांस्कृतिक समृद्धि और व्यावसायिक सफलताओं को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह स्थान भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति और पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश द्वारा उठाए गए बड़े और महत्वपूर्ण कदमों का एक शानदार प्रदर्शन है। पवेलियन का एक मुख्य आकर्षण चंद्रयान-3 का चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना और स्पेस टेक्नोलॉजी में भारत की प्रगति का प्रदर्शन रहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह एक्सपो भारत में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगा और दुनिया के भरोसेमंद भागीदार के रूप में हमारी भूमिका को और मजबूत करेगा। इस बीच, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस सप्ताह लंदन की अपनी यात्रा के दौरान अल्फा वेव ग्लोबल के सह-संस्थापक और भागीदार नवरोज डी. उदवाडिया से मुलाकात की।

## आईआईसीटी एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर को देगा बढ़ावा : वैष्णव

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शनिवार को औपचारिक रूप से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी) को लांच कर दिया। आईआईसीटी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रिएल्टी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर के लिए डेडिकेटेड एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने फिक्की और सीआईआई के सहयोग से वेव्स 2025 समिट में भारत के एवीजीसी-एक्सआर इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाते हुए आईआईसीटी को पेश किया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया और एंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडर बनने की भारत की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि आईआईसीटी अपने क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विकसित होने की राह पर है, ठीक उसी तरह जैसे आईआईटी और आईआईएम टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट एजुकेशन में मानक बन गए हैं।




केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईआईसीटी भारत में आईआईटी और आईआईएम के समान टेम्पलेट का पालन करेगा, ताकि एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर में पेशेवर बनने की आकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए यह खुद को एक विशाल विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्र में बदल सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने एक ऐसी पहल शुरू की है जो फिल्म और मनोरंजन की दुनिया में पूरी तरह से नई है। यह (पहल) हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का अनुसरण करती है कि भारत मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर में दुनिया में ग्लोबल लीडर बन सकता है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने उद्योग भागीदारों को धन्यवाद दिया।

> **आईआईसीटी अपने क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विकसित होने की राह पर है : अश्विनी वैष्णव**

### सार संक्षेप

## पाकिस्तान से आयात पर रोक का कैट ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है। संगठन ने कहा कि यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरुप है, बल्कि देश के व्यापारिक समुदाय और आम नागरिकों की भावना का भी सम्मान करता है, जो लंबे समय से आतंकवाद को समर्थन देने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

## सोने की कीमत 94 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे

**नई दिल्ली।** सोने के दाम 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे दर्ज किए गए। हालांकि, इससे पहले 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का भाव 93,393 रुपए पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के लेटेस्ट अपडेट के अनुसार, 24 कैरेट सोने का भाव 93,954 रुपए प्रति 10 ग्राम बना हुआ है। 10 ग्राम सोने की कीमत में पिछले दाम से 561 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, एक किलोग्राम चांदी की कीमत 94,125 रुपए अपडेट हुई है। इससे पहले चांदी की कीमत 94,200 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यानी चांदी की कीमत में 75 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। 2 मई को अपडेट किए गए रेट्स के अनुसार, 22 कैरेट सोने का भाव 86,062 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बना हुआ है। वहीं, 18 कैरेट सोने का भाव 70,466 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा।

## अमेजन बिजनेस ने ग्रेट समर सेल के दौरान की रोमांचक डील्स की घोषणा

**गुरुग्राम।** अमेजन बिजनेस ने अपनी चल रही ग्रेट समर सेल के दौरान देशभर के बिजनेस ग्राहकों के लिए बड़ी बचत का अवसर उपलब्ध कराने के लिए डील्स और ऑफर्स की घोषणा की है। डील में ग्रीनसोल, बोट, जेबीएल, डायकिन, बॉश, एचपी, सैमसंग और सिम्फनी जैसे टॉप ब्रांड्स की ओर से लैपटॉप, टैबलेट्स, हेडफोंस, एसी, कूलर्स, पंखे, ऑफिस फर्नीचर, किचन एप्लाएंसेस और इंडस्ट्रियल सप्लाई सहित 2 लाख से ज्यादा अनूठे उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। मित्ररंजन भादुड़ी, डायरेक्टर- अमेजन बिजनेस ने कहा, अमेजन बिजनेस ग्रेट समर सेल हमारे बिजनेस ग्राहकों के लिए जबरदस्त डील्स लेकर आया है, जो उनके खर्चों में बड़ी बचत करने में मदद करती हैं। अमेजन बिजनेस के रोजाना मिलने वाले फायदों जैसे उत्पादों का सबसे बड़ा चयन, खरीद को आसान बनाने के लिए टूल्स और एनालिटिक्स, थोक ऑर्डर पर डिस्काउंट और देशभर के सभी सर्विसेबल पिन कोड्स पर डिलीवरी के साथ मिलकर यह सेल हर आकार के बिजनेस को समझदारी से खरीदारी करने और अपने बज को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने का मौका देती है।

## मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं के लिए रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स को सेल्फ डिक्लेयर करना जरूरी : सरकार

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी दी कि मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स (आरआई) पर फ्रेमवर्क के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यह रिपोर्ट उन ग्राहकों की मदद के लिए पेश की गई है, जिन्हें उनके डिवाइस को लेकर रिपेयर के केस में परेशानी का सामना करना पड़ता है। पैनल ने उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

समिति की सिफारिशें इंडस्ट्री को बिना किसी भी बाधा के इनोवेशन और ईज-ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर बेस्ट ग्लोबल प्रैक्टिस के अनुरूप तैयार की गई हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि ऑरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) को फ्रेमवर्क में दिए गए स्टैंडर्ड स्कोरिंग क्राइटेरिया के आधार पर रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स को सेल्फ डिक्लेयर करना जरूरी है, जिसमें कोई अतिरिक्त अनुपालन बोझ नहीं है। इसके अलावा, समिति ने सिफारिश की कि रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स को पॉइंट ऑफ सेल/परचेज, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और पैकेज्ड प्रोडक्ट पर क्यूआर कोड के रूप में डिस्प्ले किया जाना चाहिए ताकि उपभोक्ता जानकारियों के साथ सही चुनाव कर सकें। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सितंबर 2024 में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स (आरआई) के फ्रेमवर्क को डेवलप करने के लिए अतिरिक्त सचिव भरत खेड़ा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की।



रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स का उद्देश्य एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना है, जहां उपभोक्ता प्रोडक्ट की खराब सर्विस से बच सकें और सही प्रोडक्ट का चुनाव कर सकें। विभाग ने कहा कि उपभोक्ताओं को आसान और परेशानी मुक्त रिपेयर विकल्पों के साथ सशक्त बनाकर, यह एक आत्मनिर्भर, सस्टेनेबल और कंज्यूमर-फ्रेंडली इकोनॉमी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि कर रहा है।

> ■ **उपभोक्ता प्रोडक्ट की खराब सर्विस से बचाने व सही प्रोडक्ट का चुनाव करना रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स का उद्देश्य**

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों के विश्लेषण से पता चलता है कि मोबाइल और टैबलेट प्रोडक्ट कैटेगरी में शिकायतों में तेजी से वृद्धि हुई है। जहां 2022-2023 में शिकायतों की संख्या 19,057 से बढ़कर 2023-2024 में 21,020 और 2024-2025 में 22,864 हो गई। इस विश्लेषण से उपभोक्ताओं की रिपेयर-पहुंच को सुधारने और उनके लिए रिपेयर-पोस्ट सेल सर्विस से जुड़ी जानकारियों की ट्रांसपेरेंसी की जरूरत समझी गई।

समिति ने विचार-विमर्श के आधार पर मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स के शुरुआती चरण में नोटिफिकेशन के लिए प्रोडक्ट कैटेगरी के रूप में स्मार्टफोन और टैबलेट को एक प्रोडक्ट कैटेगरी के रूप में पहचाना। समिति निर्माताओं, उद्योग संघों, उपभोक्ता वकालत समूहों और सरकार के प्रतिनिधियों सहित प्रासंगिक हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी।

## पहली तिमाही में स्मार्टफोन की वैश्विक बिक्री में तीन प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्मार्टफोन बाजार के राजस्व में साल 2025 की पहली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 364 डॉलर पर पहुंच गया।

काउंटरपॉइंट की मार्केट मॉनिटर सर्विस के हालिया रिसर्च में कहा गया है कि टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद, स्मार्टफोन बाजार ने अपनी गति बनाए रखी। मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने टैरिफ-संचालित संभावित चुनौतियों को कम करने के लिए चैनलों में रणनीतिक रूप से इन्वेंट्री का स्टॉक किया। वरिष्ठ विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा कि उत्पादन में रणनीतिक बदलावों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण वैश्विक स्मार्टफोन बाजार में मामूली विस्तार हुआ।

जैन ने कहा कि एप्पल और वीवो के अलावा, राजस्व में वृद्धि का मुख्य योगदान शीर्ष पांच से बाहर के ब्रांड जैसे गूगल, मोटोरोला और हुआवेई का रहा। यह दूसरे ब्रांड की हाई-वैल्यू मिक्स की पेशकश करने की क्षमता और मौजूदा प्रीमियमाइजेशन ट्रेंड में उनकी बढ़ती भूमिका का संकेत देता है।



> ■ **टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद, स्मार्टफोन बाजार ने अपनी गति बनाए रखी**

एप्पल के आईफोन के औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, ब्रांड का राजस्व अप्रभावित रहा। शीर्ष पांच ब्रांड में एप्पल की वृद्धि सबसे तेज रही, जो इसके शिपमेंट में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के कारण हुई। तिमाही के दौरान आईफोन 16ई के लॉन्च ने शिपमेंट वृद्धि को बल दिया, लेकिन एएसपी पर दबाव डाला।

## खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। **खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## भारत दुनिया के लिए एक बड़ा एग्जीबिशन व कॉन्फ्रेंस हब बनने को तैयार : शेखावत

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत दुनिया भर के देशों के लिए मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन (एमआईसीई) कैपिटल के रूप में उभरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि देश को एमआईसीई पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए सरकार के साथ-साथ प्राइवेट एग्जीबिशन इंडस्ट्री को मिलकर काम करना होगा।

देश में अत्याधुनिक एग्जीबिशन और कॉन्फ्रेंस कॉम्प्लेक्स के निर्माण के साथ भारत दुनिया की एमआईसीई पर्यटन राजधानी बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय प्रदर्शनी उद्योग संघ (आईईआईए) द्वारा आयोजित एक सेमिनार का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बैंगलोर, जयपुर और यहां तक कि जी20 सम्मेलन के बाद छोटे शहरों सहित पूरे देश में हम जो एग्जीबिशन और कॉन्फ्रेंस इंफ्रास्ट्रक्चर देख रहे हैं, वह दर्शाता है कि भारत इस क्षेत्र के लिए मजबूत संभावनाओं की दहलीज पर खड़ा है।



> **देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास ने एमआईसीई आयोजनों को लेकर भारत की क्षमता में योगदान दिया है : गजेंद्र सिंह शेखावत, पर्यटन मंत्री**

केंद्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि वैश्विक स्तर पर होने वाले कई कार्यक्रमों को कैलेंडर में रखा जा सकता है और उन्हें भारत में लाया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत एक गंतव्य स्थल होने के अलावा, सड़क, विमानन और रेलवे क्षेत्रों में योजनाबद्ध विस्तार के साथ-साथ कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन सेक्टर के विस्तार के साथ देश एक बड़ा एग्जीबिशन और कॉन्फ्रेंस हब भी बन रहा है, देश में आर्थिक विकास के लिए एक शानदार भविष्य है।


> ■ **भारत ने 2014 के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से किया विकास**

भारत ने 2014 के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से विकास किया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर विकास 1,50,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण, नए रेलवे स्टेशन, सेमी हाई-स्पीड ट्रेन, अंतर्देशीय जलमार्ग और 150 से अधिक चालू हवाई अड्डों के साथ देखा जा सकता है।

# खेल जगत

## प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है : फजल अत्राचली

**मुंबई।** ईरान के स्टार कबड्डी खिलाड़ी फजल अत्राचली ने प्रो कबड्डी लीग को अद्भुत बताते हुए कहा है कि इसने उनके जीवन को बदल डाला है। मुंबई के जियो वल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में हिस्सा लेने पहुंचे अत्राचली ने कहा कि इस समिट में भाग लेना वाकई रोमांचक है और साथ ही इससे खेलों को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। अत्राचली ने कहा कि प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह प्रोफेशनल खिलाड़ियों के साथ खेलें। प्रो कबड्डी एशियन चैंपियनशिप या वल्ड कप से ज्यादा प्रोफेशनल है। उनमें 10टीमें आती हैं जिनमें पांच टीमें अच्छी होती हैं लेकिन प्रो कबड्डी में हर टीम में सभी देशों के खिलाड़ी होते हैं और यह कहीं ज्यादा प्रोफेशनल है। उन्होंने कह कि प्रो कबड्डी से हम स्टार बन चुके हैं और इसने हमें पैसा दिया है।



# पंजाब अब लखनऊ को रिटर्न मैच में भी हरा एक पैर प्ले ऑफ में रखने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। निकोलस पूरन के चौथा अर्द्धशतक जमाने के बाद राह भटकने से लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) अपने पिछले चार में तीन हार कर आईपीएल 2025 में दस मैचों में पांच जीत व पांच हार के साथ दस अंकों के साथ अंक तालिका में अधर में छठे स्थान पर खिसक गई है।श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स अपने पिछले पांच मे मात्र एक हारी और एक बारिश के कारण धुला है और तीन मैच उसने जीते हैं। पंजाब किंग्स के दस मेचों छह जीत और एक बेनतीजा रहने तीन हार के साथ 13 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है। पंजाब किंग्स को अपने बाकी चार मैचों में शनिवार को लखनऊ सुपर जायंटस सहित,दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इडियंस सहित तीन अपने घर में खेलने है। पंजाब किंग्स को अपना अंतिम मैच प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी राजस्थान रॉयल्स से उसके घर में खेलना है। पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में स्थान पक्का करने के लिए अपने बाकी चार में तीन मैच जीतने जरूरी है। पंजाब किंग्स के पास हालांकि 15 अंकों के साथ भी प्ले ऑफ का मौका रहेगा लेकिन तब उसकी किस्मत उसके हाथ में नहीं बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर करेगी। हां यदि पंजाब किंग्स बाकी चारों मैच हारी तो 13 अंकों पर रही तो जरूर प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो जाएगी। लखनऊ सुपर जायंटस को उसके घर में आठ विकेट से हरा चुकी पंजाब किंग्स को अब धर्मशाला में अपने घर में उसे रिटर्न मैच में भी हरा सबसे पहले 11 मैचों से 15 अंकों के साथ प्ले ऑफ में एक पैर रखने के इरादे से शनिवार को उतरेगी। लखनउ सुपर जायंटस अपने पिछले मैच में जरूर पंजाब किंग्स से हारी है लेकिन उसने उससे अंतिम पांच में से तीन जीते हैं और इसी से प्रेरणा से ले वह जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लखनऊ सुपर जायंटस को अपने बाकी चार मैचो में शनिवार को पंजाब किग्स सहित अपने तीन शीर्ष चार में चल टीमों के खिलाफ खेलने है और उसकी प्ले ऑफ की राह खासी मुश्किल हो चली है। लखनऊ को पंजाब किंग्स से शनिवार को धर्मशाला और दूसरे स्थान पर चल रही गुजरात टाइटंस से उसके घर अहमदाबाद में खेलना है जबकि दो मैच अपने घर लखनऊ में आरसीबी और एसआरएच के खिलाफ खेलने हैं।



■ लखनऊ सुपर जायंटस की प्ले ऑफ की राह हुई मुश्किल

### किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद है : श्रेयस



जहां तक मेरी सीएसके के खिलाफ 72 रन की पारी है तो मैं कहूंगा कि मुझे किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद है। मुझे लगता है जब भी मेरे सामने बड़ा स्कोर होता है तो मुझे आनंद आता है और ऐसे में आपको आगे बढ़ कर तेजी से रन बनाने का मौका मिलता है जिससे की आपके बाद आने वाले बल्लेबाज खुल कर बल्लेबाजी कर सके। मैं वर्तमान में जीना चाहता हं और गेंद देख कर उस पर प्रहार करता हूं। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता मैं कहा खेल रहा हूं और मैं अपनी सोच से बल्लेबाजी करता हू कई बार यह कारगर रहीती है कई बार नहीं। मैं हाल ही में नई गेंद से तेज गेंदबाजों के खिलाफ नेट पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहा था। बल्लेबाजी से ज्यादा फील्डिंग मुश्किल थी क्योंकि मुझे खासी मशक्कत करनी पड़ी। जहां तक बड़े लक्ष्य का पीछा करने की बात है तो जब हमारे चीफ कोच रिकी पॉन्टिंग ब्रेक में मैउदान पर आए तो तो उन्होंनके कहा कि हमें अभी से तेज रन बनाने की जरूरत है और आखिर के ओवर पर छोड़ने की जरूरत रहीं क्योंकि सीएसके पास आखिर के ओवरों के बेहतरीन गेंदबाज है।

### मैं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की बाबत बहुत नहीं सोच रहा : पंत



हमने अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा किया और हम अपने गेंदबाजों को बढ़िया स्थितियों में गेंदबाजी का मौका देना चाहते थे पर लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ उसके घर में दिन हमारा नहीं था। मुंबई इंडियंस की टीम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेल रही हैऔर हम पर सवाल करने की बजाय आपको उसे जीत का श्रेय देना होगा। मैं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की बाबत बहुत नहीं सोच रहा। इस तरह सीजन में आप खुद पर सवाल उठाने लगते हैं और मैं यह नहीं चाहता। तेज गेंदबाज मयंक की टीम में वापसी से मैं खुश हूं। मयंक अपनी लय ना रहे है और उम्मीद है कि वह बराबर और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फाल्कन्स के आइकॉन खिलाड़ी बने

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। टी20 मुंबई लीग में इस साल पहली बार खेलने जा रही टीम सोबो मुंबई फाल्कन्स ने स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन खिलाड़ी घोषित किया है। श्रेयस अब उन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनमें सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, पृथ्वी शॉ, सरफराज खान, तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर पहले से शामिल हैं। श्रेयस अय्यर के आने से टीम को न सिर्फ अनुभव और मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि उनकी लीडरशिप टीम को मजबूत बनाएगी और खिताब जीतने की उम्मीद को बढ़ाएगी। उन्होंने भारतीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और अब सोबो मुंबई फाल्कन्स के लिए भी अहम भूमिका निभाएंगे। टीम के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा कि श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल करना हमारे लिए गर्व की बात है। उनका शांत स्वभाव, लीडरशिप और खेल की समझ उन्हें आइकॉन खिलाड़ी के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है। हमारी कोशिश है ऐसी टीम बनाना जो न सिर्फ टैलेंटेड हो, बल्कि लीग में खिताब जीतने के लिए भी तैयार हो। टीम के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा क श्रेयस अय्यर एक महान खिलाड़ी हैं। उनकी मौजूदगी टीम को प्रेरित करेगी और युवा खिलाड़ियों को सही दिशा देगी। यह टीम के लिए बहुत बड़ा पल है। टीम प्रिंसिपल विक्रांत येलिगेटी ने कह कि यस के आने से टीम की सोच और खेलने का तरीका मजबूत होगा। वे खिलाड़ियों को जोड़कर टीम में एक अच्छा माहौल बनाएंगे। हेड कोच ओमकार साल्वी ने कहा कि श्रेयस अय्यर का अनुभव और युवा खिलाड़ियों को गाइड करने की क्षमता हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगी।

## किरण जाधव ने पुरुषों की एयर राइफल का खिताब जीता

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। मौजूदा 3पी राष्ट्रीय चैंपियन और भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल (केएसएसएम) शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीतकर अपने शानदार

**केएसएसएम शूटिंग चैम्पियनशिप**

फॉर्म को जारी रखा। नेवी शूटर, जो अगले महीने विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे, ने 24 शॉट में 251.5 का स्कोर बनाया और सेना के दो निशानेबाजों विवेक शर्मा और विशाल सिंह से आगे निकल गए। विवेक ने किरण से 1.4 अंक पीछे रहकर रजत पदक जीता, जबकि विशाल ने कांस्य पदक जीता, विवेक ने शूट-ऑफ में हार का सामना किया, दोनों ने 22 शॉट के बाद 230.1 अंक बनाए थे। महाराष्ट्र ने जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता जब पार्थ राकेश माने ने आखिरी शॉट में आंध्र प्रदेश के उमा महेश मद्दीनेनी को पछाड़ दिया और रोमांचक फाइनल में 0.1 के सबसे कम अंतर से जीत हासिल की। उमा महेश 24वें और अंतिम शॉट में 0.3 से आगे थे, लेकिन 10.0 पर्याप्त नहीं था, क्योंकि पार्थ ने 10.4 का स्कोर करके जीत हासिल की। कर्नाटक के नारायण सुरेश ने कांस्य पदक जीता। अभिनव शॉ ने चैंपियनशिप में चौथा स्वर्ण जीता, पुरुषों की एयर राइफल युवा स्पर्धा में उन्होंने फाइनल में 252.2 का स्कोर किया, जो पार्थ से 0.5 आगे था, जिससे उन्हें उस दिन दोहरा पदक जीतने से रोक दिया गया। तमिलनाडु के गुरु सबरी ने कांस्य (230.3) जीता। इससे पहले, 17 वर्षीय अभिनव शॉ ने ओलंपिक स्पर्धा में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों स्वर्ण पदक जीते। संयोग से, पश्चिम बंगाल के राइफल शूटर, जो राष्ट्रीय स्तर पर अब तक के सबसे कम उम्र के पदक विजेता हैं, मिश्रित टीम स्पर्धा में जूनियर विश्व चैंपियन भी हैं। सीनियर फाइनल में, अभिनव ने विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मेहुली घोष के साथ जोड़ी बनाई और दोनों ने रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया। एलावेनिल वलारिवन और स्मित रमेशभाई मोराडिया ने गुजरात के लिए कांस्य पदक जीता। जूनियर वर्ग के स्वर्ण मैच में, स्वाति चौधरी के साथ मिलकर महाराष्ट्र की शंभवी और पार्थ राकेश माने को कड़े मुकाबले में 16-12 से हराया। अभिनव अग्रवाल और गौतमी भनोट ने मध्य प्रदेश (एमपी) के लिए कांस्य पदक जीता, जिससे गौतमी को दिन का पहला पदक मिला।



■ नेवी शूटर, जो अगले महीने विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे

## शुभमन बनाते हैं कोह्ली के स्टाइल में लगातार रन : जडेजा

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि शुभमन गिल जिस तरह से लगातार रन बना रहे हैं, वह विराट कोहली की बल्लेबाजी शैली की याद दिलाता है। जडेजा ने कहा कि गिल के पास कमाल की बल्लेबाजी कला है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान गिल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 76 रन की शानदार पारी खेली, जिससे टीम ने 224/6 रन बनाए। इस पारी की बदौलत जीटी ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 38 रन से हरा दिया और अंक तालिका में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मुंबई इंडियंस (एमआई) के भी इतने ही अंक हैं। गिल अब तक 10 मैचों में 465 रन बना चुके हैं और आईपीएल 2025 के सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। इस सूची में पहले नंबर पर उनके ही ओपनिंग साथी साई सुदर्शन हैं। जडेजा ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि शुभमन गिल की बल्लेबाजी अब सामान्य लगने लगी है क्योंकि वह इतनी निरंतरता से रन बनाते हैं। हमारे पास विराट कोहली हैं, लेकिन गिल भी किसी से कम नहीं हैं। अगर आप निरंतरता की बात करें तो यह एक जैसी है। वह बिना जोखिम लिए गेंदबाज की गलती का इंतजार करते हैं। जब तक जरूरत न हो, वह अपना विकेट नहीं फेंकते। तकनीक के मामले में गिल शानदार हैं। गिल ने ऑफ साइड में शानदार कवर ड्राइव लगाए। गिल के शॉट्स में उनकी बल्लेबाजी का एक नया अंदाज था। वह हमेशा की तरह मजबूत दिखे जडेजा ने आगे बताया कि गुजरात की शानदार फील्डिंग ने भी हैदराबाद को दबाव में डाला।



## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अंततः ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। भारत के लिए नवनीत कौर (35%) और लालरेमसियामी (59%) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2%), जेड स्मिथ (36%) और ग्रेटा हेस (42%) के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे मिनट में ही सफलता मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और सेट-पीस खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मुकाबले में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ाया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेमसियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर की अगुआई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम ने अब तक दो बार ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के साथ खेला है, और जोशीले प्रदर्शन के बावजूद, उन्हें पर्थ में मेजबान टीम से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के खिलाफ मैच से पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ भी दो दोस्ताना मैच खेले, लेकिन दृढ़ निश्चयी प्रदर्शन के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर पाई। अगले साल होने वाले विश्व कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पर नजर रखते हुए भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे पर नए संयोजन और रणनीतियां आजमा रही है।



■ पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की।

## वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ कार्रवाई न करे बीसीसीआई : आईएसी

**पुणे,** 3 मई (एजेंसियां)। इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने शनिवार को बीसीसीआई से क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ निराधार शिकायत के आधार पर कोई कार्रवाई न करने का अनुरोध किया। यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि महज 14 साल की उम्र में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए रिकॉर्ड बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी को विवाद में घसीटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि वैभव ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेलते हुए 35 गेंदों में शतक बनाया था। बाद में दावा किया गया कि इतनी कम उम्र का क्रिकेटर 90-90 मीटर का छक्का नहीं मार सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आयु वर्ग क्रिकेट में आयु परीक्षण में वैभव को अनुपयुक्त नहीं पाया गया। पाटिल ने कहा कि बीसीसीआई वर्तमान में उम्र धोखाधड़ी को रोकने के लिए टीडब्ल्यू3 तकनीक का उपयोग करता है। इस तकनीक में खिलाड़ी की हड्डियों की परिपक्वता की जांच करने के लिए बाएं हाथ और कलाई का एक्स-रे किया जाता है।

## सार संक्षेप

### कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में


**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रुड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रुड ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा। क्ले पर रुड का यह 18वां फाइनल होगा, नोवाक जोकोविच एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जो क्ले पर सबसे अधिक बार फाइनल तक पहुंचे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रेड डर्ट पर 11 खिताब जीते हैं और उनकी सबसे हालिया सफलता मई 2024 में जिनेवा ओपन में आई है।

### ब्रिटेन के जोश केर ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत

**फ्लोरिडा।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई। पेरिस 2024 ओलंपिक में रजत जीतने वाले केर ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारेड नुगुसे और ओलंपिक चैंपियन कोल होकर से आगे रहने के लिए तीन मिनट 34.51 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की छोटी दूरी के दावेदार शनिवार को 800 मीटर से अधिक की दौड़ भी लगाएंगे, ताकि इसके लिए स्लैम विजेता का निर्धारण किया जा सके और उन्हे एक लाख डॉलर की राशि प्राप्त हो। दो बार के ओलंपिक 100 मीटर पदक विजेता फ्रेड केर्ली ने मियामी में भाग नहीं लिया। उन्हें शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम ट्रैक जिसकी संकल्पना चार बार के ओलंपिक चैंपियन माइकल जॉनसन ने तैयार की थी।

## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिये संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आये हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है। इस बीच उन्होने एक आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी) खेला है। पूर्व खिलाड़ी ने आशंका जताते हुये कहा कि उन्होंने बहुत सारे मैच खेले हैं। अगर वह अभी भी अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है। हम सभी मान रहे हैं कि ऐसा ही है, तो आगे क्या होगा, इस बारे में एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। मौजूदा आईपीएल सीज़न में अपने नौ मैचों में, शमी ने केवल छह विकेट लिए हैं, जिनका औसत 56.16 और इकॉनमी रेट 11.23 रहा है। शमी की खराब फॉर्म का भारत पर असर को लेकर चोपड़ा ने कहा कि हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे, और अगर शमी होते तो चीजें कितनी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इंग्लैंड में शमी होंगे और किस तरह के शमी होंगे।



■ भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी

## ओवरआल टीम प्रयास से गुजरात को मिली है सफलता : राशिद

अहमदाबाद, 3 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटन्स के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा है कि ओवरआल टीम प्रयास ही इस सत्र में गुजरात की सफलता के पीछे का कारण है।

गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को शुक्रवार को 38 रन से हराकर अपनी सातवीं जीत हासिल की और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। गुजरात प्लेऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर पहुंच गया है।

आईपीएल 2025 में टीम की सफलता की कुंजी क्या है, यह पूछे जाने पर राशिद खान ने से कहा कि मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक टीम प्रयास है। आशीष भाई से शुरू करते हैं कि वह टीम का प्रबंधन कैसे करते हैं। फिर कप्तान शुभमन गिल, वह अंदर (मैदान पर) कैसे प्रबंधन करते हैं। और फिर, वह कैसे आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं, यह कुछ ऐसा है जो एक खिलाड़ी के रूप में हमारे लिए एक उदाहरण स्थापित करता है कि कप्तान आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। और यह कुछ ऐसा है जो इसे बहुत आसान बनाता है।

## हैदराबाद के लिए प्लेऑफ में जाने का रास्ता बहुत मुश्किल : रायडू

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने दावा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ का रास्ता कठिन होने वाला है। क्योंकि, हैदराबाद को जीटी के खिलाफ एक अहम मुकाबले में शुक्रवार को 38 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल की उपविजेता टीम इस सीजन में अब तक 10 मैचों में केवल तीन मैच ही जीत पाई है। अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उनके प्लेऑफ की संभावनाएं लगभग खत्म होने की कगार पर है। वे इस सीजन में अपनी टीम में संतुलन बनाने में विफल रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की हार का विश्लेषण करते हुए रायडू ने कहा कि गुजरात ने हैदराबाद के सामने 224 रनों का स्कोर किया। मैच की हार-जीत का यह एक बड़ा अंतर साबित हुआ। जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने 38 गेंदों पर 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रनों की पारी खेली, जबकि जोस बटलर ने 37 गेंदों पर चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रनों की पारी खेली। हालांकि, हैदराबाद के बल्लेबाज जब लक्ष्य का पीछा करने उतरने तो अभिषेक शर्मा ने 41 गेंदों में छह छक्कों और चार चौकों की मदद से 74 रन बनाए। लेकिन, शर्मा को छोड़कर कोई अन्य बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं कर सका। जबकि अन्य बल्लेबाज मोहम्मद सिराज (2-33) और प्रसिद्ध कृष्णा (2-19) की शानदार गेंदबाजी में लड़खड़ा गए।



■ पिछले साल की उपविजेता टीम इस सीजन में अब तक 10 मैचों में केवल तीन मैच ही जीत पाई है।

## नेमार को 2026 विश्व कप तक अपने साथ बनाए रखना चाहता है सैंटोस



हम तकनीकी रूप से यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि नेमार की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी को किस तरह बदला जाए कि वह अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं और अगले साल के वर्ल्ड कप तक टीम में बने रहें : मार्सेलो टक्सेइरा

**रियो डी जेनेरियो,** 3 मई (एजेंसियां)। सैंटोस क्लब नेमार का कॉन्ट्रैक्ट अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाना चाहता है, भले ही नेमार इस समय चोटों से जूझ रहे हों। सैंटोस के प्रेसिडेंट मार्सेलो टक्सेइरा ने इसकी जानकारी दी। नेमार ने इस साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस में वापसी की थी। वह यूरोप और सऊदी अरब में खेल चुके हैं। उन्होंने छह महीने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। मार्सेलो टक्सेइरा ने कहा कि हम तकनीकी रूप से यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि नेमार की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी को किस तरह बदला जाए कि वह अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं और अगले साल के वर्ल्ड कप तक टीम में बने रहें। नेमार पिछले साल अक्टूबर में घुटने की गंभीर चोट से वापसी के बाद से पैर की मांसपेशियों की कई समस्याओं से परेशान हैं। उन्होंने सैंटोस के लिए अब तक सिर्फ 9 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 3 गोल किए और 3 असिस्ट दिए हैं। टक्सेइरा ने कहा कि जब हमने नेमार को वापस लिया, हमें पता था कि वह एक गंभीर चोट से उबर रहे हैं। इसलिए हमने अपनी पूरी टीम और जरूरी व्यवस्था उनके लिए उपलब्ध कराई ताकि वह पूरी तरह ठीक हो सकें। नेमार यहां खुश हैं, यह उनका घर है। फिलहाल सैंटोस क्लब ब्राजील की सीरी ए लीग में 20 टीमों में 19वें स्थान पर है। उसने छह मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल किए हैं। हाल ही में क्लब ने ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व सहायक कोच क्लेबर जेवियर को नया कोच नियुक्त किया है। उन्होंने पेड्रो कैक्सीन्हा की जगह ली है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 2- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | I+0.867 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.199 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 10 | 4 | 5 | 9 | +0.271 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.780 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.192 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 2 | 8 | 4 | -1.211 |